दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
ललितपुर ■ मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-144 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

जीवन में उतार और चढ़ाव की व्यवस्था ही हमें एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है।

# श्रीराम की नगरी में मंदिरों के निर्माण में गुणवत्ता सर्वोपरि

- मंदिर प्रबंधन बोला-शीघ्र ही भक्तों को दिखेगा सुखद परिणाम
- शिव मंदिर व अन्य निर्माणाधीन अन्य मंदिरों की तस्वीर जारी

**प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को विशेष आयोजन की तैयारी**

## निर्माण की देखरेख में लगे दायित्वधारी श्रम और ऊर्जा के साथ जुटे

- बीमार हुए रामलला के दर्शनार्थी तो तत्काल मिलेगा उपचार
- मरीजों को एक्सरे, ईसीजी व अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के विराजमान होने को वर्ष भर का समय पूर्णता की ओर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह पूर्वक मनाने की योजना तैयार की है। इसी के अनुसार मंदिर निर्माण के शेष कार्य में तेजी आई है।

परकोटे में निर्माणाधीन शिव मंदिर, सूर्य मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, गणेश मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर और हनुमान मंदिर में से कुछ का स्पष्ट स्वरूप उभर आया है। शेष में निर्माण कार्य तेजी पर है। यही स्थिति मंदिर के शिखर निर्माण की है। निर्माण की प्रगति स्पष्ट परिलक्षित होने लगी है। निर्माण कार्य की देखरेख में लगे दायित्वधारी श्रम और ऊर्जा के साथ जुटे हैं। वे कहते हैं कि समय का दबाव तो है ही लेकिन गुणवत्ता का ध्यान सर्वोपरि है। शीघ्र ही सुखद परिणाम दिखाई देगा। मंदिरों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

इसी तरह राम मंदिर के शिखर का निर्माण भी तेज गति से किया जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस वर्ष भी 22 जनवरी को विशेष आयोजन की तैयारी है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र समय-समय पर परिसर का निरीक्षण कर निर्माण की गति को देखते रहते हैं। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में कई भव्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या को हिंदू धर्म की प्रमुख नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। बीती 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी। वो छवियां आज भी लोगों के मन में अंकित हैं।

### खुल रहा आधुनिक चिकित्सा केंद्र

इधर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामलला के दर्शनार्थियों के लिए निरंतर सुविधाएं विकसित कर रहा है। रामलला के दर्शनार्थी अगर राम जन्मभूमि परिसर में बीमार हुए तो उन्हें तत्काल इलाज मिलेगा। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से युक्त अस्पताल जल्द ही खुलने जा रहा है। यह अस्पताल अपोलो संस्थान की ओर से खोला जाएगा। अपोलो के विशेषज्ञ चिकित्सक यहां सेवाएं देंगे। इसीजी, एक्स-रे से लेकर अल्ट्रासाउंड तक की सुविधा यहां मिल सकेगी।

### अपोलो संस्थान से हुआ अनुबंध

श्रीराम जन्मभूमि परिसर में स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र को इमरजेंसी अस्पताल में तब्दील करने का फैसला श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने लिया है। यह अस्पताल अपोलो संस्थान की ओर से खोला जाएगा जिसके लिए तीर्थ क्षेत्र से पहले ही अनुबंध हो चुका है। तीर्थ क्षेत्र ने इस अनुबंध के साथ पीएफसी के ग्राउंड फ्लोर पर छह हजार वर्ग फिट स्थान खाली कराकर संस्था के सुपुर्द कर दिया था, लेकिन मानक से कम जगह के कारण अस्पताल की शुरुआत अब तक नहीं हो सकी। इसके कारण बोर्ड आफ ट्रस्टीज ने तीन हजार वर्ग मीटर यानि करीब साढ़े दस हजार वर्ग फिट जमीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।

### बीमार भक्तों को प्राथमिक उपचार

मंदिर में रोजाना 80 हजार से एक लाख दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं। पर्व व त्यौहारों पर यह संख्या बढ़ जाती है। आम दर्शनार्थियों को सुग्रीव किला के राम जन्मभूमि पथ से प्रवेश मिलता है। आने-जाने में दर्शनार्थियों में को 1600 मीटर पैदल चलना पड़ता है। कभी-कभी दर्शनार्थी बीमार हो जाते हैं। गर्मी में आए दिन श्रद्धालु गश खाकर गिरते थे। ऐसी स्थिति में उन्हें एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल पहुंचाना पड़ता था। अब राम जन्मभूमि परिसर में ही स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में ही दर्शनार्थियों को प्राथमिक उपचार मिल सकेगा।

# सावधान! यूपी में 15 फीसदी बढ़ेंगी बिजली दरें...भारी घाटा

**एआरआर का मसौदा नियामक आयोग में दाखिल कर दिया**



### खासः प्रस्ताव में दक्षिणांचल-पूर्वांचल को अलग नहीं किया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

पावर कॉर्पोरेशन ने बिजली निगमों की ओर से 30 नवंबर की शाम वर्ष 2025-26 का वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का मसौदा नियामक आयोग में दाखिल कर दिया है। इसमें करीब 12800 से 13 हजार करोड़ का गैप (घाटा) दिखाया गया है। आयोग ने इस मसौदे को स्वीकृति दी तो प्रदेश में बिजली दरें 15 फीसदी बढ़ सकती हैं। विद्युत निगमों की ओर से पेश किए गए मसौदे में वार्षिक राजस्व आवश्यकता यानी बिजली दर का मसौदा करीब एक लाख 16 हजार करोड़ रुपया दिखाया गया है। इसमें 12 हजार 800 करोड़ का गैप दिखाते हुए आयोग से इसकी भरपाई की गुहार लगाई गई है। वर्ष 2025 -26 के लिए 16 हजार करोड़ यूनिट बिजली की आवश्यकता बताई गई है। कुल बिजली खरीद की लागत 92 हजार से लेकर 95 हजार करोड़ के बीच है। बिजली कंपनियों की तरफ से आरडीएसएस की वितरण हानियां 13.25 प्रतिशत को ही आधार माना गया है। सभी विद्युत निगमों में वर्ष 2025 -26 के लिए आकलित कुल घाटा 12800 से 13000 करोड़ के बीच बताया गया है। प्रस्ताव की घाटे की भरपाई विद्युत नियामक आयोग पर छोड़ दिया गया है। ऐसे में नियामक आयोग इस घाटे को पूरा कराने का फैसला लेता है तो बिजली दर में करीब 15 से 20 फीसदी बढ़ोतरी हो सकती है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव में दक्षिणांचल एवं पूर्वांचल को अलग नहीं किया गया है।

### निगमों को नहीं किया अलगः वर्मा

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया है कि दाखिल किए गए एआरआर में निगमों पर उपभोक्ताओं का बकाया चल रहे 33122 करोड़ के एवज में बिजली दर में कमी का कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। इसी तरह दक्षिणांचल एवं पूर्वांचल को भी अलग नहीं किया है। उपभोक्ता परिषद ने ऐलान किया कि कार्पोरेशन की ओर से गुपचुप प्रस्ताव दाखिल करने के मामले में नियामक आयोग में विरोध प्रस्ताव दाखिल किया जाएगा और आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। घाटा उपभोक्ताओं पर थोप कर निजी घरानों को उपकृत करने के प्रयास को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अकाल तख्त ने सुखबीर बादल को सुनाई सजा

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में सोमवार को अकाल तख्त साहिब ने डेरा सच्चा सौदा सिरसा के प्रमुख राम रहीम को माफी और बेअदबी के मामले में सुखबीर सिंह बादल को सजा सुनाई है। सुखबीर बादल को एक घंटा बाथरूम साफ करना होगा। फिर लंगर घर में जाकर जूठे बर्तन धोने होंगे। उन्हें इसके बाद कीर्तन सुनना होगा। साथ ही श्री सुखमणि साहिब का पाठ करना होगा।

### यूपीएससी कोचिंग पढ़ाने वाले ओझा आप में शामिल

**नई दिल्ली।** सिर पर गमछा बांधकर यूपीएससी की कोचिंग पढ़ाने वाले ओझा सर ने आप जॉइन कर ली है। केजरीवाल और सीनियर पार्टी लीडर मनीष सिसोदिया ने अवध ओझा को पार्टी में शामिल किया। ओझा सर ने कहा कि शिक्षा वो दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा।

### दिल्ली में अभी प्रदूषण पर पाबंदियां कम नहीं होंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर लगी पाबंदियां अभी जारी रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इसे 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया। बेंच ने कहा कि अगले तीन दिनों में एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में गिरावट देखने के बाद ही ग्रेप-4 पाबंदियों में ढील दी जाएगी।

### पुतिन को मिला मोदी का न्योता, जल्द आएंगे भारत

**मॉस्को।** पीएम मोदी का भारत दौरे के लिए भेजा न्योता रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मिल गया है। पुतिन की भारत आने की तारीख 2025 के शुरुआती दिनों की होंगी। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि संभावित तारीखों की जानकारी में दे दी जाएगी। यूरी ने कहा कि पुतिन और मोदी ने एक समझौता किया है कि वह साल में एक बार मुलाकात जरूर करेंगे। इस बार पुतिन के भारत दौरे पर आने की बारी है।

# सीता-रूपाणी की मौजूदगी में चुना जाएगा महाराष्ट्र का सीएम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए पर्यवेक्षकों के नाम का एलान कर दिया है। पार्टी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में यह घोषणा की गई। इनकी मौजूदगी में ही पार्टी विधायक दल के नेता का चयन होगा। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह ही महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री होगा। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जो भी विधायक दल का नेता चुना जाएगा, उनका राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनना तय हो जाएगा। हालांकि, इसे लेकर भाजपा ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन माना जा रहा है कि इस दौड़ में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सबसे आगे हैं।

# खींचतान के बीच भाजपा पर्यवेक्षकों के नाम का एलान

### कल विधायक दल की बैठक

भाजपा ने घोषणा की है कि नई महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर की शाम दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और पीएम नरेंद्र मोदी इसमें शामिल होंगे। चार दिसंबर को पार्टी विधायक दल की बैठक हो सकती है।

# मध्यप्रदेश-राजस्थान के 20 जिलों में पारा 10 डिग्री से कम

- ग्वालियर-चंबल, उज्जैन में शीतलहर का अनुमान
- मध्य प्रदेश में फेंगल तूफान का असर, होगी बारिश
- राजस्थान के माउंट आबू में पारा 7.2 दर्ज किया गया

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ नई दिल्ली

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कई जिलों में ठंड बढ़ गई है। मध्यप्रदेश के 10, राजस्थान के 8, उत्तर प्रदेश के 2, छत्तीसगढ़ के 2 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। कश्मीर के मारवाह, किश्तवाड़ और बादवान में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। केंद्रीय मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में हिमाचल के किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और चंबा में बर्फबारी ह्यहो सकती है। इधर, दक्षिण भारत में कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में फेंगल तूफान के असर के चलते आज भी भारी बारिश हो रही है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ने बताया कि 24 साल बाद दिसंबर की शुरुआत ऐसी कड़ाके की ठंड से हुई है। 3-4 दिसंबर को बारिश और कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो सकता है।

### कश्मीर के किश्तवाड़ में सीजन की पहली बर्फबारी

# आईपीएस हर्षवर्धन की पोस्टिंग से पहले मौत

- मप्र से एएसपी का चार्ज लेने जा रहे थे कर्नाटक
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक जताया

सत्ता सुधार ■ सिंगरौली

मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में पदस्थ एक एसडीएम के आईपीएस बेटे हर्षवर्धन सिंह की रविवार देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। एसडीएम अखिलेश सिंह के बेटे का प्रशिक्षण हाल ही में पूरा हुआ था। उनकी पहली पोस्टिंग कर्नाटक के हासन में हुई थी, जहां ज्वाइनिंग के लिए ही वो कार से जा रहे थे, लेकिन रास्ते में कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सिंगरौली एसडीएम हासन भी मौके पर पहुंच गए। हर्षवर्धन सिंह का यूपीएससी के माध्यम से आईपीएस के लिए चयन हुआ था। वे 2023 बैच के आईपीएस रहे। हाल ही में उनकी चार सप्ताह की ट्रेनिंग पूरी हुई थी।

**इनका कहना है**

आईपीएस हर्ष बर्धन सिंह का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन का समाचार अत्यंत ही दुखद है। भारतीय पुलिस सेवा के एक युवा अफसर का इस तरह चले जाना निश्चित ही राष्ट्र के लिए क्षति है। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

-मोहन यादव, सीएम

# इंडिया गठबंधन की बैठक से ममता की टीएमसी का किनारा

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार पांचवें दिन भी हंगामा हुआ। विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्ष ने वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए। लोकसभा में सिर्फ 14 मिनट और राज्यसभा में 15 मिनट ही कार्यवाही चली। इससे पहले चार दिनों के अंदर चार बैठकों में दोनों सदनों में कुल 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी थी। बैठक से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इसमें लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। हालांकि टीएमसी सांसद नहीं आए।

**पीएम 13-14 दिसंबर को दोनों सदनों को संबोधित करेंगे**

# मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों संग देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

### विक्रांत ने एक्टिंग से संन्यास लेने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** विक्रांत मैसी अभिनीत द साबरमती रिपोर्ट हाल ही में संसद सभागार में प्रदर्शित की गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों सहित दिग्गज हस्तियों ने भाग लिया। इस दौरान अभिनेता मैसी भी मौजूद थे। फिल्म की स्क्रीनिंग शाम 4 बजे संसद परिसर की लाइब्रेरी में हुई। बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी ने 2 दिसंबर की सुबह एक्टिंग से ब्रेक लेने की घोषणा की। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए दी।

**खिलाफत** प्रदर्शनकारी किसान ने कहा- हमारी समस्या का समाधान दिल्ली से निकलेगा

# किसानों का दिल्ली कूच, फिर समझौता, राजधानी में महाजाम

- किसानों ने धरना जारी रखा, नई दिल्ली में सुरक्षा चाक-चौबंद
- उत्तर प्रदेश के किसान एक हफ्ते तक दिल्ली मार्च नहीं करेंगे

एजेंसी ■ नई दिल्ली



**नोएडा में अफसरों के साथ हुई बैठक, दोपहर में पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी**

उत्तर प्रदेश के किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को दिल्ली कूच कर दिया। दिल्ली बॉर्डर पर सुरक्षाबलों की भारी तैनाती की गई थी। डीएनडी फ्लाईवे और चिल्ला बॉर्डर पर यातायात बाधित हुआ। रूट डायवर्जन और पुलिस चेकिंग के कारण सेक्टर 15ए से दिल्ली और कालिंदी कुंज से दिल्ली जाने वाले मार्गों पर लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को सुबह से ही भीषण जाम का सामना करना पड़ा। किसानों के आंदोलन के कारण नोएडा सेक्टर 15ए से चिल्ला बॉर्डर की ओर जाने वाले ट्रैफिक में भारी जाम की स्थिति रही।

ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है और चिल्ला रेड लाइट को सिग्नल फ्री कर दिया गया है। हालांकि यूपी के किसान दिल्ली कूच एक हफ्ते तक नहीं करेंगे। यह फैसला देर शाम किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही शुरू हो गई है।

**किसानों की प्रमुख मांग**

- किसानों का दावा है कि 10 प्रतिशत आबादी को भूखंड मिलना चाहिए।
- भूमि अधिग्रहण के तहत 64.7 प्रतिशत अधिक मुआवजा दिया जाए।
- भूमि अधिग्रहण कानून के तहत बाजार दर का चार गुना मुआवजा मिले।
- किसानों और उनके बच्चों को 20 फीसदी प्लॉट,रोजगार के अवसर मिले।
- भूमिधर और भूमिहीनों के बच्चों को पुनर्वास, आबादियों का निस्तारण हो।

# अगले महीने होगा 26 राफेल मरीन का सौदा

**पुरी।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि फ्रांस के साथ नेवी वैरिएंट वाले 26 राफेल-रू (मरीन) की डील फाइनल होने वाली है। इसके साथ ही 3 स्कॉर्पीन सबमरीन की डील पर भी बातचीत लास्ट स्टेज में है। जनवरी 2025 तक डील पक्की होने की संभावना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले 10 सालों में भारतीय नौसेना में 96 जहाज और पनडुब्बियां शामिल की जाएंगी। 62 जहाज और एक सबमरीन अभी अंडर कंस्ट्रक्शन हैं। दिसंबर 2025 तक हर महीने एक जहाज नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-रूजेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी।

- नौसेना प्रमुख बोले-62 जहाज भी बन रहे,
- 10 साल में 96 जहाज-सबमरीन भी शामिल होंगे

# भाजपा के मंडल और जिला इकाइयों में भी बढ़ेगी महिलाओं की हिस्सेदारी

## प्रदेश में मंडलों का पुनर्गठन करेगी पार्टी, बढ़ जाएंगे 200 मंडल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) संगठन ने बूथ स्तरीय समितियों के गठन में 33 फीसदी महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है और अब संगठन की मंडल और जिला इकाइयों में भी इसी तरह की हिस्सेदारी देने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य में बीजेपी संगठन के चुनाव की प्रक्रिया जारी है। यहां 65 हजार से ज्यादा बूथ हैं। राज्य की सभी बूथ इकाइयों का गठन हो चुका है और उनका डिजिटलाइजेशन रिकॉर्ड भी बना है। इन समितियों में महिलाओं को 33 फीसदी हिस्सेदारी दी गई है। आगामी दिनों में मंडल और जिला इकाइयों का गठन किया जाना है। इसके लिए संगठन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है और 31 दिसंबर तक इसे पूरा किया जाना है।

राज्य इकाई के संगठन महामंत्री हितानंद का कहना है कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है और हमारा ध्यान भी मंडल और जिला समितियों के गठन में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने पर है। राज्य की 100 फीसदी बूथ समितियों का गठन हो चुका है और उनका डिजिटलाइजेशन कर लिया

गया है। अब मंडल और जिला समितियों का गठन तय समय सीमा पर करने की तैयारी है। पिछले दिनों पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। इसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन पर जोर दिया गया था। साथ ही कहा गया था कि नियुक्तियां नेताओं के कहने पर नहीं हों, बल्कि आपसी सामंजस्य से की जाएं। नियुक्तियों में विधायकों और सांसदों की सहमति पर भी जोर दिया गया। राज्य में बीजेपी मंडलों का पुनर्गठन करने जा रही है। इससे 200 मंडल बढ़ जाएंगे। वर्तमान में राज्य में मंडलों की संख्या 1099 है, जो अब बढ़कर 1299 हो जाएगी। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि बीजेपी राज्य में आधी आबादी पर पूरी पकड़ बनाना चाहती है। उसने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और विधानसभा चुनाव में इसका पार्टी को लाभ भी मिला। आने वाले समय में यह वर्ग उससे दूर न जाए, इसकी तैयारी अब संगठन के जरिए हो रही है।

# मप्र का ग्लोबल स्किल पार्क एशिया का एक मात्र विश्वस्तरीय संस्थान : अग्रवाल

■ मप्र और उप्र में कौशल विकास के समन्वित होंगे प्रयास : मंत्री टेटवाल

■ यूपी के विद्यार्थियों एवं फेकल्टी को प्रशिक्षण के लिए भेजेंगे जीएसपी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्किल इंडिया के तहत युवाओं को कौशल की आधुनिक तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर के सहयोग से एशिया के एकमात्र विश्वस्तरीय संत शिरोमणी रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण किया गया। यहां वैश्विक मानकों के अनुरूप एडवांस्ड तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में नवाचारों एवं एडवांस्ड ट्रेड्स की जानकारी लेने उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल के साथ संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

यूपी के मंत्री अग्रवाल ने कहा कि यह संस्थान एशिया में अपनी तरह का एकमात्र विश्वस्तरीय केंद्र है, जो युवाओं को वैश्विक मानकों के अनुसार कौशल प्रशिक्षण देकर उनके जीवन को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को प्रशिक्षण लेने के लिये नियमित

रूप से जीएसपी में भेजा जायेगा। उन्होंने जीएसपी की एडमिशन प्रक्रिया एवं फीस की जानकारी भी ली। यूपी मंत्री श्री अग्रवाल ने आईटीआई गोविंदपुरा का भी भ्रमण किया। उन्होंने मंत्री श्री टेटवाल एवं जीएसपी स्टाफ को जनवरी में प्रयागराज होने वाले कुंभ के लिये भी आमंत्रित किया।

मप्र के मंत्री टेटवाल एवं यूपी के मंत्री अग्रवाल ने जीएसपी की विश्वस्तरीय प्रयोगशालाओं, क्लास रूम्स, ऑडिटोरियम सहित पूरे संस्थान का भ्रमण किया। मंत्रीद्वय ने क्लास रूम में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षण पद्धतियों और अनुभवों को साझा किया। मंत्रीद्वय ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिये प्रेरित किया। मंत्री अग्रवाल जीएसपी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उप्र के विद्यार्थियों से मिले और सबके साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया।

मंत्रीद्वय ने इस बात पर बल दिया कि ग्लोबल स्किल पार्क तक विद्यार्थियों को लाने के लिये प्रयासों को और सशक्त बनाना होगा। साथ ही इंडस्ट्री के विभिन्न सेक्टर्स की मांग के अनुरूप तय समय-सीमा में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने की जरूरत पर बल दिया। विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के साथ ही प्लेसमेंट के बाद भी नियमित फॉलो-अप और पोस्ट-प्लेसमेंट निगरानी को संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल करने के निर्देश दिए।

मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह संस्थान युवाओं के कौशल विकास के साथ-साथ उनके सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने पीएम मोदी एवं सीएम डॉ. मोहन यादव का आभार माना। उन्होंने इसे एक ऐसा प्लेटफॉर्म बताया जो तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बीच सेतु बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग ही है कि जब मैं अयोध्या गया था उसी दिन उत्तरप्रदेश के कौशल विकास मंत्री अग्रवाल का भी आना हुआ। तभी मैंने मंत्री अग्रवाल से जीएसपी के भ्रमण के लिए आग्रह किया था। उन्होंने मेरे आग्रह को सहर्ष स्वीकार किया और वे अपनी टीम के साथ यहां आए।

मप्र और यूपी के कौशल विकास मंत्रियों के बीच हुई यह बैठक मध्य और उत्तर भारत के बीच कौशल विकास में साझेदारी की एक नई शुरुआत है। दोनों राज्यों के मंत्रियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि मिलकर युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण किया जाएगा। विद्यार्थियों में जोश और भविष्य के लिए उम्मीदों के साथ, यह दिन कौशल विकास के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा।

सचिव आर. रघुराज ने बताया कि यह संस्थान इंडस्ट्री की मांग के अनुसार विभिन्न एडवांस्ड ट्रेड्स में प्रशिक्षण दे रहा है। साथ ही विभिन्न इंडस्ट्री के प्रशिक्षक भी यहां आकर एडवांस्ड ट्रेड्स का प्रशिक्षण लेते हैं। कई उत्कृष्ट औद्योगिक संस्थान जीएसपी के पार्टनर के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। बैठक में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, प्रशिक्षण एवं रोजगार निदेशालय की निदेशक नेहा प्रकाश, प्रशिक्षण एवं रोजगार निदेशालय के अपर निदेशक मनपाल सिंह साथ ही मध्यप्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार के अपर सचिव एवं डीटीईएसडीई परियोजना निदेशक गिरीश शर्मा, एमपीएसडीपी सीईओ, एमपीएसएस-डीईजीबी, सीईओ, एसएसआर जीएसपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## जन्म दिन की बधाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के संसद भवन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

## जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे: मंत्री शाह

**भोपाल।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने सोमवार को मंत्रालय में

जनजातीय कार्य विभाग कीसंचालित योजनाओं और गतिविधियों की गहन समीक्षा की। मंत्री डॉ. शाह ने विभागीय योजनाओं के डिलेवरी सिस्टम को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जनजातीय विकासखंड में जनजातीय संस्कृति संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजातीय संस्कृति संरक्षण केंद्र में प्रदेश के सभी जनजातियों की देशज संस्कृति, पारम्परिक रहन-सहन, भाषा-बोली,खान-पान, आचार-विचार, पहनावा, लोकगीत और लोकनृत्य की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस केन्द्र के जरिये शोधकर्ताओं को जनजातीय समुदाय के अतीत में हुए क्रमिक विकास से जुड़ी साहित्य सामग्री और आवश्यक होने पर प्रशिक्षण आदि भी दिया जा सकेगा।

राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद-नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी

# सिन्धी शिक्षा को बढ़ाने के साथ ही जरूरी है सिन्धी साहित्य का अध्ययन: सबनानी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

किसी भी भाषा मे शिक्षा की महत्ता तब अधिक हो जाती है जब उस भाषा के प्राचीन साहित्य का भी उसमें समुचित समावेश हो। यह बात दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी ने मध्यप्रदेश सिन्धी साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद-नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

मध्यप्रदेश में सिंधी शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विषय पर आधारित इस संगोष्ठी का आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के सभागार में बीते रोज किया गया। सबनानी ने कहा कि किसी भी भाषा व बोली का सीधा संबंध उस भाषा के साहित्य से होता है, हमें यदि सिन्धी भाषा की शिक्षा को बढ़ावा देना है तो 712 ईस्वी से पूर्व के सिन्धी इतिहास पर गम्भीरता से ध्यान देना होगा क्योंकि उस काल का सिन्धी साहित्य क्या था,यह हम सभी की जानकारी में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य के लिए शासन की ओर से भरपूर सहयोग मिलेगा और इसकी चिंता मैं स्वयं करूंगा।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद-नई दिल्ली के निदेशक डॉ.रविप्रकाश टेकचंदानी ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत मातृभाषाओं के संबंध में विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि आज समय आ चुका है कि हम सिन्धी भाषा की महत्ता को पुर्नस्थापित करें क्योंकि नई शिक्षा नीति इस संबंध में बहुत सहायक है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति अंतर्गत अन्य भाषाओं के साथ ही सिन्धी भाषा के माध्यम से भी रोज़गार के विभिन्न अवसर प्राप्त हो सकते हैं लेकिन इसके लिए हम सभी को नई शिक्षा नीति का अध्ययन करना होगा तभी हम इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न विषयों की पुस्तकों का सिन्धी में अनुवाद हो ऐसी एआईसीटीई की मंशा भी है और आवश्यकता भी लगभग 1500 से अधिक पुस्तकें सिन्धी में अनुवादित की जाना है।

## बिल्डरों को रजिस्ट्री का अधिकार देने जा रही सरकार

**भोपाल।** राज्य सरकार अब रेरा में पंजीकृत बिल्डरों को भी सब रजिस्ट्रार का अधिकार देने जा रही है। इससे वह अपने प्रोजेक्ट में संपत्ति की रजिस्ट्री खुद कर सकेंगे। राज्य सरकार शुरुआत में मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड और भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के एक-एक अधिकारी को सब रजिस्ट्रार के अधिकार देगी। इसका प्रस्ताव तैयार है। मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही यह नई व्यवस्था प्रदेशभर में लागू हो जाएगी। इसके तहत हाउसिंग बोर्ड या विकास प्राधिकरण के किसी अधिकारी को सब रजिस्ट्रार का प्रभार दिया जाएगा। यह अधिकारी प्रदेश में हाउसिंग बोर्ड या विकास प्राधिकरण के प्रोजेक्ट में संपत्ति की रजिस्ट्री कर सकेगा। इस नई व्यवस्था से बड़ा फायदा यही होगा कि संपत्ति खरीदने वाले व्यक्ति को रजिस्ट्रार दफ्तर नहीं जाना होगा। वह हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में बनाए गए सब रजिस्ट्रार के माध्यम से भी रजिस्ट्री करवा सकेगा। हाउसिंग बोर्ड, बीडीए सहित रेरा में पंजीकृत बिल्डर को सब रजिस्ट्रार का अधिकार देने से वे अपने प्रोजेक्ट में संपत्ति की एक साथ रजिस्ट्री करवा सकेंगे।

## राष्ट्रगान: मंत्रालय में हुआ वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान

**भोपाल।** दिसम्बर माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम और राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदेमातरम गायन में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, मनु श्रीवास्तव, सचिव अनिल सुचारी सहित सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## एमपी ट्रांसको को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला राजभाषा सम्मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा सम्मान शील्ड से पुरस्कृत किया गया है। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक को यह शील्ड कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी एवं दीक्षित के द्वारा सौपीं गई। यह शील्ड कन्याकुमारी में राजभाषा प्रबंध विकास संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित हुए हिंदी राजभाषा सम्मेलन में प्रदान की गई है। इस सम्मेलन में भारत की सभी नवरत्न कंपनियों सहित केंद्रीय एवं देश की विभिन्न प्रादेशिक स्तर के शासकीय उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से इस सम्मेलन में अधीक्षण अभियंता राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधित्व किया। दीक्षित की उत्कृष्ट प्रस्तुति तथा प्रभावशाली व्याख्यान के कारण मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को यह प्रतिष्ठित और गौरवशाली शील्ड प्राप्त हो सकी। उन्होंने अपने व्याख्यान से सम्मेलन को अवगत कराया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का कार्य क्षेत्र पॉवर सेक्टर में अत्यंत तकनीकी स्वरूप का है ,इसके बावजूद कैसे कंपनी देश की राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी है।

# इस महीने के अंत में हो सकता है मोहन कैबिनेट का विस्तार

## वन मंत्री बनने भोपाल से दिल्ली तक नेताओं के बीच लॉबिंग तेज

सत्ता सुधार ■ भोपाल

विजयपुर उपचुनाव में वन मंत्री रामनिवास रावत की हार और उनके इस्तीफे के बाद वन विभाग को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। वन मंत्रालय की अहमियत के चलते भोपाल से दिल्ली तक नेताओं के बीच लॉबिंग तेज हो गई है। जानकारों का कहना है कि अब कैबिनेट विस्तार दिसंबर के आखिर या जनवरी में ही होने की संभावना है। सीएम डॉ. मोहन यादव के इस पर निर्णय लेने की बात कही जा रही है। वन विभाग पहले मंत्री नागर सिंह चौहान के पास था। उनसे ही यह विभाग लेकर रामनिवास रावत को सौंपा गया था।

अब नागर दोबारा वन मंत्री बनना चाह रहे हैं। वह कई जगह पर मीडिया को कह चुके हैं कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि मैं वन मंत्री बनूं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संगठन जो जिम्मेदारी देगा, उसे निभाऊंगा। सूत्रों के मुताबिक दिसंबर के आखिर या जनवरी में मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर सकते हैं। इसके अलावा निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों पर भी फैसला होने की संभावना है। अमरवाड़ा से भाजपा के टिकट पर उपचुनाव जीतकर आए कमलेश शाह भी मंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं। चुनाव के दौरान भाजपा नेतृत्व ने उन्हें आश्वासन दिया था, इसके चलते शाह अपनी दावेदारी को लेकर सक्रिय हैं। वन विभाग को प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण विभाग माना जाता है, क्योंकि इसमें वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरणीय मंजूरी जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं।

### मंत्री बनने कई लगा रहे जोर

वन विभाग के दावेदार नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकातों का सिलसिला जारी है। मंत्री नागर सिंह चौहान, विजय शाह समेत अन्य मंत्री और विधायकों के दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने की चर्चा है। इसके अलावा मंत्री राकेश शुक्ला, गौतम टेटवाल, कृष्णा गौर के नाम की भी चर्चा है। वहीं, वरिष्ठ विधायक में गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह और संजय पाठक भी मंत्री बनने के लिए जोर लगा रहे हैं।

**राजनीति** प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष की संयुक्त पत्रकार वार्ता, जीतू पटवारी बोले-

# सरकार ने जो वचन दिया वे पूरे करें, सदन तक जनता की आवाज उठाएंगे

■ 16 को कांग्रेस कमेटी करेगी प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में पिछले एक साल में भाजपा की सरकार ने जनता से किए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। म.प्र. में हर दिन कर्ज़ बढ़ता जा रहा है, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं और सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। जनहित की लड़ाई में इन सब मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी 16 दिसंबर को प्रदेशव्यापी विधानसभा का घेराव करने जा रही है। उक्त बातें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने मध्य प्रदेश की भयावह होती आर्थिक स्थिति पर भाजपा सरकार से श्वेत पत्र लाने की मांग भी की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्राईम, कर्ज और करप्शन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज में करप्शन की कोई सीमा नहीं है। करप्शन की धुरी ऊपर से लेकर नीचे तक जाती है। जो वल्लभ भवन से प्रारंभ होकर छोटे कर्मचारी तक करप्शन की धुरी बनी हुई है। पटवारी ने कहा कि भाजपा ने एक साल पहले जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ, अन्य जनहितैषी योजनाओं को लेकर जो संकल्प पत्र जारी किया था वह प्रदेश सरकार पूरी तरह से भूल गई है। संकल्प पत्र के विपरीत भाजपा ने प्रदेश के हर वर्ग को धोखा दिया है। महिलाओं को 3000 देने की बात हो, किसानों को गेहूं और धान के 2700 और 3100 रू. देने की बात हो, युवाओं को रोजगार देने की बात हो या पत्रकार साथियों को 60 साल की आयु के बाद 20 हजार रूपये पेंशन देने की बात हो भाजपा ने सभी के साथ धोखा किया है। भाजपा को अपने संकल्प पत्र के वादे याद दिलाने के लिए कांग्रेस 16 दिसम्बर को प्रदेशव्यापी महामार्च निकालकर विधानसभा का घेराव करेगी और सरकार को मजबूर किया जायेगा कि जनता से जो वादे किये उसे वह पूरा करे। जिसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं और इसके लिए जिला और ब्लाक स्तर पर बैठकें आयोजित होगी और घेराव कार्यक्रम के लिए रणनीति बनेगी।

इस अवसर पर मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री जी को उनके लोग ही बेनकाब करने में लगे हैं। वे जिस नाव में बैठे हैं उसमें छेद हो चुका है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि मध्य प्रदेश से गुजरात में शराब कौन भेज रहा है? किसान खाद के लिए परेशान हैं महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, आदिवासी और दलितों को परेशान किया जा रहा है, जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार है और गांव में लोगों के पास पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। सरकार ने अपना कोई भी वादा जो अपने संकल्प पत्र में किया था वो नहीं निभाया है इसलिए सड़क से लेकर सदन तक हम जनता की आवाज़ उठाएंगे है इसी कड़ी में आगामी 16 दिसंबर को कांग्रेस विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

### श्वेत पत्र जारी करे सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सरकार के एक साल पूरे होने को है। इस मौके पर जहां सरकार अपनी तमाम उपलब्धियां गिना रही है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष के नेता नाकामियां उजागर कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने हमला बोला है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार को विधानसभा में प्रदेश के आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। सिंघार ने कहा कि सरकार की नाव में खुद सरकार के लोग एक दिन छेद करेंगे। उन्होंने कहा पिछले मुख्यमंत्री को सड़क पसंद, मौजूद मुख्यमंत्री को डायनासोर के अंडे पसंद हैं, लेकिन कोई विकास की बात नहीं करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### सफाई कर्मी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

**ललितपुर।** सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत मुहल्ला रैदासपुरा पठापुरा में एक सफाई कर्मचारी का शव घर के कमरे में साड़ी से फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों ने मृतक के प्रेम प्रसंग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं और इसे आत्महत्या का कारण बताया है। मृतक के परिजनों के अनुसार 21 वर्षीय अजय का एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले लड़की के परिवारवालों ने अजय की दीवाली पर घर बुलाकर उसकी मारपीट की थी और फिर 21 नवंबर को भी मोहल्ले में मारपीट की घटना हुई थी। इसी के बाद से अजय मानसिक तनाव में था और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रैदासपुरा पठापुरा निवासी अजय नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता था। रविवार रात को वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह, जब उसकी बहन उसे ड्यूटी पर जाने के लिए जगाने आई, तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो अजय छत के कुंदे से साड़ी से लटका हुआ था।

### झा समाज की बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** हाई-वे स्थित एक प्रतिष्ठान पर झां समाज द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ और प्रसाद वितरण किया गया। तदोपरान्त समाज की आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा समाज के संगठन एवं समाज के विकास के सम्बन्ध में जोर दिया। कहा गया कि समाज के कुछ लोगों द्वारा चुनाव की प्रक्रिया चलायी जा रही थी, जिसे समाज द्वारा रोक दिया गया। विचार किया कि समाज का चुनाव बिना जिला स्तरीय बैठक के कोई समिति का गठन न किया जाए। इस दौरान लखनलाल झा, महेन्द्र झा, डा. हरिदास झा, रामरतन झा, डा.हरिश्चन्द्र, प्रागीलाल, अवेश झा, रामनरेश झा.,ओमप्रकाश, नरेन्द्र, विनोद, राहुल बाबा के अलावा अन्य सजातीय बंधु मौजूद रहे।

### राखपंचमपुर श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर भण्डारा हुआ सम्पन्न

**ललितपुर।** राखपंचमपुर में स्थित श्रीश्री 1008 श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर राखपंचमपुर लेखपाल ब्रजकिशोर गुप्ता व देवेन्द्र राय की पं.सुशील कुमार शुक्ला ने व पं.रवि कौशिक ने बड़े ही विधि विधान व मन्त्रोंच्चार के बीच सभी श्रद्धालुओं को भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाई व श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर पूजा अर्चना कर हवन पूजन का भी कार्यक्रम सम्पन्न कराया। भगवान की गाजे बाजे के साथ भव्य आरती की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को भगवान सत्यनारायण की कथा का प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर लगभग दो बजे से श्रीश्री 1008 श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर भव्य भण्डारे का कार्यक्रम शुरू किया गया। भण्डारे के आयोजन का कार्यक्रम श्रीश्री 1008 श्रीसिद्ध बाबा मन्दिर समिति द्वारा किया गया जिसमें सर्व प्रथम कन्याओं को श्रीसिद्ध बाबा का प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल, मची चीख-पुकार

# नेशनल हाई-वे पर बेकाबू ट्रक ने बस को मारी टक्कर

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

सोमवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित औद्योगिक आस्थान चन्देरा के सामने बने कट से बस को मोड़ते समय तेज गति से भाग रहे ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बस सवार करीब तीन दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गयीं। घटना होते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गयी। सूचना मिलने के बाद क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय व उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला, तो वहीं स्थानीय पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो सवारियों की हालत गंभीर बतायी जा रही है, जिन्हें तत्काल झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है।

राय बस सर्विस की बस संख्या यू.पी.93 सी.टी. 9055 सुबह 6.30 बजे ललितपुर बस स्टेण्ड से करीब 40 सवारियां लेकर टीकमगढ़ होते हुये मऊरानीपुर के लिए निकली थी। यह बस पुराना शाही रोड से हाई-वे पर पहुंच कर सागर की ओर जाने वाले मार्ग पर पहुंचने के लिए मुड़ रही थी।

इसी बीच तेज गति से भाग रहे ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस एक तरफ से पलट गयी और बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गयी। बस के चालक मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत थाना जतारा के ग्राम हरपुरा निवासी रमेश प्रजापति के अलावा करीब 34 सवारियां गंभीर रूप से

सीओ सिटी व एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर किया मुआयना

घायल हो गयीं। इस दुर्घटना में ललितपुर के मोहल्ला खिरकापुरा निवासी सुनील पुत्र एराज कुशवाहा (30), महरौनी निवासी मुकेश पुत्र रौशन (45), सिविल लाइन ललितपुर निवासी अभिषेक कटारे पुत्र जगदीश नारायण कटारे (30), झांसी के चाणक्यपुरम निवासी पंकज जैन पुत्र बाबूलाल (51), महरौनी निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र बसोरे (55), रायबरेली जनपद की ऊंचाहार निवासी उपमा श्रीवास्तव पत्नी राकेश कुमार (49), इटावा जनपद निवासी संजीव पुत्र जगदीश प्रसाद (44), महरौनी के टेनगा निवासी राजाराम पुत्र धनीराम (25), चौकी दिगवार निवासी ज्ञानबाई पत्नी शिवराज (50), महरौनी के ग्राम दिगवार निवासी सोना पत्नी मुकुन्द (45), महरौनी के कोरवास निवासी श्रीमती सुगर पत्नी कमतू (60), कोरवास निवासी ममता पत्नी रामदास (40), ग्राम गुढ़ा-बुजुर्ग निवासी रजनी पत्नी बलराम (30), टेनगा गांव निवासी हरकुंवर पत्नी रमेश (56), झांसी के पठौरिया निवासी पंकज जैन पुत्र बाबूलाल, सतवांसा मड़ावरा निवासी प्रकाश पुत्र पजन लाल, मैनपुरी जिले के कस्बा निवासी सतेन्द्र पुत्र रामभरोसे (32), ललितपुर के आजादपुरा निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र हुकुमचंद्र (58), जिला छतरपुर के थाना बमरौल ग्राम दलीपुर टपरियन निवासी नन्दू पाल पुत्र धन्नू पाल (48), दलीपुर निवासी भागवती पत्नी नन्दू पाल (34) के अलावा अन्य लोग घायल बताये गये हैं। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल घायलों का उपचार शुरू कर दिया। कई लोगों को अंधरूनी चोटें आयीं हैं, जिनकी जांच अस्पताल में की जा रही है।

# बुन्देली वॉरियर्स ने पॉवर हिटर को दी शिकस्त

# विरौरा सुपर राइजिंग ने हैमर जिम को हराया

### प्लेयर ऑफ द मैच वेद तिवारी व देव कुशवाहा बने

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

आईपीएल की तर्ज पर निशी क्रिकेट एकेडमी द्वारा स्व.पं.महेश तिवारी मसौरा की स्मृति में द विस्टेरिया गोल्ड कप अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरे दिन दो मैच मैच जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम खेला गये। पहला मैच हैमर जिम और विरौरा सुपर राइजिंग व दूसरा मैच वीर बुन्देली वॉरियर्स और पॉवर हिटर 94 के बीच खेला गया। पहला मैच विरौरा सुपर राइजिंग ने नौ विकेट से हैमर जिम को हराकर लीग मैच में बढ़त हांसिल कर ली है। वहीं दूसरा मैच में बुन्देली वॉरियर्स ने पॉवर हिटर करारी शिकस्त दी। पहले मैच में विरौरा सुपर राइजिंग की टीम से बल्लेबाजी करते हुए वेद तिवारी ने 33 गेंद में 51 रन बनाये, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। वही दूसरे मैच में देव कुशवाहा ने 35 बाल में 52 रन जड़ कर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। आज मैच में अतिथि रोहित जैन प्रधान सिरसी, डी.के.बाबा सिरसी, राजीव जैन

राजू, के.के.साहू, अशोक टोनी, शत्रुघ्न यादव, बृजबिहारी मिश्रा, विकास जैन, कज्जी राजा, बॉबी राजा मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का खूब उत्साहवर्धन किया। टॉस जीतकर हैमर जिम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाये जिसमें दिशांत कुमार धुआंधार बल्लेबाजी करते मात्र 54 बाल में शानदार 90 रन बनाकर नॉट आउट रहे। योगेश राज ने 16 रन संस्कार चौबे ने 11 रन बनाये अभिसार जैन ने आठ रन दिव्यांश यादव ने मात्र एक रन ही बना सके। कार्तिक जोशी ने तीन रन, वैभव जयसबाल और रिहान खान बिना कोई रन बनाये पवेलियन वापिस लौट गये। इस तरह अतिरिक्त रनों के हैमर जिम टीम 153 रन तक पहुँच गई। विरौरा सुपर राइजिंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए वरुण ने 3 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये। विकास कंजर, दीपांशु जांगड़ा, अंकुश कंजर ने एक एक विकेट लिये। विरौरा सुपर किंग की ओर से बल्लेबाजी करते हुए वेद तिवारी ने 51, पवन रैकवार 42 रन, विजय कुमार ने रन, अंकुश कंजर 13, आदिश जैन 5 रन, शौर्य सिंह दो रन बनाये। इस तरह 14.4 ओवर में विरौरा सुपर किंग ने 154 रन बनाकर 6 विकेट से लीग मैच जीत लिया। वही दूसरा मैच में पॉवर हिटर 94 के कप्तान अभिनन्दन दीक्षित ने क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। वीर बुन्देली ठुद्द पहले बल्लेबाजी करते हुए 19. 2 ओवर में 166 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। देव कुशवाहा ने 35 बाल में 52 रन जड़े योगेश पाठक ने 29 रन बनाये। मोनिश ने 22 रन, उत्कर्ष बुंदेला ने 10 रन, अर्जुन शर्मा ने 3 रन, मयंक लोधी 2 रन, बाकी चार बल्लेबाज बिना खाता खोलें पवेलियन वापिस लौट आये। अतिरक्त रनों कि संख्या 46 होने कि वजह से 166 रन स्कोर पहुँच गया। पॉवर हिटर 94 कि ओर से गेंदबाजी करते हुए आर्यन खरे, रिहान मंसूरी बिनायक पाठक ने अपनी टीम के लिये दो -दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पॉवर हिटर की टीम 7 विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 98 रन ही बना सके जिससे 68 रन से बुन्देली वॉरियर्स ने लीग मैच जीत लिया। निर्णायक भूमिका में अभिनव तोमर व आदित्य सेंगर रहे। स्कोरिंग का भार सिद्धार्थ जैन ने सम्भाला। मैच का आँखों देखा हाल प्रतीक श्रीवास्तव व विभांशु तिवारी ने सयुंक्त रूप से सुनाया। आयोजन कमेटी में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद नसीम, पवन परमार, रामप्रताप सिंह, रत्नेश दीक्षित, विजय निरंजन, धर्मेंद्र गोस्वामी, विवेक कौशिक के आलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंगलवार का पहला मैच वीर बुन्देली वॉरियर्स और बरदेही सुपर किंग व दूसरा देव स्पोर्ट्स और मनगुवां वॉरियर्स के बीच खेला जयेगा।

#### यह हैं टीम ऑनर

मनगुवां वॉरियर्स से राजकुमार कौशिक, बुन्देलखण्ड वॉरियर्स से पीएस परमार, वीर बुन्देली वॉरियर्स से अरविन्द राजा, पॉवर हिटर 94 से कुमार नुना, विरौरा सुपर राइजिंग से अजय राजा, हैमर जिम राइडर्स से नितिन पुरोहित, देव स्पोर्ट्स से रामेश्वर सेन, बारदेही सुपर किंग से पुष्पेंद्र राजा शामिल हैं।

## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक प्रशांति विद्या मंदिर गांधीनगर पुरानी सूचना केंद्र के पास गन्धर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित समिति के पदाधिकारीयो एवं सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने-अपने सुझाव रखे गए। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिनमें ललितपुर नगर के मोहल्लों मे हुए अतिक्रमण पर प्रशासन ध्यान दें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर ना तो वहां पर एंबुलेंस आ सकती है, ना ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच सकती है। इस बिंदु पर पर विस्तार से विचार किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को पुराने नगर पालिका का हाल बैठक मनोरंजन कार्यक्रमों को प्रदान किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा रेलवे की सुविधा पुनः लागू की जाएं, नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, स्वास्थ्य हेतु वरिष्ठ नागरिकों को डॉक्टर एवं दवा का अलग काउंटर बनाकर दबाए उपलब्ध कराई जाए, लावारिस जानवरों की समस्याओं से वरिष्ठ जनों को सुरक्षित किया जाए। ध्यान आकर्षण प्रस्ताव एक तिथि पर दिसंबर में निर्धारित कर प्रशासन से मिलने की सहमति बनी। पोस्ट ऑफिस एवं बैंक में वरिष्ठजनों को बैठने की अलग से व्यवस्था की जाए एवं पैसे निकासी आदि में सुरक्षा दी जावे। प्रशांति विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित बैठक में सामुदायिक रेडियो ललित लोकवाणी 90.4 एफएम ललितपुर द्वारा हमारे बुजुर्ग हमारा अभियान के अंतर्गत बुजुर्गों की समस्याओं को सुना गया एवं उनका प्रसारण रेडियो एफएम पर किया गया। संचालन महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रताप नारायण दीक्षित, अनिल कुमार रावत, कैलाश चंद्र, जगदीश पाराशर, अशोक स्वर्णकार, गंधर्व सिंह, आत्माराम रिछारिया, रमेश पाठक रविंद्र, अजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी आदि सभी उपस्थित रहे।

# यू.पी. जर्नलिस्टस एसोसिएशन सदर तहसील का हुआ गठन

### ललितपुर तहसील संरक्षक बने कन्हैया लाल विश्वकर्मा

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

नगर मुख्यालय अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। संगठन की बैठक शिखरचंद्र जैन की अध्यक्षता एवं सुरेश प्रकाश कोंते व सुरेंद्र पस्तोर के मुख्य आतिथ्य में आयोजन की गई। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

बैठक में सभी ने अपना परिचय देते हुए संगठन को एक मजबूत और सक्रिय सदस्यों को संगठन मैं शामिल करने का निर्णय लिया। यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कहा कि उपजा एक राष्ट्रीय संगठन है, जिसकी समस्त प्रदेश और जिलों में इकाइयां गठित है। जिला में

यह संगठन एक विशाल वट वृक्ष की तरह मजबूत और सक्रिय संगठन होगा जो पत्रकारों के हित की हमेशा लड़ाई लड़ता रहेगा। इसी क्रम में सुरेश प्रकाश कोंते ने पत्रकारों को संगठित रहने की बात कही। इसी क्रम में सुरेंद्र पस्तोर ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीडन् नहीं सहा जाएगा। पत्रकारों पर आई विपत्ति का सामना हम सब संगठित रहकर करेंगे। अजय तोमर ने ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार साथियों से जुडने का आह्वान किया। वही शिखर चंद्र जैन ने पत्रकारों के मान सम्मान की बात कही उपजा संगठन में हम सभी पत्रकारों को जुडना चाहिए। ललितपुर तहसील इकाई के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें सर्वसम्मति से ललितपुर तहसील संरक्षक कन्हैयालाल विश्वकर्मा, अध्यक्ष धर्मसिंह कुशवाहा, महामंत्री पद पर चंदन अहिरवार, उपाध्यक्ष पद पर सुधीर मिश्रा, मंत्री पद पर द्वारका प्रसाद रैकवार का चयन किया गया। जिला कार्यकारिणी सहित समस्त पत्रकारों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सदस्यता अभियान के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**ललितपुर।** सदगुरु कबीर आश्रम कंचन धाम पर कबीर सैनिक सेवार्थी संघ के सदस्यता अभियान का शुभारंभ हुआ एवं संविधान दिवस मनाया गया। सदगुरु कबीर साहेब आश्रम कंचनधाम ट्रस्ट अध्यक्ष डा.खेमचंद्र वर्मा द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।

उसके बाद 26 नवम्बर के उपलक्ष्य में भारतरत्न बाबा साहब डा.आंबेडकर के चित्र पर मल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष ने युवाओं से समाज से जुड़े रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी अजय कुमार वर्मा ने कहा कि समाज सेवा का कार्य बहुत विस्तृत है और इस क्षेत्र में लगातार काम करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि नव चेतना विस्तार ट्रस्ट के जिला संयोजक दिनेशचंद्र ने कहा कि हमें अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय समाज के लिए निकालना चाहिए।

# विरासत व पैमाइश कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

दादाजी की विरासत एवं अपने आराजी की पैमाइश कराने के लिए लेखपाल पर युवक ने अवैध सुविधा शुल्क लेने का गंभीर आरोप लगाया है। इसी प्रकरण से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल भी हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि जुलाई माह में विरासत व पैमाइश के नाम पर दिये गये रुपये वापस मांगने पर लेखपाल ने उसकी आराजी को विवादित करते हुये दूसरी पार्टी को कब्जा करा दिया और जान से मारने की धमकी देते हुये सके परिवार के खिलाफ मड़ावरा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। तहसील मड़ावरा अंतर्गत कस्बा निवासी चन्दन सिंह पुत्र प्रभान सिंह लोधी ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देते हुये अवगत कराया कि बीती 18 जुलाई 2024 को वह तहसील मुख्यालय से अपने दादाजी के विरासत एवं

आराजी संख्या 1264 व 1283 की पैमाइश के लिए मड़ावरा में पदस्थ लेखपाल के पास गया। जहां लेखपाल ने उससे विरासत व पैमाइश के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित ने बताया कि उसने किसी प्रकार व्यवस्था कर लेखपाल को 35 हजार रुपये दे दिये, जब उसने विरासत और पैमाइश करने की बात कही तो लेखपाल द्वारा 20 हजार रुपये की और मांग की, आज तक आराजी की नाप नहीं की गयी। यह भी आरोप है कि लेखपाल ने दूसरी पार्टी को उसकी जमीन पर कब्जा करा दिया। जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोप है कि लेखपाल दूसरी पार्टी से सांठगांठ करते हुये मड़ावरा थाने में उसके परिजनों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करा दिया। पीड़ित ने बताया कि लेखपाल को पैसा देने का उसके पास वीडियो क्लिप भी है। उक्त लेखपाल अन्य किसान से पैसे लेने का वीडियो भी वायरल हुआ है। लेकिन लेखपाल के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से वह क्षुब्ध है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिये शपथ पत्र में लेखपाल से रुपये वापस दिलाने और लेखपाल को निलम्बित कर सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### लगातार तीसरी बार बनी चैम्पियन

# नेमवि की महिला रस्सा कसी टीम ने किया धमाकेदार प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की अंर्तमहाविद्यालयीय महिला रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ में हुआ। इसमें नेहरू महाविद्यालय की टीम सहित 10 टीमों ने प्रतिभाग किया एवं नेहरू महाविद्यालय की टीम ने फाइनल मुकाबले में मेजबान टीम राठ को हराकर धमाकेदार प्रदर्शन कर लगातार तीसरी बार बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय अंर्त महाविद्यालय प्रतियोगिता की चैम्पियन टीम बनी। इस उपलक्ष्य में विजेता टीम को महाविद्यालय में सम्मानित कर

उत्साहवर्धन किया। नेमवि प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि विद्यार्थी प्रतियोगिता के माध्यम से स्वस्थ तन एवं स्वस्थ मन के माध्यम से अपनी क्षमता में वृद्धि कर सकते हैं एवं अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते है। स्वस्थ मस्तिष्क में स्वस्थ मन निवास करता है। यदि हम स्वस्थ होगे तो हमारा मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा.आशा साहू ने कहा कि अध्ययन के अलावा बुद्धि के विकास के लिए खेलों का भी जीवन में अत्याधिक महत्व है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि खेल के मैदान में नियमित अभ्यास कर शरीर मन तथा बुद्धि को स्वस्थ्य बनायें। प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि बताया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की अंर्त महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ में किया गया। इसमें नेहरू महाविद्यालय की टीम ने क्वार्टर फाइनल में अर्तरा हराया एवं सेमी फाइनल में जगतराज महाविद्यालय उरई की टीम को हराया। फाइनल मुकाबले में मेजबान ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ की टीम को हराकर फाइनल मुकाबल जीत लिया और तीसरी बार चैम्पियनशिप प्राप्त की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की टीम की 12 सदस्यीय छात्रायें अखिल भारतीय अर्न्तविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता जो तमिलनाडु में आयोजित हो रही है, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस टीम में खुश्बू वर्मा, साक्षी बुन्देला, हलीमन खान, राजा बेटी, रानी साहू, दीक्षा, अराधना, रूबी यादव, सपना, बबीता, कामिनी, आरती, वंदना ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डा.अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.मनोज कुमार, अनीता, डा.हरीशचंद्र दीक्षित, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.सूबेदार यादव, डा.ओ.पी.चौधरी, संदीप श्रीवास्तव, डा.शैलेंद्र सिंह चौहान, डा.विनोद वर्मा, डा.रोहित वर्मा, डा.राजीव निरंजन, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, अंकित चौबे सहित अभिषेक, रूबी यादव, सपना, सौरभ, प्रिंस शुक्ला, रवि कुशवाहा, हरदयाल, भरत सिंह,सौरभ आदि उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय मंत्री से जाखलौन में सीएचसी स्थापना की मांग

**ललितपुर।** जाखलौन क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराये जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा घुटारी ने सर्किट हाऊस पहुंच कर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को एक पत्र सौंपा है। पत्र में जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्यालय से 22 किलोमीटर की दूरी पर बसा कस्बा जाखलौन, जिसके चारो और 2 दर्जन से अधिक छोटे-छोटे गांव है। जाखलौन सहित उक्त सभी छोटे-बडे गांव की संख्या लाखों से अधिक है, लेकिन जहां इलाज हेतु कोई अस्पताल नहीं है। इस क्षेत्र के आस-पास कई गांव पव सहरिया बाहुल्य है। साथ ही पहाड़ी क्षेत्र में निवास करते है, जो कि पूरी तरह से मजदूरी पर आश्रित है। लेकिन इलाज के अभाव में हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में बीमारी के कारण घटनायें घटित हो जाती है। इस सम्बन्ध में जाखलौन विकास समिति एवं ग्राम वासी व क्षेत्र वासी पिछले 10 वर्षों से जाखलौन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु मांग की जा रही है, जो कि ग्राम में खाली पडी जगह स्वास्थ्य केन्द्र बनाने हेतु मिल चुकी है। परन्तु अभी तक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं हुई है।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रांसफार्मर तीन दिन से खराब पड़ा हुआ

**मऊरानीपुर।** ग्राम पंचायत हरपुरा के लिए लगा सौ केविए का ट्रांसफार्मर तीन दिन से खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामवासियों को अंधेरे में गुजर बसर करनी पड़ रही है बिजली उपभोक्ताओं ने नया ट्रांसफार्मर भेजे जाने की मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से की है। 33/11 बिजली उप केन्द्र भण्डरा, खिलारा के तहत आने वाली ग्राम पंचायत हरपुरा के प्रधान चरन सिंह बुंदेला, ओमप्रकाश द्विवेदी, बबलू सिंह बुंदेला, राजेश कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, ओमपाल अहिरवार, छत्रपाल अहिरवार, गोरेलाल कुशवाहा, समसुददीन मंसूरी, रामकिशोर कुशवाहा ने बताया कि ग्राम पंचायत के लिए लगा 100 केविए का ट्रांसफार्मर तीन दिन पहले खराब हो गया है जिससे ग्रामीणों के रोजमर्रा के काम काज ठप्प पड़ गए है। बिजली के उपभोक्ताओं ने नया ट्रांसफार्मर संबंधित विभाग के अधिकारियों से रखवाए जाने की मांग की है।

### संपर्क मार्ग वेहद खराव

**मऊरानीपुर।** ग्राम भण्डरा से लेकर कुअरपुरा, खकौरा, भानपुरा , कदौरा तक का संपर्क मार्ग पूर्ण रूप से खराब हो जाने से ग्रामीणों को उबड़-खाबड़ सड़क पर से मजबूरन निकलना पड़ रहे है। साहब सिंह यादव, हरि यादव, राजेन्द्र सिंह, ब्रजेद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह बुंदेला, शेर सिंह ने खराब पड़े संपर्क मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग संबंधित विभाग से की है। वही ग्राम भंड़रा से लेकर नयागांव तक बनी प्रधानमंत्री सड़क में जगह-जगह गड्ढे में बदल जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है धायपुरा एवं नयागांव निवासियों ने संपर्क मार्ग की मरम्मत कराने जाने की मांग की है

### आजादी के बाद भी विद्युत नही पहुंच सकी

**मऊरानीपुर।** ग्राम पंचायत भदरवारा से संबंधित मजरा सुरऊआं, घाटकोटरा के रामगढ़, नयागांव के कुशवाहा खिरक, बसरिया की राजपुत खिरक आदि मजरों में आजादी के बाद भी विद्युत नही पहुंच सकी है। जिससे संबंधित ग्रामों के प्रधानों ने विभाग को बार-बार प्रार्थना पत्र भेजकर बिजली विहीन मजरों में विद्युतीकरण करण की मांग की लेकिन अभी तक संबंधित विभाग द्वारा इस ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी दूर से बालियों के सहारे लाइट की व्यवस्था किए हुए है। बसरिया गांव के प्रधान रोहित पटेल, नयागांव प्रधान साधूराम अहिरवार, घाटकोटरा प्रधान गुड़िया सिंह हरमुख सिंह परिहार आदि ने विद्युत से वंचित चल रहे मजरों में विद्युतीकरण कराये जाने की मांग की है।

### पुरुष को नशबंदी कराए जाने संबंधी गीत प्रस्तुत किये

**मऊरानीपुर।** ग्राम पंचायत हरपुरा, पंचमपुरा में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन का आयोजन प्रधान चरन सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग मऊरानीपुर द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बताया कि लड़का, लड़की की देखभाल, सभी को परिवार नियोजन को अपनाने, प्रसव पूर्व देखभाल, संस्थागत प्रसव के लिए पुरानी कुरीतियों आदि को मिटाने के बारे में मौजूद ग्राम पंचायत की महिलाओं को विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई। इस दौरान ढोलक के थाप पर महिला, पुरुष को नशबंदी कराए जाने संबंधी गीत प्रस्तुत किये गए वहीं योग्य दंपत्तियों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में सीएचओ साक्षी सिंह, एएनएम दीपा कुशवाहा, आशा बहू ममता देवी हरपुरा, कुअरबाई पंचमपुरा, आंगनबाड़ी सहायिका ऊषा पटेल, शिक्षक दिनेश कुमार मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अक्सेव के आयुष्मान आयोग्य मंदिर प्रांगण में सास, बेटा, बहू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान आशा संगिनी ममता खरे, सीएचओ तथा आशा बहूएं मौजूद रही।

# समाजवादी पार्टी जल्द ही बुंदेलखंड जन संवाद पीडिए यात्रा का करेगी आगाज़ : महेश कश्यप

सत्ता सुधार ■ झांसी

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष महेश कश्यप के निवास पर बुंदेलखंड जन संवाद पीडिए यात्रा पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि विधानसभा चुनाव को लेकर बुंदेलखंड के जालौन जिले से प्रारंभ कर 19 विधानसभा के गांव -गांव में पंचायत कर आम जनता को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों व वर्तमान सरकार की विफलताओं पर विस्तार से जन संवाद किया जायेगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष महेश कश्यप ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अनुमति मिलने पर जल्द ही कार्यकर्ताओं के साथ एक बड़ी बैठक का आयोजन किया जाएगा बैठक में बुंदेलखंड जन-संवाद पीडिए यात्रा का रूट प्लान तय किया जायेगा उन्होंने बताया कि पूरे बुंदेलखंड की 19 विधानसभा से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और वह आतुर होकर इस यात्रा के शुभारंभ का इंतजार कर रहे है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में तेज होती राजनीतिक हलचल के बीच समाजवादी पार्टी पीडीए यात्रा शुरू कर रहे है, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस यात्रा का समापन करेंगे। इस दौरान ये भी बताया गया कि पीडीए यात्रा से लोकतंत्र की रक्षा का संदेश गांव-गांव तक जाएगा। यह यात्रा लोगों को जोड़ने का काम करेगी। इस अवसर पर सलमान पारिछा, प्रदीप कुशवाहा, संजय पाल, राधेलाल बौद्ध, राहुल यादव बबीना, अर्जुन सिंह, आरिफ खान, जगमोहन सेमरी, राजकुमार योनी, धीरेन्द्र सिंह, नीतू रायकवार, शशांक प्रकाश, महिपत झां, जय हिन्द, पुष्पेन्द्र यादव, राकेश श्रीवास पहलवान, उमेश राय, रानू नामदेव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन आरिफ खान ने किया आभार प्रदीप कुशवाहा ने व्यक्त किया।

### एसडीएम ने बार भवन का निरीक्षण कर दिए साफ सफाई के निर्देश

सत्ता सुधार ■ टहरौली

तहसील बार एसोसिएशन के बारसंघ भवन परिसर में निर्मित ग्राम न्यायालय का आज दोपहर बारह बजे जिला न्यायाधीश पदम नारायण मिश्र करेंगे फीता काटकर शुभारंभ। बीते सोमवार को उप जिलाधिकारी अजय कुमार यादव ने अधिवक्ताओं के साथ नव निर्मित ग्राम न्यायालय का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## गल्ला व्यापारी की दुकान से मूँगफली की बोरियां चोरी,व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त

सत्ता सुधार ■ गुरसराय(झाँसी)

गल्ला मंडी में संचालित नायक ट्रेडर्स की दुकान में अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात्रि मूंगफली की छः बोरियां चोरी कर ले गए है।जब व्यापारी रविवार को अपनी दुकान पर पहुंचा और उसने अपनी बोरियों का मिलान किया तो उसमें से 7 बोरियां गायब मिली।उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।पीड़ित गल्ला व्यापारी दयासागर नायक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने मूंगफली की छः बोरियां चोरी कर ले गए हैं।गल्ला व्यापारी ने बताया कि बुधवार की रात्रि भी उनकी दुकान से एक बोरी चोरी हुई थी।बता दें कि इससे पूर्व कुछ माह पहले भी चोरों ने मंडी में एक दुकानदार की दुकान से बोरियां चोरी की थी।इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है।घटना का पता चलते ही व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। वहीं,मंडी में लगा सीसीटीवी कैमरा बंद था और चारदीवारी भी टूटी हुई है।और टूटी चारदीवारी व्यापारियों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। मंडी में चौकीदारों की तैनाती के बाद भी चोरी की घटनाएं भ्रम का कारण बनी हुई हैं।व्यापारी अब अपने प्रतिष्ठानों और उपज की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।मंडी में काफी संदिग्ध लोग नजर आते रहते हैं।गल्ला मंडी में पुलिस की गाड़ियां भी गस्त करती रहती हैं। और पुलिस की चौकी भी है,बावजूद इसके लगातार चोरी होना व्यापारियों के लिए सिर दर्द बन गई है।

### जल्द होगा खुलासा

इस संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेदप्रकाश पांडे ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ में एड्स संगोष्ठी दिवस हुआ संपन्न

**झांसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रघुकुल महिला विद्यापीठ में एड्स दिवस पर सगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा पाठक एवं डॉ नीतू चंद्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात रिनी सिंह ,अंशिका गुप्ता, कीर्ति श्रीवास्तव, रामसा, संस्कृति आदि छात्राओं ने एड्स के बारे में अपने विचार प्रकट किये तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा पाठक ने छात्रों को जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए प्रेरित कियाद्य डॉ नीतू चंद्रा एवं वैष्णवी ने एड्स के कारण और बचाव के बारे में जानकारी दी इस कार्यक्रम में समस्त विद्यापीठ परिवार एवं छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### जनपद में धारा-163 लागू रहेगी 15 जनवरी 2025 तक

## आदेश का उल्लघंन करने वाला व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत होगा दण्डनीय

**झांसी।** विगत वर्षों की भांति जनपद में चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस, क्रिसमस डे, नव वर्ष दिवस पर्व, एवं मकर संक्रान्ति पर्व आयोजित होना है तथा विभिन्न सामायिक एवं प्रतियोगितात्मक परीक्षायें आयोजित होना है। साथ ही अनाधिकृत निर्माण/अतिक्रमण हटाये जाने पर शान्ति व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, इन अवसरों/कार्यक्रमों पर पर स्वार्थी तत्वों द्वारा अनुचित लाभ के उद्देश्य से ऐसी गतिविधियां की जा सकती है, जिससे साम्प्रदायिक एवं शांति/कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है तथा कतिपय अवांछनीय तत्व द्वारा त्यौहारों, नकल विहीन परीक्षा सम्पादित कराने में बाधा उत्पन्न की जा सकती है। जिला मजिस्ट्रेट, झांसी द्वारा जनपद झाँसी हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये आदेश पारित करते हुये निर्देश दिये है कि कोई भी व्यक्ति जनपद झाँसी के क्षेत्रान्तर्गत आन्दोलन या प्रदर्शन करने के उद्देश्य से पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा, जुलूस नहीं निकालेगा, किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं करेगा और न ही कोई उत्तेजनात्मक नारेबाजी करेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान अथवा किसी सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक अथवा आवश्यक सेवा सम्बन्धी प्रतिष्ठानों के आस-पास हड़ताल, धरना, घेराव व नारेबाजी नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मदिरा या किसी मादक पदार्थ का सेवन करके विचरण नही करेगा।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिये है कि कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों पर अनाधिकृत रुप से प्रवेश नही करेगा। कोई भी व्यक्ति/संचालक रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यन्त्रों/डेक का प्रयोग नहीं करेगा, इसका उल्लंघन करने पर उसके विरुद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। सर्वोच्च न्यायालय/ उच्च न्यायालयों द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है, जो सम्पूर्ण जनपद झाँसी क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी होगा। यह आदेश सम्पूर्ण झाँसी जिला क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15 जनवरी 2025 तक लागू रहेगा। यह आदेश झाँसी जिले में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों पर लागू होगा। इस आदेश का उल्लघंन करने वाला व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## झांसी मंडल में 'माह के कर्मचारी' पुरस्कार से सम्मानित

सत्ता सुधार ■ झांसी

मंडल (उमरे) पर मंडल स्तर पर प्रत्येक माह 'Employee of the Month' पुरस्कार प्रदान किए जाने की योजना के तहत, आज दिनांक 02.12.2024 को मंडल कार्यालय में कंट्रोल/सिग्नल विभाग के कर्मी श्री नीरज कुमार दुबे को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं नकद राशि 2000/- का पुरस्कार मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया।

### श्री नीरज कुमार दुबे के उल्लेखनीय कार्य :

1. डेटा-लॉगर संकेतों के माध्यम से रिले रूम के दरवाजे खोलने और बंद करने की सघन निगरानी कर अप्रिय गतिविधियों को कम किया।
2. फील्ड स्टाफ को त्वरित मार्गदर्शन देकर टेक्निकल फैलियर को न्यूनतम समय में सही कराया।
3. निम्नलिखित कार्यों के सफल निष्पादन में सहयोग किया-
   - किसी भी प्रकार के मीडिया फैलियर के दौरान, आवश्यक ऑडियो और एसएमएस अलर्ट जनरेशन।
   - विफलता की स्थिति में लाल संकेत और स्वस्थ स्थिति में हरा संकेत का उपयोग।
   - सभी सेक्शन के IPS कॉन्टेक्ट्स की निगरानी के लिए नए / सफल तरीके लागू करना।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर.डी.मौर्या, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन सहित सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे द्ध कार्यक्रम का सञ्चालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बृजेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## सब मिशन एग्रीकल्चर मैक्नाइजेशन योजना अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर की निकाली जाएगी ऑनलाइन लॉटरी

- 03 दिसम्बर 2024( मंगलवार) विकास भवन सभागार में होगा ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन
- एफपीओ एवं अन्य समूह विकास भवन सभागार में नियत समय एवं स्थान पर उपस्थित रहें

सत्ता सुधार ■ झांसी

उप कृषि निदेशक श्री एम पी सिंह ने बताया कि वित्तीर्ष वर्ष- 2024-25 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर की बुकिंग एफ0पी0ओ0 एवं अन्य समूह द्वारा की गई है। जिसका चयन दिनांक 03-12-2024 (दिन-मंगलवार) को ई-लाटरी के माध्यम से कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि वित्तीर्ष वर्ष 2024-25 में सब मिशन ऑन ग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर का चयन ई-लाटरी के माध्यम से दिनांक 03-12-2024 (दिन-मंगलवार) को विकास भवन सभागार में अपराह्न 01:00 बजे करायी जाएगी। उन्होंने जनपद के एफपीओ एवं अन्य समूहों से निर्धारित स्थान एवं समय पर समय से उपस्थित होने का आव्हान किया।

### राम नाम रामधुन जारी

**मऊरानीपुर।** ग्राम पंचायत खिलारा स्थित प्राचीन हनुमंतलाल मंदिर परिसर में डेढ़ वर्ष से लगातार त्रिलोकीनाथदास महाराज चित्रकूट धाम के दिशा निर्देशन में चल रही अनिश्चितकालीन अंखड सीता राम नाम रामधुन में ग्रामवासी तन मन धन से भागेदारी निभा रहे है।

### 19 जनवरी 2025 को आयोजित होगा वृहद विधिक साक्षरता शिविर, मा0 सुप्रीम कोर्ट/ मा0 हाई कोर्ट के जज होंगे शामिल : अपर जिला जज

**झांसी।** आज विकास भवन स्थित सभागार में श्री पद्म नारायण मिश्रा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी के निर्देशन पर श्री शरद कुमार चौधरी, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में वृहद विधिक साक्षरता/ सेवा शिविर के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शरद कुमार चौधरी,अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 19 जनवरी 2025 को जनपद में आयोजित होगा मेगा विधिक साक्षरता शिविर, जनपद पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शामिल है। अतः नजीर बनाते हुए संवेदनशील होकर शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग करें। उन्होंने बताया कि आयोजित शिविर में माननीय सुप्रीम कोर्ट एवं माननीय हाईकोर्ट के जज भी शामिल होंगे। वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर के सफल आयोजन के सम्बंध में आयोजित बैठक में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 16 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 के मध्य जनपद के विभिन्न जजों के साथ विभागीय अधिकारियों की पृथक-पृथक बैठक आयोजित होगी। बैठक में विभागीय अधिकारी अपने विभाग की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की जानकारी देंगे। उन्होंने बताया की 02 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 मध्य जज द्वारा लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की विभागीय योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित समस्त विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की जो भी विभागीय समस्याएं हैं, उन्हें भी इस कार्यक्रम के माध्यम से उच्चतम स्तर पर पहुंचाया जा सकता है। आप सभी के लिए यह एक अवसर है, जिसका आप लाभ उठा सकते हैं।

## बंगला देश में सनातनी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध जिलाधिकारी झांसी के माध्यम से दिया देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ झांसी

अविलंब हस्तक्षेप कर कार्यवाही हेतु की मांग। मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में इंजी. पी एन गुप्ता की अध्यक्षता राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य व संस्थापक वरिष्ठ सदस्य अग्रवाल समाज बरुआसागर के अध्यक्ष पुरूषोत्तम अग्रवाल के संयोजन में आज जिलाधिकारी झांसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।बंगला देश में कट्टर पंती सरकार द्वारा बैंक खाते फ्रीज कर हिंदुओं को कुचलने का षडयंत्र रचा जा रहा है। भालों की नोंक पर हिन्दू बहनों के पेट में पल रहे बच्चों को मारा जा रहा है। इस्कॉन पुजारी को जेल कर उनके सहयोगियों को उठाया जा रहा है। जिहादी भीड़ के हाथों में तलवारें और बड़े बड़े हथियार हैं , भीड़ आतंक का पर्याय बन चुकी है। ऐसे में मानवता के नाते बंगला देश में रह रहे सनातनी हिन्दुओं पर जुल्म के विरुद्ध अभिलंब अंकुश लगाये जाने को लेकर उक्त ज्ञापन एस डी एम मान. सना अख्तर को सौंपा गया। इसे अवसर पर मुन्ना भईया साहू , रवि प्रकाश गुप्ता , कुमार विपिन अग्रवाल , दीपक अग्रवाल , अभिषेक देव , छावनी व्यापार मण्डल के सचिव सुदर्शन कथूरिया व जवाहर पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक अभय अग्रवाल विशेष रुप से उपस्थित रहे। सभी के प्रति आभार संस्थान सचिव अनिल कुमार साहू ने व्यक्त किया।

### शादी सम्मेलन में आसान निकाह हुआ जोड़ों को दुआओं से नवाजा

## तालीम को बढ़ावा दें फजूल खर्ची ना करें,सनोबर कुरैशी

### क्षेत्रीय बुंदेलखंड कार्यालय में होगा हर समस्या का हाल, आसकीन कुरैशी

सत्ता सुधार ■ झांसी

कुरैश कॉन्फ्रेंस सामाजिक संस्था रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनोबर अली कुरैशी एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव आसकीन कुरैशी दो दिवसीय बुंदेलखंड झांसी ललितपुर दौरे पर आये थे झांसी नगर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर गरम जोशी से स्वागत व सम्मान किया गया कुरैश नगर स्थित कुरैश कॉन्फ्रेंस के बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय का राष्ट्रीय अध्यक्ष सनोबर अली कुरैशी एवं आशिकीन कुरैशी साहब ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान गर्म जोशी से स्वागत व सम्मान किया, गया सनोबर अली कुरैशी ने कहा, कुरैश समाज के साथ साथ हर समाज के दबे कुचले लोगों को शिक्षा और अपने अधिकारों पर ध्यान देना चाहिए जिससे समाज और देश की तरक्की होगी सभी को शरीयत के मुताबिक फिजूल खर्ची को रोकते हुए आसान निकाह करना चाहिए। हर हाल में बाबा भीमराव आंबेडकर के विचारों और सावधान ने नारा दिया था शिक्षित रहो संगठित रहो संघर्ष करते रहो। ललितपुर जमीयतुल कुरैश के शादी सम्मेलन में मुख्य अतिथि रहें सनोवर अली कुरैशी साहब राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आसकीन कुरैशी साहब राष्ट्रीय महासचिव प्रमुख लड़का लड़की 30जोड़ो को अपनी दुआओं से नवाज़ और हम सब को फिजूल खर्ची को रोकते हुए ऐसे ही शादियां सम्मेलन करना चाहिए मोहम्मद कलाम कुरैशी राष्ट्रीय सचिव, हाजी असफाक कुरैशी बुंदेलखंड उपाध्यक्ष चौधरी रहीश कुरैशी, जिला अध्यक्ष चौधरी अरशद कुरैशी जब्बार कुरैशी, मुरसलीम कुरैशी जिला अध्यक्ष सादिक बरकाती,आबिद कुरैशी, आसिफ कुरैशी, स्वागत व सम्मान साल उड़कर माला पहनकर किया गया। इस दौरान माजीद कुरैशी कुरैशी सैकडो की संख्या में उपस्थित रहे।

## कुभं मेले के लिए स्वच्छता में हरपालपुर देगा योगदान

सत्ता सुधार ■ हरपालपुर

13 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक सम्पन्न होने जा रहे प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी को कचरा निस्तारण प्लास्टिक मुक्त करने शासन - प्रशासन जहां युद्ध स्तर पर स्वच्छता व कचरा निस्तारण की व्यवस्था कर रहा है वहीं हरपालपुर के समाजसेवी प्रयागराज व पवित्र त्रिवेणी संगम को प्रदूषित होने से बचाने और कचरा मुक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने आगे आ रहे है उल्लेखनीय होगा संगम में जुट रहे करीब 40 करोड श्रद्धालुओं के लिए नगर की बरियाधाम कमेटी के समाजसेवियो में राजीव अग्रवाल स0 बस्से श्रीराम अग्रवाल आदि लोग थाली व थैला संग्रह करने घर से निकल पडे है उनका कहना है हमने संकल्प लिया और हमारा प्रयास है कि अपना यह महाकुंभ पर्यावरण अनुकूल बने हरित कुंभ बने इसके लिए हम आज से ही हर घर से एक थाली एक - थैला संग्रहित कर प्रयागराज के तीर्थ यात्रियों तक पहुंचाएगे हर कुंभ यात्री के लिए भोजन करने के लिए एक थाली हो सामान के लिए एक थैला हो , उल्लेखनीय होगा देवभूमि बरियाधाम में प्रतिदिन लम्बे समय से असहाय लाचार भूखे भिखारियों एवं साधु संतो को भोजन कराया जा रहा समाजसेवियो का कहना है कुंभ पर्व आने में अभी समय है फिलहाल साधू संत जहां भी भोजन- प्रसाद ग्रहण करेंगे वहां थाली और थैले का वितरण करना प्रारंभ किया है ।

## ब्रीफ न्यूज

### जो बाइडन ने बेटे को किया माफ.......हंटर को बिना शर्त माफी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने बेटे हंटर बाइडन को एक गंभीर अपराध और कर मामलों में सजा से मुक्त करने का फैसला लिया है। उन्होंने उसे बना शर्त माफी दी है, जिसका अर्थ है कि हंटर को अब इन अपराधों के लिए कोई सजा नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन पर आरोप थे कि उन्होंने 2018 में अवैध रूप से एक बंदूक की खरीदी की और करों में भारी चोरी की। उनके खिलाफ अदालत ने 12 और 16 दिसंबर को सुनवाई निर्धारित की थी, लेकिन अब जबकि उसे बिना शर्त माफी दे दी गई है तो यह अदालती प्रक्रिया रद्द हो सकती है। चूंकि माफी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल समाप्त होने से पहले आई है इसलिए इसे एक बड़े उलटफेर के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर तब जबकि बाइडन ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि वह अपने बेटे को माफ नहीं करेंगे। ऐसे में बाइडन का मौजूदा कदम उनके पहले के बयान के खिलाफ दिखता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह हंटर बाइडन को माफी नहीं देंगे, भले ही ट्रंप 2024 का चुनाव जीत जाएं। बहरहाल यह माफी राष्ट्रपति और उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया जा रहा है, क्योंकि इससे हंटर बाइडन जेल जाने से बच गए हैं, जो पहले एक संभावित परिणाम था। यह कदम उस समय की याद दिलाता है जब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दामाद जारेड कुशनर को भी एक मामले में माफी दे दी थी। दरअसल ट्रंप ने 2020 में अपने दामाद को संघीय आरोपों से माफ किया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ट्रंप और बाइडन दोनों ही अपने परिवार के सदस्यों को कानूनी दंड से बचाने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। बाइडन और ट्रंप दोनों के फैसले से यह सवाल उठता है कि क्या अमेरिका के राजनीतिक नेताओं द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को इस तरह से विशेष लाभ दिया जाना संविधान और लोकतांत्रिक मान्यताओं के खिलाफ है। दोनों नेताओं पर भाई-भतीजावाद और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लगाए जा रहे हैं।

### पति को कमरे में किया बंद, फिर कर डाली सारी हदें पार, जज के सामने बताई कहानी

**टोक्यो ।** तलाक मांगने पहुंचे शख्स करीम येकिनी ने ओयो राज्य के इबादान में मापो ग्रेड ए कस्टमरी कोर्ट को बताया कि मेरी पत्नी मुझे पीटते वक्त सारी हदों को पार कर देती है। मुझे धमकाने के साथ-साथ ब्लैकमेल भी करती है। उसने पत्नी ओपेमी से बचाने की अपील करते हुए तलाक की गुहार लगाई। शख्स ने कहा कि इस पत्नी ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है। येकिनी ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी ने उन पर जादू कर दिया, जिससे उन्हें ढेरो परेशानियां झेलनी पड़ीं और साथ ही उन्हें जीवनभर बदनाम करने के लिए ब्लैकमेल करना जारी रखने का वादा किया। येकिनी ने कोर्ट को बताया, एक दिन पत्नी ने मुझे एक कमरे में बंद कर दिया, जिससे मैं अपने दैनिक काम पर नहीं जा पाया। उसने मेरी कार की चाबियां भी जब्त कर लीं और अमोटेकुन कॉर्प्स (दक्षिण-पश्चिम में सुरक्षा नेटवर्क) को बिना किसी कारण के मेरे साथ सौदा करने के लिए आमंत्रित किया।

---

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को शुभेंदु की चेतावनी, बोले-**

# हिंदुओं पर हमले रोको वरना निर्यात पर लगेगा बैन

**एजेंसी ■ कोलकाता**

बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को लेकर पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बीच, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनके यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनकी संस्थाओं पर हो रहे हमलों को नहीं रोका गया, तो बंगाल की जमीनी सीमा से बांग्लादेश को निर्यात पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने पेट्रापोल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक विरोध सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से व्यापार पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाया जाएगा, जिससे बांग्लादेश भारत से जरूरी वस्तुओं पर निर्भर होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के अन्य नेताओं ने भी भाग लिया। हालांकि, वे पार्टी के निशान के बिना यहां मौजूद रहे। पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में पेट्रापोल सीमा पर सोमवार को व्यापार चौबीस घंटों के लिए रोक दिया गया था। इस विरोध को भारत के कारोबारी संगठनों, खासतौर पर बंगिया हिंदू समिति की ओर से आयोजित किया गया था। अधिकारी ने कहा, यह चौबीस घंटे का व्यापार बंद केवल एक शुरुआत है। अगर अगले हफ्ते तक हिंदुओं और उनके धार्मिक स्थलों पर हमले नहीं रुके, तो हम पांच दिन तक व्यापार पर प्रतिबंध लगाएंगे। नए साल के बाद हम अनिश्चितकाल के लिए व्यापार रोक देंगे। देखते हैं कि वहां के लोग बिना हमारे आलू-प्याज के कैसे रहते हैं।

#### पेट्रोपोल जीरो प्वाइंट तक निकाला मार्च

अधिकारी ने बाद में भाजपा नेताओं और स्थानीय विधायकों स्वपन मजूमदार, अशोक कीरतानिया और अर्जुन सिंह के साथ पेट्रोपोल जीरो प्वाइंट तक मार्च किया, जहां उन्होंने विरोध के प्रतीक के रूप में गुब्बारे छोड़े और बांग्लादेश में हिंदू साधु की बिना शर्त रिहाई और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अधिकारी ने कहा, यह एक क्षण भर का विरोध नहीं है। हम पश्चिम बंगाल के अन्य सीमा बिंदुओं जैसे हिली और चांगराबंधा में भी ऐसे विरोध आयोजित करेंगे। यह किसी पार्टी का कार्यक्रम नहीं है। हम राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर हिंदुओं को इसमें शामिल करना चाहते हैं।

**1971 की तरह आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करेंगे-** यह विरोध कार्यक्रम इस्कॉन से जुड़े पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में हुआ। अधिकारी ने कहा, भारत सिर्फ एक देश नहीं है। यह पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगर वे हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हैं, तो हम बांग्लादेश के रजाकारों के नए बेटों को 1971 की तरह आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करेंगे। तब हमने पाकिस्तानी सेना को घुटने टेकने पर मजबूर किया था।

---

# बुर्के के खिलाफ टॉपलेस वाला विरोध प्रदर्शन का वायरल वीडियो निकला फर्जी

**पेरिस में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में किया गया था प्रदर्शन**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन कर रहीं थी। महिलाएं अपने हाथ में पोस्टर लिए हुए थीं। इस वीडियो को लेकर दावा किया गया कि पेरिस में कुर्द महिलाओं ने बुर्के से आजादी के लिए विरोध प्रदर्शन किया है। एक्स पर इस वीडियो को इसी दावे के साथ शेयर किया गया। जब इसकी जांच की गई तो यह दावा गलत और फेक पाया गया।

बता दें महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर एक यूजर ने वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा- जिन जियान आजादी, पेरिस में कुर्द महिलाओं ने बुर्के से आजादी के लिए प्रदर्शन किया, जिसमें वह कई भाषाओं में आजादी का पोस्टर लिए हुए थीं...। वहीं एक और यूजर ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, यह वीडियो बहुत वायरल हो रहा है। क्या भारत में भी बुर्का बैन होना चाहिए? भारत की मुस्लिम महिलाओं को कब बुर्का से आजादी मिलेगी? यहां भी आंदोलन होना चाहिए। इस वीडियो की सच्चाई जानने के लिए सजग टीम ने सबसे पहले गूगल पर सर्च किया। यहां 27 नवंबर 2024 को पब्लिश हुआ वेबसाइट हरजिंदगी डॉट कॉम का एक आर्टिकल मिला, जिसमें पेरिस में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के विरोध में टॉपलेस होकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान विक्टोरिया गुगेनहाइम के नेतृत्व में फारसी भाषा में समानता का गीत गाया गया। यह गीत ईरानी महिलाओं के प्रतिरोध का प्रतीक है। इसके बाद हर कार्यकर्ता ने अपने चेहरे पर ढका काला घूंघट उतार दिया, जो आजादी का प्रतीक था। उनके शरीर पर प्रतिरोध के नारे भी लिखे हुए थे। घूंघट हटाना सिर्फ एक प्रतीकात्मक नहीं था। यह दुनिया के सामने एक ऐलान था कि वे चुप नहीं रहेंगी, उन्हें मिटाया नहीं जा सकता।



पेरिस में महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के वीडियो को इस दावे के साथ पोस्ट करना, कि ये महिलाएं बुर्के के खिलाफ आवाज उठा रही हैं, पूरी तरह से गलत है। फेमेन फ्रांस ओआईओ से जुड़ी कार्यकर्ताओं का ये विरोध प्रदर्शन महिलाओं के खिलाफ होने वाली हर तरह की हिंसा के खिलाफ था। उनकी आजाद सोच को समर्थन देने के लिए था।

#### बांग्लादेश में महिला पत्रकार को भीड़ ने घेरा

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में महिला पत्रकार को भीड़ ने घेर कर कुछ देर तक बंधक बनाकर रखा। इसके बाद पुलिस ने महिला को भीड़ के बीच से बचाया। यह घटना कवारन बाजार इलाके में तब घटी, जब टीवी की प्रतिष्ठित हस्ती मुन्नी साहा अपने ऑफिस से निकल रही थीं। भीड़ ने मुन्नी साहा पर भारतीय एजेंट और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का समर्थक होने का आरोप लगाया। पत्रकार मुन्नी की कार को भीड़ ने रोक लिया था और उनके साथ दुर्व्यवहार किया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। साहा पुलिस की गाड़ी में बैठकर वहां से निकलीं, जबकि भीड़ उनके खिलाफ नारे लगाती रही। साहा को पहले तेजगांव पुलिस स्टेशन ले जाया गया, इससे ऑनलाइन अटकलों को बल मिला कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, पुलिस ने साफ कर दिया कि वरिष्ठ पत्रकार मुन्नी साहा को हिरासत में नहीं लिया गया था।

---

## ट्रंप ने सौंपी समधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, राजनीतिक हलकों में चर्चा हुई आम

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने शपथ ग्रहण से पहले ही नियुक्तियों को लेकर चर्चा में आ गए हैं। अहम प्रशासनिक पदों पर उन्होंने अपने करीबी सहयोगियों और परिवार के सदस्यों को नियुक्त किया है। इसी कड़ी में ट्रंप ने अपने दो समधियों को महत्वपूर्ण सरकारी पदों पर नियुक्त कर दिया, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरु हो गया है। ट्रंप के इस कदम से न सिर्फ उनके करीबी रिश्तेदार बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के बड़े नेता भी हैरान हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने अरबपति मसाद बाउलोस को अरब और मध्य पूर्व मामलों के लिए अपना सलाहकार नियुक्त किया है। बाउलोस, ट्रंप की बेटी टिफनी के ससुर हैं, और उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुस्लिम मतदाताओं के बीच ट्रंप का जमकर प्रचार किया था। यह अहम और पहली दफा देखने को मिला जबकि किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने इतने अहम पद पर अपने परिवार के सदस्य को नियुक्त कर दिया। इसी बीच, ट्रंप ने रियल एस्टेट कारोबारी चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है। कुशनर, ट्रंप की बेटी इवांका के ससुर हैं, और उनके बेटे जारेद कुशनर को भी ट्रंप ने पहले अपने सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया हुआ था। बताते चलें कि जारेद कुशनर पर साल 2005 में एक अपराध करने का आरोप लगा था, जिसके बाद ट्रंप ने उन्हें माफी दे दी थी। यहां ट्रंप ने बाउलोस का परिचय एक ऐसे व्यक्तित्व के तौर पर कराया है जो अंतरराष्ट्रीय मसलों में माहिर हैं और मध्यपूर्व में शांति की कोशिशों में सक्रिय रूप से भागीदार रहे हैं। उनका मानना है कि बाउलोस अमेरिका और उसके हितों के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। ट्रंप के इस फैसले के बाद लोगों ने कहना शुरु कर दिया हे कि इससे स्पष्ट होता है कि वह अपने परिवार के भरोसेमंद सदस्यों पर राजनीतिक फैसले लेने के लिए नियुक्तियों देते रहेंगे। हालांकि, इस फैसले का आलोचकों द्वारा भाई-भतीजावाद और हितों के टकराव के आरोप भी लगाने शुरु कर दिए हैं। यहां बताते चलें कि ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में भी अपनी बेटी इवांका और उनके पति जारेद कुशनर को अपने दफ्तर में सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया था, जिस पर विवाद उठे थे।

---

**खैबर पख्तूनख्वा में सीएम के भाई की हत्या**

## रायसानी बोले- आजादी चाहते हैं बलोच और धमाके में तीन की मौत

**एजेंसी ■ टोरंटो**

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के चचेरे भाई की सोमवार को उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सरदार सकलैन खान गंडापुर की डेरा इस्माइल खान जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिला मुख्यमंत्री का पैतृक स्थान है। वह एक पूर्व स्थानीय सरकारी पदाधिकारी भी थे। लूनी मोड़ पर हुए इस हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी समूह ने नहीं ली है। यह ऐसा इलाका है जहां पाकिस्तानी तालिबान की काफी मौजूदगी है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सेना के खिलाफ बढ़ते आक्रोश व लक्षित हमलों के बीच प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री व मौजूदा प्रांतीय एसेंबली के सदस्य नवाब असलम रायसानी ने कहा कि अधिकांश बलोच पाकिस्तान से आजादी का समर्थन करते हैं। रायसानी ने एक बयान में कहा कि बलोच राष्ट्र तीन गुटों में विभाजित है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार रायसानी ने कहा, अधिकांश बलोच आजादी के पक्ष में हैं और राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। दूसरा गुट सेना के साथ है, जिसमें शामिल लोग निजी स्वार्थ की पूर्ति तथा ताकत की चाहत रखते हैं। तीसरा गुट राष्ट्रवादी दलों का है, जो संघ के भीतर स्वायत्तता व संसाधन नियंत्रण की वकालत करता है। हालांकि, यह गुट काफी कमजोर है और इसका प्रभाव सीमित है। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को बम धमाके से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई, जिनमें दो भाई भी शामिल हैं।



---

### हूती विद्रोहियों ने इज़रायल पर किया बैलिस्टिक मिसाइल हमला, बढ़ा तनाव

**तेल अवीव।** यमन के हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है, जिससे स्थानीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। इसके साथ ही 07 मोर्चों पर जंग लड़ रहे इज़रायल के लिए हूती विद्रोहियों ने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। जानकारी अनुसार रविवार को यमन के हूती समूह ने इज़रायल के सेंट्रल इलाके पर हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए हैं।

हूती प्रवक्ता याह्या सारी का कहना है कि उनकी मिसाइल सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य तक पहुंची, हालांकि लक्ष्य कहां और क्या था इस बारे में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी है। वहीं दूसरी तरफ इज़रायल की सेना का दावा है कि उनकी एयर डिफेंस प्रणाली ने यमन से दागी गई मिसाइलों को इज़रायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही नष्ट कर दिया। मिसाइल के टुकड़े यरूशलम के पास जुर हदस्साह और वेस्ट बैंक के हेब्रोन के हलहुल क्षेत्रों में गिरे हैं।

---

## न्यूयॉर्क सिटी में पाकिस्तानी होटल आया विवादों में

**कमाई को लेकर अमेरिका में छिड़ी बहस**

**एजेंसी ■ न्यूयॉर्क**

न्यूयॉर्क सिटी में पाकिस्तान सरकार द्वारा संचालित एक आलीशान होटल का विवाद अब बढ़ता नजर आ रहा है। दरअसल इस होटल से पाकिस्तान सरकार को 22 करोड़ डॉलर की कमाई होने की खबर को लेकर अमेरिका में बहस छिड़ गई है। वहीं इस मामले को लेकर रिपब्लिकन नेता और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जा रहे विवेक रामास्वामी ने कड़ी आपत्ति जताई है।

दरअसल रामास्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा, यह तो बड़ी अजीब बात है ! उनका आरोप है कि न्यूयॉर्क सिटी के करदाताओं के पैसे से इस होटल का संचालन हो रहा है, जिसमें अवैध प्रवासियों को ठहराया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति वाकई अमेरिका के नागरिकों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि उनके कर का पैसा एक विदेशी सरकार के लिए मुहैया कराया जा रहा है।

यहां बताते चलें कि आलीशान होटल 19 मंजिला है जो कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट के नाम पर है। इस होटल को न्यूयॉर्क प्रशासन ने प्रवासियों के ठहरने के लिए लीज पर लिया है।

रिपोर्ट्स में बताया गया है कि यह सौदा 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ढुरून्न बेलआउट पैकेज का हिस्सा था। इस पैकेज को पाकिस्तान को अपने कर्ज संकट से उबारने में मदद के तौर पर देखा गया था। जॉन लेफ़ेवर की रिपोर्ट एक में बताया गया है, कि होटल 2020 से बंद था और इसे नए सिरे से बनाने की आवश्यकता थी। पाकिस्तान की सरकार ने इसे लीज पर देकर सालाना करीब 22 करोड़ डॉलर कमाने का लक्ष्य रखा है। तीन साल की लीज है, जिसके बाद होटल वापस पाकिस्तान को कर दिया जाएगा।

---

**विरोध** | **प्रदर्शनकारियों ने सत्तावादी राष्ट्रपति बशर अल-असद को हटाने की मांग की**

# सीरिया में गृह युद्ध : विद्रोही गठबंधन का अलेप्पो पर कब्जा

**एजेंसी ■ अलेप्पो**

विद्रोहियों ने सीरिया के प्रमुख शहर अलेप्पो में कब्जा कर लिया है, इसके साथ ही सीरिया गृह युद्ध ने एक नया मोड़ ले लिया है। इसके साथ ही 2016 के बाद पहली बार अलेप्पो सरकार के नियंत्रण से बाहर हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीरिया में गृह युद्ध के बीच विद्रोही गठबंधन ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर हमला कर अचानक से कब्जा कर लिया है। बताया जा रहा है कि साल 2016 के बाद यह पहली बार हुआ है जबकि अलेप्पो का कोई हिस्सा सरकार के नियंत्रण से छूट गया हो। इससे लंबे समय से जारी संघर्ष में नया गतिरोध पैदा कर दिया है। यहां बताते चलें कि साल 2011 में अरब स्प्रिंग के दौरान सीरिया में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों की शुरुआत हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने सत्तावादी राष्ट्रपति बशर अल-असद को हटाने की मांग की। इन प्रदर्शनों को बलपूर्वक दबाने के बाद सशस्त्र संघर्ष ने जन्म लिया। धीरे-धीरे छोटे-छोटे विद्रोही समूहों का गठित हुए थे। इनमें से कुछ को पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का समर्थन मिला। विद्रोहियों को तुर्की, सऊदी अरब, और अमेरिका का समर्थन मिला, जबकि असद सरकार को रूस और ईरान ने सैन्य सहायता प्रदान की।

नए विद्रोही गठबंधन का नेतृत्व हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) कर रहा है, जिसे पहले अल-नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता रहा। यह समूह पहले अल-कायदा से जुड़ा हुआ था, अब इसने विद्रोहियों के विभिन्न धड़ों को एकजुट किया है। अलेप्पो पर कब्जा इस गठबंधन के ताकतबर होने और सरकार के खिलाफ बढ़ते विरोध के तौर पर देखा जा रहा है। अलेप्पो, जो कभी सीरिया की आर्थिक राजधानी हुआ करती थी, 2016 में असद सरकार के नियंत्रण में आ गया था। इस शहर में विद्रोही गुटों की मौजूदगी रही। अब विद्रोही ताकतों का इसे फिर से अपने कब्जे में लेना सरकार के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इस परिवर्तन ने सीरिया के भविष्य को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। इस गृह युद्ध के दौरान सीरिया में अब तक लाखों लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों की संख्या करीब तीन लाख से ज्यादा बताई जा रही है, वहीं करीब 60 लाख लोग शरणार्थी बनकर देश छोड़ चुके हैं। गौरतलब है कि सीरिया में 2014 के बाद विद्रोहियों में चरमपंथी गुटों का वर्चस्व हो गया था, जिससे आईएसआईएस जैसे संगठन भी उभरकर सामने आए थे।

---

### गल्फ एयर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के कारण कुवैत में भूखे-प्यासे फंसे रहे भारतीय

**एजेंसी ■ कुवैत सिटी**

गल्फ एयर के विमान की हुई आपात लैंडिंग के चलते यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मुंबई से मैनचेस्टर की उड़ान भरने वाले यात्री विमान में करीब 60 भारतीय यात्री रविवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 24 घंटे तक भूखे-प्यासे फंसे रहे। विमान के यात्रियों का आरोप है कि लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें खाना-पानी, आवास या बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई गई। यूके और यूएस पासपोर्ट धारकों को ट्रांजिट वीजा की उपलब्धता के कारण बाहर जाने की अनुमति दी गई थी। ऐसे में स्थिति और खराब तब हो गई जब यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत करना शुरू कर दिया। इसके बाद कुवैत स्थित भारतीय दूतावास को हस्तक्षेप करना पड़ा। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा मुद्दा उठाने के बाद, कुवैत में भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर फंसे भारतीय यात्रियों से संपर्क साधा। वरिष्ठ नागरिकों और शिशुओं के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को हवाई अड्डे के अंदर ही बनी एक फैसिलिटी देने वाली जगह तक ले जाने पर सहमत हुए। वैसे इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने के लिए एयरलाइन से बातचीत की और संपर्क बनाए रखा।

# भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब ÷सहकार से समृद्धि÷ की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है।

हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं।

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत

▪ ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है।**

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है।

भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो। भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है। आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है। साथ ही, उसने एक स्थिर अर्थव्यवस्था के वैश्विक ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिसके साथ दुनिया व्यापार करना चाहती है। ये सब इसी कारण संभव हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, हमारा नेतृत्व संस्कृति से जुड़ा एक महान् कर्मयोद्धा कर रहा है। दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है। वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है। अन्यान्य क्षेत्रों के साथ भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर है। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसलिए सारा संसार भारत की ओर बड़ी आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। परन्तु अनेकानेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं के बीच कुछ विसंगतियां एवं विषमताएं भी हैं। भारत की अस्मिता का प्रतीक मातृशक्ति की आज सर्वत्र अवमानना की जा रही है। चरित्रहीनता, भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता से जूझता हुआ हमारा भारतीय समाज भोगवादी संस्कृति का आदी हो चुका है। अपने देश में भारत के हित में विचार करनेवाले, समाज की उन्नति के संबंध में चिंतन करनेवाले लोगों की कमी नहीं है। फिर भी आज देश की व्यवस्था में राष्ट्रभक्तों का अभाव दिखता है, संकीर्ण राजनीति एवं सत्ता की दौड़ में मूल्यों को धुंधलाने की स्थितियां कमजोर करती है।

## विश्व दिव्यांगजन दिवस

# दिव्यांगजन अधिकार संरक्षण में अग्रणी मध्यप्रदेश

हर वर्ष 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजन के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हर व्यक्ति, चाहे वह शारीरिक या मानसिक रूप से सक्षम हो या नहीं, समाज का अभिन्न हिस्सा है। इस अवसर पर हम न केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान करते हैं, बल्कि उनके सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने और उनके लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए कई प्रभावी योजनाएं और कार्यक्रम लागू किए हैं, जो उनकी कार्यक्षमता और जीवन-स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। मध्यप्रदेश दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी राज्य है। वर्ष 2011 की जनगणना में 15 लाख 51 हजार से अधिक दिव्यांगजन का चिन्हांकन किया गया था, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार दिव्यांगजन की 21 श्रेणियों को इसमें सम्मिलित किया गया है। राज्य सरकार का मानना है कि दिव्यांगजन में प्रतिभा की कमी नहीं होती है, जरूरत उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने की है। हम लगातार देख रहे देश-प्रदेश के दिव्यांग भाइयों द्वारा हर क्षेत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई है।



नारायण सिंह कुशवाह

मध्यप्रदेश के परिक्षेत्र में हम देखें तो पायेंगे कि इस वर्ग के लोगों को यूनिक आईडी कार्ड बनाने का कार्य संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा। भारत सरकार ने इस वर्ष 2023-24 में 6.60 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया था। प्रदेश 8 लाख 85 हजार कार्ड तैयार कर देश में द्वितीय स्थान पर है। इसी प्रकार सुगम्य भारत अभियान के तहत प्रदेश के दिव्यांगजन को शासकीय कार्यालयों में आने जाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए सुगम्य भारत अभियान को बाधा रहित वातावरण निर्माण के लिये भारत सरकार द्वारा 2023 का सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

**दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के उद्देश्य :** 1. दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाना। 2. समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना। 3. दिव्यांगजन को रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं में समान अवसर प्रदान करना।

मध्यप्रदेश में दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ने के लिये अनेक अभियान एक साथ चलाए जा रहे है। इनमें प्रमुख हैं:-

**एडीआईपी योजना :** केन्द्र सरकार की एलिम्को संस्था के माध्यम से संचालित एडिप योजना के तहत राज्य में वर्ष 2023-24 और 2024-25 में 37,224 दिव्यांगजन को 49.26 करोड़ रुपये मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए गए। वर्ष 2024-25 में 14 जिलों में उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें 3,228 हितग्राहियों को 546.85 लाख रुपये मूल्य के कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

**निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना :** इस योजना के तहत पात्र दिव्यांग दंपत्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यदि एक साथी दिव्यांग है तो 2 लाख और यदि दोनों दिव्यांग हैं तो 1 लाख की सहायता दी जाती है। इस योजना से वर्ष 2023-24 में 122 और 2024-25 (अगस्त तक) में 1,200 दंपत्तियों को लाभान्वित किया गया। योजना शुरू होने से अब तक 17,095 दंपत्तियों को सहायता मिली है।

**मुख्यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना :** दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना लागू की गई है। योजना के तहत, छात्रों को लेपटॉप और बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दी जाती है। वर्ष 2024-25 में 70 छात्रों और 2023-24 में 537 छात्रों को लाभ मिला है। इस, दिव्यांग दिवस पर पात्र छात्रों को ये उपकरण वितरित किए जाएंगे।

**समावेशी समाज की दिशा में कदम :** दिव्यांगजन के लिए सहायक उपकरण जैसे कृत्रिम अंग, बैसाखी, श्रवण यंत्र, और मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उनकी दैनिक जीवन की चुनौतियों को कम करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही, यूडीआईडी कार्ड उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सक्षम बनाता है।

**सामाजिक जागरूकता और सहभागिता :** विश्व दिव्यांग दिवस केवल योजनाओं और सहायता तक सीमित नहीं है, यह समाज को यह समझाने का अवसर भी है कि दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि एक विशेषता है। हमें उनकी क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए और उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।

**निष्कर्ष :** दिव्यांगजन का सशक्तिकरण केवल राज्य सरकार का कार्य नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब हम समावेशी दृष्टिकोण अपनाते हैं, तब हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिले। इस विश्व दिव्यांग दिवस पर, आइए हम दिव्यांगजन को सशक्त बनाने की दिशा में अपने प्रयासों को और मजबूत करें और उनके योगदान को स्वीकार कर उनके साथ एक नए समावेशी और सक्षम समाज की ओर कदम बढ़ाएं।

**(लेखक मध्यप्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री हैं।)**

## राजकाज

### भागवत की सलाह अच्छी पर बच्चे पालें कैसे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक बार फिर हिंदुओं की आबादी को लेकर इशारों ही इशारों में ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात कह दी है। दरअसल भागवत ने हिंदुओं का नाम लिए बिना ही भारत में उनकी घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर की और परिवार की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि अगर समाज की जनसंख्या वृद्धि दर गिरते-गिरते 2.1 प्रतिशत के नीचे चली गई तो फिर समाज को किसी और को बर्बाद करने की जरूरत नहीं, वह खुद ही नष्ट हो जाएगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना बेहद जरूरी है। इस पर अब प्रतिक्रियाएं आना शुरु हो गई हैं और ज्यादातर लोग यही कहते सुने जा रहे हैं कि इस महंगाई में एक बच्चा पालना तो दूभर हो गया है, ऐसे में तीन-तीन बच्चे पैदा करके कैसे पाले जाएंगे यह भी भागवत जी बता दें तो बेहतर होगा। वैसे देश में तो हम दो हमारे दो, के बाद हम दो हमारा एक की बात चलती आ रही है, अब हम दो हमारे तीन, चार, पांच वाली बात कैसे हजम हो लोगों को समझ से परे लग रही है।

### कांग्रेस नेताओं को बीफ पर पत्र लिखने की सलाह

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का कहना है कि उन्हें इस बात की खुशी है कि कांग्रेस के नेता बीफ विरोध में आ गए हैं। ऐसे में यदि वो पत्र लिखें, तो हम सर्वसम्मति से बीफ पर प्रतिबंध लगा सकते हैं। दरअसल, कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन का आरोप था कि नगांव जिले के सामगुरी विधानसभा क्षेत्र में बीफ पार्टी का आयोजन किया गया। ऐसी पार्टियों का मकसद मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने जैसी थीं। उन्होंने दावा किया कि यह महज आरोप नहीं बल्कि उनके पास तो इसके पुख्ता सबूत भी हैं और वो इस संबंध में चुनाव आयोग द्वारा पूछे गए किसी भी सवाल का जवाब देने में सक्षम हैं। इसी पर सीएम सरमा ने कहा, जिस समागुरी में कांग्रेस ने 25 सालों तक राज किया है, वहां से उसका महज 27 हजार वोटों से हार जाना बड़े ही शर्म की बात है। राजनीति से परे लोग भी यही कहते सुने जाते हैं कि राज्य में बीफ कोई मामला नहीं बल्कि राजनीति करने का एक जरिया बन गया है। इस लिए पत्र लिखने की बात कही जा रही है, यदि कुछ करना होता तो पहले ही कर चुके होते।

### क्या वाकई चिराग को लगा जोर का झटका?

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के संबंध में कहा जा रहा है कि उन्हें एक बड़ा झटका लगा है। यह झटका इस मायने में है कि उनके नेताओं ने बड़ी संख्या में इस्तीफा दे दिया है। बताया गया है कि बिहार के गया में पार्टी के युवा लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) विंग की पूरी की पूरी कमेटी ने ही सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के साथ ही टीम ने पार्टी के शीर्ष नेताओं पर कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दिए जाने का आरोप भी लगाया है। यही नहीं इस संबंध में लोजपा (रामलिवास) के युवा विंग के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता तक कर दी है, जिससे वाकई जिम्मेदार नेताओं की अच्छीखासी फजीहत हो गई।

## फीचर

# इस प्रकार शुरुआत में कैंसर का पता चलेगा

**अगर आपको कोई भी दिक्कत बार-बार होती है, तो इसे हल्के से नहीं लेते हुए अपने डॉक्टर से ज़रूर संपर्क करें। ये हैं कैंसर की शुरुआत भी हो सकती है। अगर आपको अक्सर सांस लेने में दिक्कत होती है और सांस लेते वक्त आवाज़ भी सुनाई देती है, तो यह फेफड़े के कैंसर की शुरुआत के संकेत हो सकते हैं।**

कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बेहद ही मुश्किल और दर्दनाक है। कई तरह के कैंसर ऐसे भी होते हैं, जिनका कोई इलाज ही नहीं है। इसीलिए शुरुआत में ही लक्षणों को पहचानकर अगर हम डॉक्टर के पास जायें तो कैंसर की रोकथाम की जा सकती है। इसके लिए आपको थोड़ा सतर्क और जागरुक रहना पड़ेगा। अगर आपको कोई भी दिक्कत बार-बार होती है, तो इसे हल्के से नहीं लेते हुए अपने डॉक्टर से ज़रूर संपर्क करें। ये हैं कैंसर की शुरुआत भी हो सकती है। अगर आपको अक्सर सांस लेने में दिक्कत होती है और सांस लेते वक्त आवाज़ भी सुनाई देती है, तो यह फेफड़े के कैंसर की शुरुआत के संकेत हो सकते हैं। कैंसर के कई मरीज़ बाजू और सीने में दर्द की शिकायत करते हैं। ये ट्यूमर और रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया) का संकेत हो सकता है। ल्यूकेमिया के शुरुआती दिनों में मरीज़ को बार-बार इंफेक्शन और बुखार होता है। ऐसा इसीलिए, क्योंकि शरीर में सफेद रक्त कणों की गिनती सामान्य नहीं रहती। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति भी प्रभावित होती है ऐसे में बुखार और संक्रमण बार -बार होने लगता है। गले का कैंसर होने पर मरीज़ को खाना निगलने में दिक्कत होती है। लिम्फ नोड्स बीन्स की शेप में ग्लैंड्स होते हैं। कैंसर के शुरू होने पर यह सूज सकते हैं और अंडरआर्म के नीचे या गर्दन पर देखे जा सकते हैं। ल्यूकेमिया के कारण लाल रक्त कण और प्लेटलेट्स में बदलाव हो सकता है, जिससे रक्त स्राव (ब्लीडिंग) का भी खतरा बढ़ जाता है। जब शरीर ज़रूरत से ज़्यादा काम करता है, तब तो थकान होती ही है, पर थकान का हमेशा रहना भी कैंसर का संकेत हो सकता है।

## प्रेरणा

# गुरु का पाठ

गंगा के किनारे बने एक आश्रम में महर्षि मुद्गल अपने अनेक शिष्यों को शिक्षा प्रदान किया करते थे। उन दिनों वहां मात्र दो शिष्य अध्ययन कर रहे थे। दोनों काफी परिश्रमी थे। वे गुरु का बहुत आदर करते थे। महर्षि उनके प्रति समान रूप से स्नेह रखते थे। आखिर वह समय भी आया, जब दोनों अपने-अपने विषय के पारंगत विद्वान बन गए। मगर इस कारण दोनों में अहंकार आ गया। वे स्वयं को एक-दूसरे से श्रेष्ठ समझने लगे। एक दिन महर्षि स्नान कर पहुंचे तो देखा कि अभी आश्रम की सफाई भी नहीं हुई है और दोनों शिष्य सोकर भी नहीं उठे हैं। उन्हें आश्चर्य हुआ क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं होता था। महर्षि ने जब दोनों को जगाकर सफाई करने को कहा तो दोनों एक-दूसरे को सफाई का आदेश देने लगे। एक बोला-मैं पूर्ण विद्वान हूं। सफाई करना मेरा काम नहीं है। इस पर दूसरे ने जवाब दिया-मैं अपने विषय का विशेषज्ञ हूं। मुझे भी यह सब शोभा नहीं देता। महर्षि दोनों की बातें सुन रहे थे। उन्होंने कहा- ठीक कह रहे हो तुम लोग। तुम दोनों बहुत बड़े विद्वान हो और श्रेष्ठ भी। यह कार्य तुम दोनों के लिए उचित नहीं है। यह कार्य मेरे लिए ही ठीक है। उन्होंने झाड़ू उठाया और सफाई करने लगे। यह देखते ही दोनों शिष्य मारे शर्म के पानी-पानी हो गए। गुरु की विनम्रता के आगे उनका अहंकार पिघल गया। उनमें से एक ने आकर गुरु से झाड़ू ले लिया और दूसरा भी उसके साथ सफाई के काम में जुट गया। उस दिन से उनका व्यवहार पूरी तरह बदल गया।



## अपनी बात

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, ''जनसंख्या में कमी गंभीर चिंता का विषय है। जनसांख्यिकी अध्ययनों से पता चलता है कि जब किसी समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे जाती है, तो उसके विलुप्त होने का खतरा होता है। इस गिरावट के लिए जरूरी नहीं कि बाहरी खतरे हों; कोई समाज धीरे-धीरे अपने आप ही विलुप्त हो सकता है।''

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यूनेस्को ने राज्य को धरोहर पर्यटन का सबसे बेहतर गंतव्य घोषित किया है, और इस बात पर बल दिया कि इस क्षेत्र ने लाखों युवाओं के लिए रोजगार का सृजन किया है। ममता ने विधानसभा में कहा कि राज्य ने धार्मिक, धरोहर और चाय बागान के पर्यटन में ''उल्लेखनीय प्रगति'' की है। उन्होंने कहा, ''यूनेस्को ने बंगाल को धरोहर पर्यटन का सबसे बेहतर गंतव्य घोषित किया है।

# बांग्लादेश में हो रही हिन्दूओं के खिलाफ हिंसा की मैं निंदा करता हूं : सिंधिया

## भूमाफिया से बड़ा राशन माफिया, प्रशासन के साथ बैठक उपरांत पत्रकारों से हुए रूबरू

सत्ता सुधार ■ गुना

बांग्लादेश में हो रही हिन्दूओं के खिलाफ हिंसा और प्रताड़ना की मैं घोर निंदा करता है। हर देश की जिम्मेदारी होती है कि वह अपने हर नागरिक की सुरक्षा पूर्ण रूप से करें।

मैं कामना करता हूं कि एक-एक व्यक्ति जान-माल की सुरक्षा वहां हो। उक्त बात क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गत रात कलेक्टोरेट में दिशा की बैठक के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने एक सवाल के जबाव में कहा कि गुना और अशोकनगर दोनों जिलों के प्रशासन ने भूमाफिया, राशन माफिया के खिलाफ बहुत अच्छा काम किया है। हर महीने इसकी डिटेल आ रही हैं। केवल भूमाफिया ही नहीं, राशन माफिया पर भी बड़ी कार्रवाई हुई है। जितना बड़ा भूमाफिया है, उससे बड़ा राशन माफिया है। अभी हाल ही में अशोकनगर में तो बड़े-बड़े राशन माफियाओं को पकड़ा है।

इन सख्त कार्रवाई हो रही है। एक तो इनता बड़ा है कि 44 लाख का राशन में गबन किया है। ऐसे बड़े-बड़े केसों को भी हम हाथ में ले रहे हैं और सख्त कार्रवाई कर रहे हैं।

### संसद की कार्यवाही बाधित करने पर सिंधिया का विपक्ष पर निशाना

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में विपक्ष द्वारा लगातार अदाणी रिश्वत मामले पर चर्चा की मांग को लेकर किए जा रहे हंगामे पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। सिंधिया ने कहा विपक्ष की हठधर्मिता देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उनकी प्राथमिकता देश के मुद्दों पर चर्चा के बजाय अपनी राजनीति चलाना जिन्हें जनता ने बार-बार नकारा है, वे लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास जताया है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन संपन्न

**गुना।** दिसम्बर माह के प्रथम कार्य दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्यालय की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के गायन के साथ की गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमति जिया फातिमा की उपस्थिति में सामुहिक रूप से कलेक्ट्रेट जनसुनवाई परिसर में राष्ट्रगीत का गायन किया गया। इस अवसर विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने किया डिजिटल शाला परियोजना का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ गुना

केन्द्रीय मंत्री संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालयज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज जिले के भ्रमण के दौरान होटल राजविलास में डिजिटल शाला परियोजना का शुभारंभ किया। मुस्कान ड्रीम्स फाउंडेशन और एलटीआई माइंडट्री ने मिलकर एक अनूठी पहल, डिजिटल शाला परियोजना, की शुरुआत की है। इस परियोजना का उद्देश्य 100 से अधिक सरकारी स्कूलों के 10,000 छात्रों और 200 शिक्षकों तक डिजिटल शिक्षा के फायदे पहुंचाना है। यह पहल छात्रों को 21वीं सदी के तकनीकी और शैक्षिक कौशल से सशक्त बनाएगी, जिससे उनका भविष्य उज्जवल और आत्मनिर्भर हो सके। **परियोजना के उद्देश्य:** शिक्षकों के डिजिटल कौशल को सशक्त बनाना और उन्हें नई तकनीकों से परिचित कराना। छात्रों को सक्रिय और आत्मनिर्भर बनाना। गणित और विज्ञान जैसे विषयों में परिणाम सुधारना। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से स्कूलों में गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रयास करना। शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार लाकर सभी छात्रों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना। मुस्कान ड्रीम्स फाउंडेशन और एलटीआई माइंडट्री का यह सहयोग डिजिटल शिक्षा को एक नई दिशा देने और सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए उन्नत शैक्षिक अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शुभारंभ अवसर पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला उपाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया, फाउंडर मेंबर अभिषेक दुबे, मनोज पचौरी डायरेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डिजिटल शाला परियोजना के लाभ

शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने में सहायता देकर कक्षाओं को अधिक रोचक और प्रभावी बनाना। छात्रों की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भरता से सीखने की क्षमता प्रदान करना। गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषयों में बेहतर शैक्षिक परिणाम हासिल करना। छात्रों की विषयों में गहरी समझ विकसित करना, जिससे उनकी अकादमिक क्षमता का समग्र विकास हो सके।

### महाराज खेतसिंह जयंती के लिए समाज ने दिया सिंधिया को आमंत्रण

गुना। क्षत्रिय खंगार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नन्ना एवं राष्ट्रीय टीम के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की और महाराज खेतसिंह जयंती पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय समारोह में शामिल होने आमंत्रित किया। खंगार समाज के मोनू सिंह परिहार ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलने समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह खंगार और अन्य वरिष्ठ जन पहुंचे थे। महाराजा खेत सिंह खंगार जी की जयंती पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम 27, 28, 29 दिसंबर को गढ़कुडार में होने जा रहा है। श्री सिंधिया ने गड़कुडार महोत्सव में आने के लिए आश्वासन दिया। इसके पहले खंगार समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के गुना आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया। भदौरा के पास वेयरहाउस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नन्ना, राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक मिधा, हाकम सिंह परिहार, गोपाल सिंह परिहार, गोविन्द सिंह परिहार, कोमल सिंह आदि का स्वागत किया गया।

# पन्हेंटी हिंसा मामले में पुलिस ने दबोचे दो आरोपी

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के फतेहगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पन्हेटी में तोड़फोड़ व आगजनी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पन्हेटी में शासकीय वन भूमि के कब्जे को लेकर मिलाला एवं बंजारा समाज के दो पक्षों के बीच चले आ रहे विवाद में 1 नवम्बर 24 को दोनों पक्षों में हुए झगड़े के बाद 25 नवम्बर को मिलाला समाज से घायल गल सिंह भिलाला की मृत्यु हो जाने पर 26 नवम्बर 24 को मिलाला समाज के कुछ लोगों द्वारा आक्रोशित होकर दूसरे पक्ष के लोगों के घरों पर तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना कर काफी नुकसान पहुंचाया गया था। इस घटना पर से 13 नामजद आरोपियों व अन्य अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 299/24 थारा 191(2), 191(3), 190, 324(5), 326 (ए), 326 (जी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

उपरोक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना दिनांक को ही मुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा तत्काल ग्राम पन्डेटी पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों को खानपान व अन्य जरूरत का सामान मुहैया करवाया गया था। इसके बाद 29 नवम्बर 24 को पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविन्द कुमार सक्सेना द्वारा ग्राम पन्डेटी पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर बंजारा समाज के पीड़ित परिवारों से चर्चा की गई एवं घटना के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थे। एसपी सिंहा के दिशा निर्देशन एवं एएसपी मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण के फरार आरोपियों की तलाश व पतासाजी के सघनता से प्रयास किए। जिनकी तलाश के क्रम में गत् दिवस मुखबिर की सूचना पर प्रकरण के दो आरोपियों सीताराम उर्फ मल सिंह पुत्र पातलिया भिलाला एवं प्रकाश पुत्र अनिल भिलाला निवासीगण बीलवाली पठार ग्राम पन्हेटी थाना फतेहगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार किया। जिन्हें सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

# राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर ली गई शपथ

सत्ता सुधार ■ गुना

राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरआर माथुर द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं स्टाफ को शपथ दिलाई। शपथ में एकल उपयोग प्लास्टिक कम करने, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने, बाजार में खरीददारी के दौरान कपड़े का थैला लेकर जाने, पानी की बचत करने और जल संकट के प्रति जागरूकता फैलाने, बिजली की बचत करने और ऊर्जा संवर्धन उत्पादों का उपयोग करने, पैदल चलने, साइकिल का उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करूंगा, वृक्षारोपण और जैव विविधता के संरक्षण में भाग लेने, पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देने, खाद्य अपव्यय करने और स्थानीय खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देने, हानिकारक रसायनों से बचने, जैविक विकल्पों को अपनाने, पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक करने, पर्यावरणीय अभियानों में भाग लेने और सकारात्मक बदलाव के प्रयास करने आदि की शपथ ली गई। राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान 3.0 की प्रगति का लिया जायजा

# कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय चांचौड़ा का किया

सत्ता सुधार ■ गुना



कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने आज एसडीएम एवं तहसील कार्यालय, न्यायालय चांचौड़ा का औचक निरीक्षण किया। राजस्व न्यायालयों (आरसीएमएस) में दर्ज प्रकरणों, नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, आधार का आरओआर से लिंकिंग, पीएम किसान ई केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री की विस्तृत समीक्षा की।

### एसडीम राजस्व महा अभियान के तहत दर्ज प्रकरणों की नियमित रूप से करें समीक्षा : कलेक्टर

इस दौरान अभिलेख पंजी को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए न्यायालय में परित आर्डर शीट के साथ आदेश का भी उल्लेख किया जाए और सभी प्रकरणों को स्वयं देखकर उनका निराकरण करें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन आवंटन एवं उठाव की


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–ललितपुर
पताः–विकास भवन, प्रथम तल, ललितपुर।

## ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक– 982 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रा0 / 2024–25 दिनांक–23.11.2024

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड ललितपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी,सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।* निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (ई0एम0डी0) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| मा0 श्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) मा0 राज्य मंत्री, श्रम एवं सेवा योजना विभाग, उ0प्र0 सरकार/ सदस्य विधानसभा–महरौनी की संस्तुति के क्रम में | | | | | | |
| 1 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम सतरवांस में बरिया वारे मुहल्ला में संत रविदास मन्दिर के पास रैनबसेरा का निर्माण कार्य। | 8.68 | 17400 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 2 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा ग्राम खिरिया छतारा में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य। | 5.09 | 10200 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 3 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम कचनौंदा कलां में मुहल्ला पांती में धन्सू कुशवाहा के घर से छुट्टन कुशवाहा एवं नन्दराम कुशवाहा के घर की ओर पेवर ब्रिक्स रोड का निर्माण कार्य। | 33.85 | 67700 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 4 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम करमरा मजरा रमपुरा में काशीराम के घर से बबलू के घर की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 25.41 | 50900 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 5 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम बरौदिया में राजमन्दिर के पास सार्वजनिक स्थान पर टीनशैड एवं चबूतरा का निर्माण कार्य। | 5.09 | 10200 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 6 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम बालाबेहट में चौवारा तिगड्डा से के0पी0 राजा के मकान की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 15.25 | 30500 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 7 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम सलैया में दुर्गा माता मन्दिर के पास सार्वजनिक स्थान पर टीनशैड एवं चबूतरा का निर्माण कार्य। | 5.08 | 10200 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 8 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम भौंरदा में मन्दिर के पुल से देवी जी मन्दिर की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 15.09 | 30200 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 9 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम मैनवार में झल्लू राजा के मकान से टपरन प्रा0वि0 की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 20.34 | 40700 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 10 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम सतौरा में बालचन्द्र अहिरवार के घर से पूरन टेलर के के घर की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 20.34 | 40700 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 11 | ललितपुर | विकास खण्ड बिरधा के ग्राम टीला में अंजनी माता मन्दिर के पास टीनशैउ एवं चबूतरा का निर्माण कार्य। | 5.09 | 10200 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 12 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम बहादुरपुर में तिलकराम दुबे के घर से दीपक दुबेके घर की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 10.17 | 20400 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 13 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम पारौल में आदिवासी फूलबाग मुहल्ला में मोहन रैकवार के घर से दुल्ले धानक के घर की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 15.25 | 30500 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 14 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम पिसनारी में होलिका दहन के स्थान से दुर्गामाता मन्दिर की ओर पेवर ब्रिक्स निर्माण कार्य। | 10.17 | 20400 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 15 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम बडवार में अरविन्द सहरिया के मकान से राजू सहरिया के मकान की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 7.63 | 15300 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 16 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम मडावरा में मास्टर कालोनी में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल से शिवमन्दिर की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 9.38 | 18800 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 17 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम पडरिया में प्राथमिक विद्यालय से नहर की पुलिया की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 15.25 | 30500 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 18 | ललितपुर | विकास खण्ड मडावरा के ग्राम मुडिया में लल्लू रूरया के घर से थान सिंह के घर की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 12.86 | 25800 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 19 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम सादूमल में मजरा तलउ में बगाज माता मन्दिर के पास सार्वजनिक स्थान पर टीनशैड एवं चबूतरा का निर्माण कार्य। | 5.09 | 10200 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 20 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम नारायणपुर में प्राथमिक विद्यालय के पास से सैर की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 10.17 | 20400 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 21 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम कुआंधोषी में चांदे का पुरवा मेन मडावरा रोड से दौलत अहिरवार के घर की ओर पेवर ब्रिक्स निर्माण कार्य। | 20.33 | 40700 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 22 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम पड़वा में मैन बानपुर रोड से जैन मन्दिर की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 24.28 | 48600 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 23 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम पंडवा में कारसदेव बाबा के पास सार्वजनिक स्थान पर टीनशैड एवं चबूतरा निर्माण कार्य। | 5.09 | 10200 | 225+500+41 =766 | 04 माह |
| 24 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम सुकाडी में चिरौला रोड से बगीचा की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 15.22 | 30500 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 25 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम कोरवास में कुम्हडी बारौन मार्ग की ओर से मैन सडक की ओर पेवर ब्रिक्स का निर्माण कार्य। | 15.25 | 30500 | 300+500+54 =854 | 04 माह |
| 26 | ललितपुर | विकास खण्ड महरौनी के ग्राम पाली में प्यारे राजा के मकान से सूर्यप्रताप के मकान की ओर पेवर ब्रिक्स सडक का निर्माण कार्य। | 12.96 | 26000 | 225+500+41 =766 | 03 माह |

1. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 05.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे से।
2. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय :– 05.12.2024 को दोपहरः 12.00 बजे से।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय :– 05.12.2024 को दोपहरः 12:00 बजे से।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय :–04.01.2025 को दोपहर 12:30 बजे तक।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 07.01.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे।
6. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
7. निविदा आन–लाईन वैब साइट *https://etender.up.nic.in* पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
8. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट *https://etender.up.nic.in* पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

RO NO.223108
RO DATE.29.11.2024
यह विज्ञापन बेवसाईट– www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–ललितपुर।
महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

# संतरे से पाएं शीतलता

मीठा रस भरा संतरा बच्चो को ही नहीं, बड़ों को भी अच्छा लगता है। इसका वनस्पति नाम चित्तुस रेतिकुलाता ब्लेको है। यह आरेकासी परिवार का सदस्य है। संतरे का वृक्ष मध्यम आकार का झाड़ीनुमा तथा कांटेदार वृक्ष होता है। यह उष्ण कटिबंधीय वातावरण मे उगता है। इसके पत्ते, छोटे, गोल-बेलनाकार तथा छोटे डंठल वाले होते है।



यों तो संतरा एक मौसमी फल है, परन्तु यह सारे देश में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसकी पैदावार नागपुर, असम में सिलहट और उत्तरप्रदेश के पहाड़ी भागों में अधिक होती है। नागपुर का संतरा अपने स्वाद के लिए बहुत प्रसिद्ध है। कृषि वैज्ञानिकों ने इसकी विभिन्न किस्में पैदा करके इसे विभिन्न जलवायु के अनुकूल बना लिया है। संतरा बहुत उपयोगी फल है। गर्मी में तो इसकी उपयोगिता बहुत बढ़ जाती है, क्योंकि इससे उष्णता शांत होती है।

- आयुर्वेद के अनुसार संतरा वातनाशक, तृषाशामक, दाह, ज्वर एवं हृदय विकार को दूर करने वाला होता है। यह मुंह की दुर्गंध दूर करता है। इससे कब्ज भी दूर होती है। इसमें लगभग 87.4 प्रतिशत पानी, 10.5 प्रतिशत कार्बनिक पदार्थ, 0.1 प्रतिशत प्रोटीन और 0.3 प्रतिशत वसा होता है। यह फल विटामिन 'सी' का भंडार होता है।
- गर्मियों में बार-बार प्यास लगने पर पके संतरे का ताजा फाड़ियों को चूसने से प्यास शांत होती है। जी मिचलाने और उल्टी होने पर भी संतरे की ताजा फाड़ियों को चूसना लाभकर होता है। बुखार में जब रोगी को बेचैनी होती है, बार-बार प्यास लगती है, मुंह सूख जाता है तो रोगी को मीठे संतरे की फाड़ियों चूसने को दें। इससे रोगी तृप्त एवं शांत होता है। बुखार एवं खांसी में आराम के लिए मीठे संतरे के गूदे में शक्कर या चीनी डालकर गर्म करके रोगी को खिलाएं। परन्तु ध्यान रखें कि संतरा मीठा ही हो, क्योंकि खट्टे संतरे के ज्यादा सेवन से कफ विकार हो जाता है।
- पायरिया के कारण यदि मसूढ़े फूल जाएं तथा उनमें सड़न के कारण दुर्गंध व रक्त आने लगे तो रोगी को प्रतिदिन संतरे का ताजा रस दिया जाना चाहिए। साथ ही संतरे के छिलकों को बारीक पीसकर दंतमंजन में मिला लें, फिर इस मंजन से धीरे-धीरे मसूढ़ों की मालिश करें। इससे रोगी को लाभ होगा।
- छोटे शिशुओं को यदि ताजा संतरे का रस थोड़ी मात्रा में नियमित रूप से पिलाया जाए तो उनका शरीर तंदुरुस्त रहता है तथा रक्त शुद्ध रहता है। इससे उनकी हड्डियां मजबूत होती हैं तथा उनका पूर्ण विकास होता है।
- खाज-खुजली होने पर भी संतरे का रस पीने से राहत मिलती है। साथ ही प्रभावित स्थान पर ताजा संतरे का छिलका रगड़ना चाहिए। इसके छिलके से आंखें भी साफ हो जाती हैं।
- गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन संतरे का सेवन करना चाहिए, इससे मां तथा गर्भस्थ शिशु दोनों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। गर्भवती महिलाओं को होने वाले वमन तथा अतिसार के लिए संतरे के छिलके के चूर्ण की कुछ मात्रा देकर संतरे का रस पिलाएं।
- यदि शिशुओं के पेट में कृमि हो जाएं तो संतरे के छिलकों को चार कप पानी में चौथाई शेष रहने तक उबाल लें, फिर छान कर उसमें थोड़ी सी हींग मिलाकर एक चम्मच शिशु को नियमित रूप से सुबह-शाम पिलाएं। इससे पेट के कृमि शीघ्र ही नष्ट हो जाएंगे।
- प्रतिदिन प्रातःकाल निराहार एक-दो रसीले संतरे खाने से मंदाग्नि की शिकायत दूर होती है। हृदय तथा छाती की कमजोरी, पेट की गड़बड़ तथा श्वास की बीमारी में संतरे का सेवन लाभ देता है।
- इन्फ्लुएंजा के लिए संतरा रामबाण औषधि है। इन्फ्लुएंजा होने पर लगातार तीन-चार दिन ताजा संतरा खाएं और उबला हुआ ठंडा पानी पीएं।

## संतरे का कच्चा फल

यह हरा होता है, जबकि पकने पर पीला, नारंगी, मीठा एवं रस वाला हो जाता है। फल एक चिकने व सख्त छिलके के अंदर सुरक्षित रहता है। रस और गूदा विभिन्न फाड़ियों के रूप में पतली सी झिल्ली में होता है।

# मीठी रहे आवाज

**सभी** मीठी, स्पष्ट लहजे वाली और मन में गहरे उतर जाने वाली आवाज चाहते हैं। यह आपको मिलती भी है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ इसका असर कम होता जाता है। अगर आप अपनी आवाज पर उम्र का असर नहीं होने देना चाहते, तो ये उपाय अपनाएं।

**तरल पेय लेते रहें** : इसका मतलब पानी तथा नारियल पानी जैसे कुछ पेय पदार्थों से है। आपकी वोकल कॉर्ड्स हमेशा अपने आस-पास उपस्थित ग्लैंड्स से निकलने वाले लार जैसे पदार्थ से चिकनी बनी रहती हैं। इस चिकनेपन को बनाए रखने के लिए शरीर को पर्याप्त नम बनाए रखने की जरूरत होती है। तो बस गला तर करते रहिए।

**चटपटा खाना खतरनाक** : बहुत ज्यादा मसालेदार, चटपटा तथा चर्बीयुक्त भोजन भी गले के लिए खतरनाक हो सकता है। पेट में होने वाली गड़बड़ियों के फलस्वरूप एसिड रिफ्लक्स जैसी दिक्कत पनप सकती है। इससे गला बार-बार चोक होता है व आवाज पर असर पड़ता है।

**रोजाना करें खूब बक-बक** : रोजाना कुछ देर की गई बातचीत वोकल कॉर्ड्स को एक तरह की कसरत करवाती है और इन्हें लंबे समय तक जवान बनाए रखती है।

**नहाते समय गाना गाएं** : शॉवर के नीचे नहाते हुए गाना गाने से आपकी लैरिंक्स (कंठ) की मांसपेशियां ताकतवर बनी रहती हैं। साथ ही वॉइस बॉक्स में चिकनापन बना रहता है।

**भूल से भी चिल्लाएं मत** : इससे वोकल कॉर्ड्स को खुलने-बंद होने में परेशानी होगी। अगर ऐसा बार-बार हुआ तो कॉर्ड्स में नोड्यूल्स यानी सेल्यूलोज जैसा जमाव हो सकता है। इससे कंठ की मांसपेशियां जल्दी थकेंगी और आराम की स्थिति में नहीं रहेंगी।

**ठीक से खड़े रहो** : थके और ढीले तरीके से खड़े रहने-बैठने से भी आवाज पर असर पड़ता है। इसके कारण पूरी वोकल ट्रेक्ट बदल जाती है।

**शराब और सिगरेट को कहें बाय** : धूम्रपान के कारण लैरिंक्स की कुदरती नमी सूख जाती है और वोकल कॉर्ड्स का काम करना बंद हो सकता है, वहीं निकोटिन जैसे पदार्थ गैस्ट्रिक रिफ्लक्स भी पैदा करते हैं। धूम्रपान से पैदा होने वाली गरमी वोकल कॉर्ड्स पर धब्बे बना देती है, जो नुकसानदायक है। इसी तरह अल्कोहल गले में मौजूद म्यूकस मेम्ब्रेन को खतरनाक बना सकता है।

**व्यायाम यहां भी जरूरी** : व्यायाम से फेफड़ों की कार्य-क्षमता बढ़ती है। खासतौर पर पेट को मजबूत बनाने वाली एक्सरसाइज कीजिए। इससे गहरी सांस लेने में मदद मिलेगी और आवाज बेहतर बनेगी।

**चुप रहिए**: इसका मतलब है कि परेशानी के समय थोड़ा विराम भी लें। अगर बहुत ज्यादा सर्दी-खांसी के दौरान भी आप लगातार बोलते रहे तो वोकल कॉर्ड को दिक्कत आ सकती है।

# अत्यधिक संवेदनशीलता भली भी-बुरी भी



**मनोवैज्ञानिक** दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशीलता मानसिक व्याधि की परिधि में नहीं आती है, लेकिन किसी भी माहौल में आपकी प्रतिक्रिया देने के तरीके से आपके जीवन की क्वॉलिटी पर निश्चित ही असर पड़ता है। दरअसल, संवेदनशील लोगों के बारे में एक बात अवश्य रोचक रहती है कि इन लोगों में से लगभग कोई भी 'संवेदनाहीन 'नहीं होता है। यह और बात है कि विभिन्न इंसानों में इसकी सीमाएं अलग-अलग होती है।

## क्या हैं सकारात्मक पहलू

विशेषज्ञों की मानें तो, अत्यधिक संवेदनशील लोगों की कार्यशैली सामान्य लोगों से हटकर थोड़ी उम्दा होती है। फिर चाहे ड्रेसिंग सेंस हो, भोजन पकाना हो, संगीत का शौक हो या फिर लोगों से बातचीत का लिहाजा हो। ऐसे लोग किसी भी काम को हल्के तौर पर नहीं लेते। वे कोई भी कार्य काफी तल्लीनता से करते हैं। अपने भीतरी छिपे भावनात्मक पक्ष के प्रति काफी सचेत होते हैं। इसीलिए वे किसी भी रचनात्मक कार्य को बेहद खूबसूरत अंदाज में शक्ल देते हैं। आपको कई एक्टर, डायरेक्टर, राइटर और पेंटर ऐसे मिलेंगे, जो बेहद संवेदनशील होंगे। यही वजह है कि एक अच्छा टीचर, मैनेजर या थेरेपिस्ट बनने के लिए संवेदनशील होना अच्छा माना जाता है।

## कैसे स्थितियों को संभालें

अपनी संवेदनशीलता को रचनात्मक कार्यों के लिए सहेज कर रखें। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार अपने इमोशंस पर कंट्रोल करना सीखने से आपकी मुश्किलें आसान हो सकती हैं। बेहतर होगा कि आप बेवजह किसी के कमेंट्स को गंभीरता से न लें। आमतौर पर ओवर सेंसिटिव लोग तब ठगा से महसूस करने लगते हैं, जब उन्हें लगता है कि उन्हें 'अनुचित तरीके' से कोई बात कही गई है। ऐसी स्थिति में आप इस तरह से सोच सकते हैं कि जिसकी बातों से आप अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। हो सकता है कि वह प्रतिकूल स्थितियों में हो या फिर उसने सोच-समझकर कुछ न कहा हो।'

## उच्च आत्मविश्वास का दरकार

संवेदनशील होने से बचने के लिए आपको अपने आत्मविश्वास में उत्तरोत्तर सुधार करने की आवश्यकता होती है, लेकिन मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि रातों- रात यह पेचीदा कार्य संभव नहीं हो सकता, लेकिन निरंतर इसके अभ्यास से आप ऐसा कर सकते हैं। अगली बार जब किसी का कमेंट खराब लगे, तो रोने या उदास होने की बजाय उसे सरलता से हेंडल करें और उसी उधेड़बुन में न उलझकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। किसी भी बात को स्वयं के ऊपर न लें। यदि आप वाकई प्रसन्नचित्त रहना चाहते हैं, तो हमेशा सकारात्मक बातों पर तवज्जो देने की आदत डालें। अपना आकलन खुद करें और इसका अधिकार किसी और को न दें। अगर आप अपने विचारों में बदलाव लाएंगे, तो खुद - ब - खुद पॉजिटिव फीडबैक मिलने शुरू हो जाएंगे।

प्रोफेसर कागन के मुताबिक, हर काम में परफेक्शन की तलाश भी सही नहीं है। इसके चक्कर में ढेर सारी मेहनत के बाद भी जब लाइफ में सब कुछ मनचाहा नहीं होता, तब आप निराशा का अनुभव करते हैं और सबसे अंत में अपने 'संवेदनशीलता' के टैग पर खराब महसूस करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह विशेषता यह भी सिद्ध करती है कि आपको दूसरों की फीलिंग्स की कद्र है।

# सरल जीवनयापन स्वस्थ रहने का सर्वोत्तम साधन

**एक समय ऐसा था, जब लोग सादे जीवन और उच्च विचारों में विश्वास रखते थे। उनका जीवन जितना सादा होता था, भोजन भी उतना ही सादा। आज भी उन्हीं के जीवन पर आधारित कुछ मूलमंत्र हैं, जिन्हें हम अपना कर सेहतमंद जीवन बिता सकते हैं।**

### व्यवस्थित जीवन पद्धति

हमारे पुरखों के दीर्घकालिक और स्वस्थ जीवन का यही रहस्य था कि वे व्यवस्थित जीवन व्यतीत करते थे। जिनका जीवन व्यवस्थित नहीं होता, वे विभिन्न व्याधियों से ग्रस्त रहते हैं।

### व्यायाम और प्रातःकालीन भ्रमण

प्रातः भ्रमण से शरीर को शुद्ध वायु का लाभ प्राप्त होता हैं तथा व्यायाम प्राणायाम, योगासनों आदि से शरीर स्वस्थ रहता है।

### स्नान-ध्यान

स्नान से तन-मन दोनों शुद्ध हो जाते हैं तथा हमारे शरीर में स्फूर्ति आ जाती है। स्नान के पश्चात परमात्मा का ध्यान अवश्य करें। जिसने हमें इतनी बड़ी प्रकृति प्रदान की है।

### सात्विक आहार

स्वस्थ रहने के लिए शुद्ध सात्विक आहार (शाकाहार) अत्यन्त आवश्यक है। तामसिक तत्वों का त्याग जैसे काफी तम्बाकू, गुटखा, पान-मसाला आदि तामसिक पदार्थ जो विभिन्न घातक रोगों को जन्म देते हैं। अतः तामसिक तत्वों का त्याग करें और बुरे व्यसनों से बचें।

### कलह व तनाव से दूरी बेहतर

स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है कि हम कलह और तनाव से दूर रहें। व्यर्थ की चिन्ता से कोई हल नहीं निकलता।

### संयमित जीवन

स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो संयमित जीवन पद्धति अपनाइये। जीवन में यौन आवश्यक है, किन्तु उसकी अति घातक है। अतः संयम बरतें।

### सहज और सरल रहें

आज हमारे जीवन में अस्थिरता इसलिए बढ़ रही है कि हमारे जीवन में बनावट ही बनावट है। हमें सहज और सादगीपूर्ण जीवन की ओर प्रवृत्त होना होगा।

### मृदुभाषी बनें

कम बोलने वाला और मीठा बोलने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है, जबकि वाचाल व्यक्ति व्यर्थ ही बेकार की बातों में उलझ कर परेशानी मोल ले लेता है।

### आशावादी दृष्टिकोण

स्वस्थ रहने के लिए सदैव आशावादी दृष्टिकोण होना चाहिए। नकारात्मक विचारों को मन में न लाए और सदा प्रसन्नचित रहे। जो होना होगा, वह तो होगा ही। हम व्यर्थ ही उसके लिए परेशान क्यों हो?

## शाहरुख को सबसे बड़ा आउटसाइडर मानते हैं अभिषेक बनर्जी

अभिनेता अभिषेक बनर्जी एक आउटसाइडर हैं, उनका कोई बॉलीवुड कनेक्शन नहीं रहा। इसके बावजूद वह अपने लिए अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे। उनका मानना है कि ऐसा हर कोई कर सकता है। इसमें किसी तरह का नेपोटिज्म आड़े नहीं आता है। उन्होंने शाहरुख का उदाहरण दिया और बताया कि किंग खान एक आउटसाइडर थे, इसके बावजूद उन्होंने इतना बड़ा मुकाम बॉलीवुड में बनाया।

### शाहरुख से सीखना चाहिए

अभिषेक बनर्जी एक इंटरव्यू में कहते हैं कि सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में भाई-भतीजावाद यानी नेपोटिज्म मौजूद है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर शाहरुख खान का हवाला दिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शाहरुख ने इतनी बड़ी सफलता हासिल की है। वह कहते हैं कि आखिरकार बॉलीवुड भी एक बिजनेस है।
इन दिनों जहां भी अभिषेक बनर्जी जाते हैं, सब उनको स्त्री 2 के किरदार जना से पहचानते हैं। वह दर्शकों के बीच एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं। इस सफलता से वह काफी खुश हैं। अभिषेक बनर्जी आगे भी अलग और खास तरह के किरदार करना चाहते हैं।

### स्त्री 3 का भी हो सकते हैं हिस्सा

जिस तरह से अभिषेक बनर्जी फिल्म स्त्री 2 के कारण खूब पॉपुलर हुए। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह अगली स्त्री सीरीज की फिल्म का हिस्सा भी हो सकते हैं, क्योंकि उनके किरदार के बिना यह फिल्म पूरी नहीं होती है।

### दोस्त के किरदार में ज्यादा दिखे

पिछले कुछ समय से अभिषेक बनर्जी जो किरदार कर रहे हैं, उसमें हीरो के दोस्त के रोल ज्यादा रहे। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उन्होंने मुख्य भूमिका नहीं की। कुछ साल पहले आई एक वेब सीरीज पाताल लोक में उन्होंने हथौड़ा त्यागी का किरदार निभाया था। इस किरदार में उन्हें काफी पसंद किया गया।

## रिद्धि डोगरा ने बताया ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं

**छोटे पर्दे से अपने करियर का सफर शुरू करने वाली रिद्धि डोगरा को जब ओटीटी पर मौका मिला, तो उन्होंने इस माध्यम में भी अपना दम दिखाया। जवान में शाहरुख खान की मां की भूमिका से चर्चा में आई रिद्धि डोगरा इन दिनों द साबरमती रिपोर्ट की जर्नलिस्ट की भूमिका में दिख रही हैं। यहां वे हमसे कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखती हैं।**

### मैं ज्यादा पॉलिटिकल बातों से बचती हूं

वो आगे कहती हैं, वैसे भी मैं ज्यादा पॉलिटिकल बातों से बचती हूं। मगर फिर मेकर्स ने मुझसे कहा कि मैं टीम से आकर मिलूं और वे फिल्म पर अपनी रिसर्च को लेकर काफी गंभीर थे। उनके पास विषय को लेकर इतनी सामग्री थी कि मुझे अपने सभी सवालों के जवाब मिल गए और मेरी सारी आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं। हमारे प्रोफेशन में कन्विक्शन और इंटेंशन बहुत मायने रखता है और मेरी समझ में आया कि इनकी नियत सच को सामने लाने की है। इस कहानी को वे जर्नलिस्टिक पॉइंट ऑफ व्यू से दिखाना चाहते थे, जो मुझे बहुत रोचक लगा। एक तरह से मेरी भूमिका कैटालिस्ट की है, जो कहीं न कहीं सिस्टम को रिप्रेजेंट करती है।

### जो जलील बातें करता है, उसे ब्लॉक कर देती हूं

अपने बेबाक और बिंदास रवैये के कारण रिद्धि को अक्सर ट्रोल्स का शिकार होना पड़ता है। वे ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं, इस पर वे दो टूक कहती हैं, ट्रोल्स को इतनी तवज्जो नहीं दे सकते। अगर हम ऑनलाइन ट्रोलिंग को इतनी अहमियत देने लगे, तो हम काम नहीं कर पाएंगे। आज तो ऐसा हो गया है कि सबके हाथ में एक फोन आ गया है और वे उस फोन पर कुछ भी लिख सकते हैं।

### हर किसी को अटेंशन चाहिए

वो बताती हैं, कितनी बार ऐसा होता भी है कि कोई कमेंट करता है और मैं जब उसे आड़े हाथ लेने की कोशिश करती हूं, तो वो झट से पलट जाता है और कहने लगता है, अरे हम तो आपके बहुत बड़े फैन हैं। सॉरी मैंने ऐसा कहा, तो आज हर किसी को वो दो मिनट की अटेंशन चाहिए होती है। कभी-कभी जो लोग बहुत ही जलील बातें करते हैं, मैं उन्हें ब्लॉक कर देती हूं। जब लोग औरत होने के नाते मुझे नीचे दिखाने की कोशिश करती हूं, तब मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं हजारों को ब्लॉक कर चुकी हूं। हालांकि हमारी निजी जिंदगी पर इनका असर नहीं पड़ना चाहिए, मगर मुझे लगता है, हमें इन्हें एंटरटेन भी नहीं करना चाहिए।

## फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर को काम मिलना मुश्किल है

कृति सेनन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा- आउटसाइडर को इंडस्ट्री में मौके मिलना काफी मुश्किल होता है। इस दौरान एक्ट्रेस ने नेपोटिज्म के लिए फिल्म इंडस्ट्री को नहीं, बल्कि बाहरी लोगों को जिम्मेदार बताया। कृति सेनन गोवा में 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में एक मास्टरक्लास में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेपोटिज्म के लिए फिल्म इंडस्ट्री उतनी जिम्मेदार नहीं है, जितने जिम्मेदार मीडिया और ऑडियंस हैं। मीडिया स्टार किड्स के बारे में जो भी दिखाती है उसे ऑडियंस बड़ी दिलचस्पी से देखते है, जिससे फिल्म इंडस्ट्री के लोगों को लगने लगता है कि ऑडियंस की दिलचस्पी स्टार किड्स में ज्यादा है तो उनके साथ फिल्म करना ज्यादा सही रहेगा। मुझे लगता है कि ये एक सर्कल है। कृति सेनन ने कहा कि अगर आपके अंदर टैलेंट है तो आप कुछ भी कर सकते हो। अगर आप टैलेंटेड नहीं हैं और ऑडियंस से कनेक्ट नहीं कर पा रहे है तो आप कुछ नहीं कर सकते।

### फिल्मी बैकग्राउंड नहीं होने से होती हैं मुश्किल

कृति सेनन ने आगे कहा- जब आप फिल्म इंडस्ट्री के बैकग्राउंड से नहीं होते तो काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हर चीज में थोड़ा स्ट्रगल है। हालांकि, अगर अच्छे से मेहनत करते हैं तो सक्सेस मिल जाती है।

### 2014 में किया बॉलीवुड में डेब्यू

कृति सेनन हाल ही में दो पत्ती में नजर आई थीं। फिल्म में उनके साथ शहीर शेख और काजोल भी अहम भूमका में थे। बता दें, कृति सेनन ने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## वेब सीरीज चिट्टा चिट्टा वे से दो साल बाद वापसी कर रही हैं दलजीत कौर

एक्ट्रेस दलजीत कौर दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। आखिरी बार वह टीवी शो ससुराल गेंदा फूल 2 में नजर आई थीं। अब वह जल्द ही वेब सीरीज चिट्टा वे में दिखाई देंगी, जिसमें वह एक ड्रग एडिक्ट का किरदार निभा रही हैं। बातचीत में दलजीत ने अपनी वापसी, नई वेब सीरीज और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में खुलकर बात की।

### इस रोल के लिए शुरू में थोड़ी हिचकिचाई

मुझे यह रोल तब मिला, जब मेकर्स को एक सिंपल और रियल दिखने वाले चेहरे की जरूरत थी। कहानी पंजाब के छोटे से गांव की है। उन्हें ऐसा चेहरा चाहिए था जो वहां के माहौल में फिट हो सके। भले ही मैं पंजाबी में बहुत फ्लूएंट नहीं हूं, लेकिन मेरी मम्मा पंजाबी बोलती हैं, जिससे मुझे भाषा को समझने और किरदार को अपनाने में थोड़ी मदद मिली। जब मुझे इस रोल के लिए अप्रोच किया गया, तो शुरुआत में मुझे थोड़ी हिचकिचाहट हुई। कहानी ड्रग्स पर आधारित है और बहुत डार्क और इमोशनल है। मैंने सोचा कि क्या मैं इतनी स्ट्रॉन्ग और इमोशनल कहानी निभा पाऊंगी। लेकिन मेकर्स ने मुझ पर भरोसा जताया और कहा कि उन्हें एक ऐसा एक्टर चाहिए जो न सिर्फ इमोशन्स दिखा सके बल्कि किरदार की मजबूती को भी पर्दे पर उतार सके। इस किरदार में बहुत गहराई है और कहानी सिर्फ उस लड़की के स्ट्रगल की नहीं है, बल्कि उसके साहस और बदलाव की भी है। मुझे खुशी है कि मेकर्स ने मुझे इस किरदार के लिए चुना।

## बॉलीवुड में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से खुश हैं माधुरी

माधुरी दीक्षित ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में एक अतुलनीय योगदान दिया है। दिग्गज अभिनेत्री का मानना है कि 80 और 90 के दशक के बाद से बॉलीवुड में बहुत कुछ बेहतर हुआ है। माधुरी ने याद किया कि पहले फिल्म सेट पर केवल महिला कलाकार और उनके हेयरड्रेसर ही हुआ करते थे, लेकिन अब हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

### महिलाओं की बढ़ी भागीदारी

अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में बताया, महिलाओं ने एक लंबा सफर तय किया है, यह छोटे-छोटे कदम हैं। जब मैं 80 और 90 के दशक में काम करती थी, तो सेट पर केवल मैं, मेरी सह-कलाकार जो महिलाएं होती थीं या हेयरड्रेसर होती थीं। आज, जब मैं किसी सेट पर जाती हूं तो डीओपी से लेकर एडी, लेखक और एक्शन मास्टर तक हर जगह महिलाएं हैं। मैं सोच भी नहीं सकती थी कि वह इस क्षेत्र में होंगी, जो आश्चर्यजनक है।

### महिलाएं बन रहीं निर्माता

अभिनेत्री ने धीरे-धीरे हुए इस बदलाव की सराहना की और कहा कि महिलाएं अब अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाने लगी हैं और अब वह फिल्मों का निर्माण भी कर रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, हम महिलाओं को एक्शन भूमिकाओं में भी देख रहे हैं, जो आश्चर्यजनक है। जैसे गुलाब गैंग में मैंने एक्शन भूमिका निभाई थी और वह फिल्म महिला-केंद्रित थी, लेकिन हमें ज्यादा व्यावसायिक फिल्में बनाने की जरूरत है, जो महिला-केंद्रित हों, यह धीरे-धीरे होगा। बहुत सी महिला अभिनेता निर्माता बन रही हैं, अगर वह अपनी तरह की फिल्में बनाना चाहती हैं, जो आश्चर्यजनक है और उन्हें और पॉवर मिलनी चाहिए।

### अलग भूमिकाओं की तलाश में माधुरी दीक्षित

माधुरी दीक्षित को हाल ही में भूल भुलैया 3 में देखा गया, जिसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ती डिमरी और विद्या बालन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित यह फिल्म भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है और 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि वह अलग-अलग तरह की रोमांचक भूमिकाओं की तलाश में हैं।

## बॉलीवुड वाइव्स की जिंदगी दिखाएंगे मधुर भंडारकर

मशहूर बॉलीवुड निर्देशक मधुर भंडारकर अपनी खास तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वह अक्सर वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित हो कर फिल्मे बनाते हैं, जो लोगों को काफी कठोर महसूस होती हैं। फैशन, हीरोइन और पेज 3 जैसी कई अन्य फिल्मों के लिए लोकप्रिय मधुर ने हाल में ही आगामी फिल्म को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि उनकी अगली फिल्म वाइव्स ऑफ बॉलीवुड है, जो बॉलीवुड की पत्नियों की असल जिंदगी के बारे में है। इस बातचीत के दौरान निर्देशक ने कहा कि ये फिल्म मनोरंजन जगत के लोगों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। इस दौरान अपनी फिल्मों से जुड़ी दर्शकों की उम्मीदों को लेकर कहा, मेरे दर्शकों को मुझसे विशेष उम्मीदें हैं। वे अच्छी तरह से जानते हैं कि अगर मैं किसी फिल्म पर काम कर रहा हूं, तो मैं अपनी फिल्म के जरिए किसी खास विषय पर खुलासा करूंगा। इसके अलावा जब भी मैं लोगों से बात करते हुए देखा जाता हूं, तो वे मान लेते हैं कि मैं अपनी रिसर्च कर रहा हूं,क्योंकि मैं शायद उस विषय पर फिल्म बना रहा हूं।

### बॉलीवुड की पत्नियों की जिंदगी दिखाएगी फिल्म

निर्देशक ने आगे कहा कि जब भी वो किसी विषय पर फिल्म बनाने का फैसला करते हैं, तो उससे संबंधित हर छोटे-बड़े विवरणों में जाते हैं। उन्होंने कहा, इस बार, मेरी अगली फिल्म बॉलीवुड की पत्नियों की असल जिंदगी के बारे में है। मैंने अपनी अगली फिल्म का नाम वाइव्स ऑफ बॉलीवुड रखने का फैसला किया है। यह नाम मेरे पास काफी समय से है। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा से इस विषय से लगाव रहा है और उन्हें लगता है कि यह उनके दर्शकों के लिए भी दिलचस्प होगा। एक मेगा-सुपरस्टार की पत्नी होना इतना आसान नहीं है, इसमें कई सारे परते होती हैं। दर्शकों को इससे उनके बारे में बहुत कुछ जानने को मिलेगा।

### फिल्म इंडस्ट्री से समर्थन की उम्मीद

मधुर भंडारकर ने आगे बताया कि उनके पास इसकी एक मैराथन स्क्रिप्ट है। वह इसमें कई बार बदलाव कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये फिल्म निश्चित रूप से दर्शकों के लिए आंखे खोलने वाली होगी। हालांकि, वह इसे लेकर संदेह में हैं कि फिल्म इंडस्ट्री इस विषय पर कैसी प्रतिक्रिया देगी, क्योंकि यह बहुत गंभीर और कठोर फिल्म होगी। निर्देशक ने कहा,मैंने बहुत सारी वास्तविक बॉलीवुड पत्नियों से प्रेरणा ली है और उसमें कल्पना को जोड़ा है। यह सुनिश्चित भी किया है कि यह वास्तविकता के करीब रहे। निर्देशक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जिस तरह से उनकी फैशन, पेज 3 और कॉर्पोरेट जैसी अन्य फिल्मों को इंडस्ट्री के लोगों ने सराहा था, उसी तरह वे वाइव्स ऑफ बॉलीवुड की भी सराहना करेंगे।

## एलिस कौशिक ने अपने रिश्ते पर की खुलकर बात

टीवी शो बिग बॉस 18 से एलिस कौशिक के एलिमिनेशन के बाद उन्होंने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि उन्हें पहले से ही यह एहसास था कि वह घर से बाहर होने वाली हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए एलिस ने कहा, मुझे जब भी ऐसी कोई फीलिंग आती है तो वह सही होती है। इस बार भी मैंने खुद के साथ ऐसा महसूस किया था, इसलिए मैंने अपना नाम लिया था। बिग बॉस 18 में एलिस की लव लाइफ भी काफी सुर्खियों में रही थी। बातचीत में अपनी लव लाइफ पर पूछे गए सवाल के जवाब में एलिस ने कहा, मुझे अपने रिश्ते पर पूरा विश्वास है, इसलिए मुझे बाहर आने के बाद इस पर किसी प्रकार की स्पष्टता की आवश्यकता नहीं थी। उस समय जो छोटी सी बात इंटरव्यू में निकाली गई थी, वह मुझे भावुक कर गई थी, लेकिन अगले दिन से मैंने इसका जिक्र तक नहीं किया, क्योंकि मुझे अपने रिश्ते पर पूरा यकीन है। एलिस ने पैनिक अटैक पर भी अपनी बात रखी। अविनाश के एलिमिनेशन के बाद आए पैनिक अटैक पर एलिस ने कहा, यह बहुत दुख की बात है कि इसका मजाक उड़ाया गया। मैं दुनिया में अकेली नहीं हूं जिसके साथ ऐसा होता है। मुझे जब पैनिक अटैक आता है तो मैं कांपने लगती हूं।

## ब्रीफ न्यूज

### विश्व एड्स दिवस पर आयोजन

**हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य विजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के कला संकाय प्रभारी डॉ. अनीता बिरला एवं डॉ. गुरप्रीत कौर गांधी द्वारा जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ माया रावत, प्रो सोनाली ठाकुर, डॉ राजेंद्र नागले, प्रो गुणवंत माकोड़े, प्रो शिवम कुशवाह, डॉ धर्मिष्ठा निगवाल, डॉ तोताराम पटेल, प्रो नूर मोहम्मद, प्रो राजू पिपरदे , प्रो संतोष राठौर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ हमना प्रवीन द्वारा किया गया एवं आभार ठरर प्रभारी प्रो सोनिका बघेल द्वारा माना गया ।

### के.एफ.रुस्तम पुरस्कार से तुषार धनगर को सम्मानित

**हरदा/सिराली।** मध्यप्रदेश पुलिस प्रमुख सुधीर कुमार सक्सेना पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा जिला हरदा में पदस्थ प्रधान आरक्षक तुषार धनगर को के.एफ. रुस्तम पुरस्कार वर्ष 2021 से पुलिस ऑफीसर मैस भोपाल में सम्मानित किया गया। कार्य निर्वहन में उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता का प्रदर्शन करने के फलस्वरूप प्रधान आरक्षक तुषार धनगर को पुरस्कृत किया गया। प्रधान आरक्षक श्री धनगर को अंधे-कत्ल अपराधों की गुत्थी सुलझाने, नारकोटिक्स संबंधी अपराधों में धर-पकड़ व अन्य अपराधों को लेकर संपूर्ण सेवा कल के दौरान उच्च कोटि के प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।

### 3 दिसम्बर को 1 बजे हरदा में उपस्थिति

**हरदा।** बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले,हत्या,लूट आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार लगातार जारी है। गोविंद सिंह गहलोत ने बताया कि वहां की सरकार मुख्य दर्शक बनी हुई है. इसके विरोध में भारत का संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है। वहां के हिंदुओं के समर्थन में भारत का हिंदु समाज पूरे देश में तीन और चार दिसंबर को विशाल रैली निकालकर बांग्लादेश के हिंदुओं को अपना समर्थन, बांग्लादेश की सरकार को चेतावनी तथा हमारी सरकार से अनुरोध करना चाहता है । वह बांग्लादेश के हिंदुओं की जान माल और प्रतिष्ठा की रक्षा करे। हरदा में 3 दिसंबर को पूरे जिले से हजारों स्त्री पुरुष एकत्रित होंगे तथा एक विशाल रैली बलराम चौक नेहरू स्टेडियम से दोपहर 1 बजे रैली प्रारंभ होगी । जिले के समस्त नागरिकों एवं माताओं से इस विशाल रैली में उपस्थिती की अपील की है।

### पांच दिवसीय परचरी पुराण कथा

**हरदा।** समीपस्थ ग्राम रहटा खुर्द में पांच दिवसीय संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा 6 दिसंबर तक रहटा खुर्द में होगी। कथा वाचक संत गुलाब दास महाराज हरदा वाले कथा का वाचन करेंगे।

### दोगने को जबलपुर शहर का जिला प्रभारी नियुक्त

**हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने की सक्रियता एवं संगठन हित में किए गए कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी राजीव सिंह द्वारा पत्र जारी कर उन्हे जबलपुर शहर का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। विनय मालवीय ने बताया कि विधायक डॉ. दागने प्रदेश कांग्रेस द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जबलपुर शहर के जिला, ब्लाक, बूथ एवं मैदानी स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेगें। हरदा विधायक डॉ. दोगने को जबलपुर शहर प्रभारी नियुक्त होने पर समस्त कांग्रेसजनों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

# प्रदेश में सर्वप्रथम हरदा जीआईएस का पोर्टल एप लान्च

## पांच जिलों में जीआईएस योजना प्रणाली लागू

सत्ता सुधार ■ हरदा

मध्यप्रदेश शासन के राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम तथा भारत सरकार के सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से प्रदेश के 5 जिलों हरदा, धार, उज्जैन, राजगढ़ एवं सिवनी में जिला जीआईएस योजना प्रणाली परियोजना लागू हो रही है। इसमें सर्वप्रथम पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हरदा जिले में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा हरदा जीआईएस एप लान्च किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रोद्योगिक विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ. संदीप गोयल एवं उनकी टीम भी उपस्थित थी। इस अवसर पर बताया गया कि इस पोर्टल-एप से जिले में अधोसंरचना संबंधी परियोजनाओं का क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग आसान होगी। यह एप नई परियोजनाओं को शुरू करने में तो मददगार सिद्ध होगा ही साथ ही आपदा प्रबन्धन व्यवस्थाओं में भी सहायक सिद्ध होगा। इस एप्लीकेशन के माध्यम से शासकीय योजनाओं की मेपिंग और मॉनिटरिंग आसान होगी तथा नई योजनाओं की प्लानिंग करना और सरल हो जाएगा।

**मददगार सिद्ध होगा हरदा जीआईएस सिस्टम :** हरदा जीआईएस प्रणाली के माध्यम से अधिकारीगण जिले में विकास योजनाओं को तैयार करने और विकास कार्यो की मॉनिटरिंग करने में मदद ले सकेंगे। इस एप के माध्यम से निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा भी हो सकेगी। सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित विकास कार्यों की मेपिंग कराने के निर्देश दे दिये गये है। इसके साथ ही जिले के अधिकारियों से कहा गया है कि वे अपने विभाग से संबंधित जानकारी नियमित रूप से जीआईएस सिस्टम में अपडेट करते रहें। यह जीआईएस एप फसल क्षति के आंकलन में भी मददगार सिद्ध हो सकता है।




**नागरिकों को जीआईएस सिस्टम के माध्यम से जानकारी :** जीआईएस एप के माध्यम से किस गांव में क्या संसाधन उपलब्ध है और क्या संसाधन उपलब्ध नहीं है, ये दोनों जानकारियाँ उपलब्ध रहेंगी। किस गांव में कितने हेण्डपम्प है, उसमें से कितने चालू स्थिति में है, हेण्डपम्प का मैकेनिक कौन है ? इस तरह की सूक्ष्म जानकारी भी नागरिकों को जीआईएस सिस्टम के माध्यम से उपलब्ध रहेगी। जीआईएस प्रणाली के माध्यम से यह जानकारी भी उपलब्ध हो सकेगी कि विकास कार्यों के लिये जिले में कितना लेण्ड बैंक कहाँ उपलब्ध है, उसमें से कहाँ अतिक्रमण है? यह सब जानकारी भी मिल सकेगी।

### ऑनलाइन निराकरण कराने में नवाचार

स्मार्टफोन से अपने मांग संबंधी आवेदन जीआईएस एप के माध्यम से पहुँचा सकेंगे । जिले के जीआईएस आधारित इस एप से जिले के नागरिकों को एक अतिरिक्त सुविधा देने की तैयारी भी की जा रही है, जिसके माध्यम से कोई भी आम नागरिक अपनी शासकीय विभागों से संबंधित डिमाण्ड की एप्लिकेशन भी जिला प्रशासन को अपने स्मार्टफोन के माध्यम से भेज सकेगा। उन्होने बताया कि समस्याओं के आवेदन के लिये तो सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा केन्द्र जैसे प्लेटफार्म उपलब्ध है। अब नागरिकों की मांग संबंधी आवेदनों को प्राप्त कर उनका ऑनलाइन निराकरण कराने की दिशा में यह नवाचार किया जा रहा है जो कि अगले एक-दो सप्ताह में लागू हो जाएगा।

# मशाल यात्रा में शामिल आग से झूलसे घायलों को देखने सांसद पाटिल पहुंचे अस्पताल

## सांसद ने मरीजों, परिजनों से चर्चा कर अच्छे इलाज के लिए डॉक्टरों को दिए निर्देश

सत्ता सुधार ■ खंडवा

गुरुवार रात्रि में मशाल यात्रा के दौरान आग भड़क जाने से लगभग 30 लोग आग में झुलस गए, जिन्हें उपस्थित लोगों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज चल रहा है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को लोकसभा सत्र में दिल्ली जाने के पूर्व सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के वरिष्ठ जनों के साथ आग से झूलसे घायलों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की, श्री पाटिल ने सभी घायलों से चर्चा की और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, और अच्छे इलाज के लिए उपस्थित डॉक्टर से चर्चा की, इस अवसर पर सांसद श्री पाटिल ने कहा कि जिस प्रकार हम वीडियो देख रहे हैं घटना काफी बड़ी थी, लेकिन प्रभु एवं दादाजी की कृपा से सभी सुरक्षित है, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि जो लोग भी इस घटना में घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हो ने कहा कि आग बेकाबू होती है, आग कि कोई सीमा नहीं होती, लेकिन भगवान का शुक्र है कि एक बड़ा हादसा टल गया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार शाम मशाल यात्रा में घायल सभी घायलों से सांसद श्री पाटिल, विधायक छाया मोरे ने मुलाकात की, इस अवसर पर सांसद श्री पाटिल के साथ विधायक छाया मोरे, जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, राजेश तिवारी अरुण सिंह मुन्ना, दिनेश पालीवाल, हरीश कोटवाले,धर्मेंद्र बजाज, मुकेश तनवे, प्रवक्ता सुनील जैन, राजपाल सिंह तोमर आशीष चटकेले,चंद्रेश पचौरी, भरत पटेल सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

सत्ता सुधार ■ शहडोल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सभी विभागों की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आने वाली शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करना हमारी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण होना चाहिए। जिला स्तर के अधिकारी अपने विभाग संबंधित शिकायतों को देखें तथा प्राथमिकता के साथ शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने लोक सेवा अधिनियम के अंतर्गत लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान केलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक सेवा अधिनियम अंतर्गत लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत समय सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए। शिकायतों का समय-सीमा के भीतर ही निराकरण करें।

बैठक में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें तथा शिकायतों के निराकरण करने की कार्यवाही करे। उन्होनें अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त कोई भी शिकायत अनअटेन्डेंट नहीं होनी चाहिए।

इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खंडवा को संभाग बनाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधि और व्यापारी मिलेंगे मुख्यमंत्री से

## सांसद, विधायक,महापौर और शहर की व्यापारिक संस्थाएं हुई एकजुट, सभी ने बैठक आयोजित कर खंडवा को संभाग बनाने का लिया संकल्प,

सत्ता सुधार ■ खंडवा

खंडवा को संभाग बनाने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ खंडवा की व्यापारिक संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित गणमान्य लोगों ने रविवार को एक निजी होटल में बैठक आयोजित कर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को ज्ञापन सोंपा तथा खंडवा को संभाग बनाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर स्वीकृति लेने की बात कही, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बैठक में सभी को आश्वस्त किया कि अगले कुछ ही दिनों में मुख्यमंत्री से वे समय लेकर सभी जनप्रतिनिधि के साथ एक प्रतिनिधि मंडल के रूप में उनसे मुलाकात कर खंडवा को संभाग और खंडवा को इसका मुख्यालय बनाने की पुरजोर मांग रखेंगे, सांसद पाटिल ने कहा कि खंडवा सभी सुख संसाधनों से सबसे उपयुक्त स्थान है जहां पर संभाग का कार्यालय खोला जाना चाहिए।

रेल सड़क की कनेक्टिविटी 24 घंटे खंडवा में उपलब्ध होने से पूरी एवं पश्चिम निर्माण के क्षेत्रवासियों को खंडवा संभाग आने-जाने में आसानी एवं सुविधाजनक होगी, इस अवसर पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, छाया मोरे, महापौर अमृता यादव ने भी खंडवा को संभाग बनाए जाने की बात रखी और कहा कि हम सब मिलकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और इसमें निश्चित सफलता मिलेगी,बैठक के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील बंसल संरक्षक गुरमीत सिंह उबेजा, विवेक मेहता ,मनोज सोनी अनिल बाहेती, हर्षदीप चौरे ,सुरेंद्र सिंह सोलंकी जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल,अरुण सिंह मुन्ना ,राजेश यादव, राजेश तिवारी ,हरीश कोटवाले , मुकेश तनवे, धर्मेंद्र बजाज, प्रवक्ता सुनील जैन, गणेश गुरबाणी, भरत पटेल, सहित शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे, बैठक का संचालन यशदीप चौरे ने किया एवं आभार समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने माना, इस अवसर पर जिले वासियों की ओर से चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को ज्ञापन सोपा गया, जिसमें लिखा कि खंडवा जिला पूर्व और पश्चिम निमाड़ के एकदम मध्य में स्थित है। यह प्रदेश की राजधानी भोपाल (250 किमी) और व्यवसायिक राजधानी इंदौर से सबसे नजदीकी (120 किमी) है।खंडवा से इन दोनो शहरों की ओर सबसे ज्यादा सुगमता से यातायात उपलब्ध हैं।

## जूनियर कबड्डी खिलाड़ियों के चयन को लेकर ट्रायल कार्यक्रम संपन्न

**खंडवा।** खंडवा जिले में खेल मे रुचि रखने वाली प्रतिभाओं द्वारा अपने हुनर का परिचय देते हुए खंडवा का नाम प्रदेश राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जा रहा है, कुश्ती खेल में हमारा खंडवा जिला प्रदेश का हब बन चुका है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कबड्डी खेल में भी खंडवा जिले के खिलाड़ी अपना शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं जूनियर स्टेट चैंपियनशिप बालक और बालिका प्रतियोगिता जो दिसंबर महीने मे आयोजित होना है इस हेतु रविवार कबड्डी खिलाड़ियों के चयन हेतु पुलिस ग्राउंड पर ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमे 38 लड़कियां और 74 लड़को ने भाग लिया.. खंडवा ज़िलें मे कबड्डी खिलाडी बहुत तेज़ी से ग्रोथ कर रहे है और अच्छे खिलाडी तैयार किये जा रहे है, जिला कबड्डी संघ के सचिव प्रदेश के सह सचिव संदीप सोलंकी ने बताया कि कबड्डी के ट्रायल कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खंडवा महापौर अमृता अमर यादव के साथ कबड्डी संघ के ऊर्जावान अध्यक्ष समाजसेवी रितेश गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उत्साह वर्धन किया, इस अवसर पर खंडवा ज़िला कबड्डी संघ के ऊर्जावान अध्यक्ष रितेश गोयल ने अपने ज़िलें के खिलाड़ियों का इतना जोश देख कर उन्हें शुभकामनायें दी और खंडवा की बालिकाओं का इतना अच्छा खेल देख कर उन्हें उनकी मेहनत के लिये बधाई दी एवं खंडवा ज़िला कबड्डी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष पंडित दीपक चौरे देशगांव का स्वागत फुल माला पहना कर किया, इस आयोजन मे विशेष अतिथि महापौर श्रीमति अमृता अमर यादव ने भी सभी उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि अच्छे खेल प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़कर खंडवा का नाम रोशन करें।

# स्टायलिश वाहनों की खरीदी में घटी रूचि, तेज रफ्तार वाहनों की संख्या में इजाफा

युवाओं में अब तेज गति से चलने वाले वाहनों का क्रेज देखा जा रहा है। स्टायलिश वाहनों की खरीदी में नई पीढ़ी की रूचि खत्म हो गई है। इस कारण वाहन कंपनियों द्वारा अब बाजार में उतारे जा रहे अधिक गति वाले वाहनों की बिकी बढ़ती जा रही है।

सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर में इन दिनों तेज रफ्तार वाले वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है इससे स्टायलिश वाहनों के प्रति लोगों में रुचि कम होती जा रही है। लोगों की की रुचि में आए इस बदलाव के कारण ये तेज रफ्तार वाले वाहन आम लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। शहर की मुख्य सड़कों पर अधिकांश वाहन सरपट दौड़ रहे हैं।

**दो पहिया वाहन चालकों द्वारा तेज गति से फर्राटा :** यहां की भीड़ भाड़ वाली सडकों और तंग गलियों में भी दो पहिया वाहन चालकों द्वारा तेज गति से फर्राटा भरा जा रहा है। इससे यहां दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है। वाहन कंपनियों द्वारा हाल ही में ऐसे कई मॉडल बाजार में उत्तारे गए हैं जो लांग रूट पर वाहन चलाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त हैं। ऐसी कई गाड़ियां तो रेसिंग की स्पर्द्धा में ले जाने के लायक हैं। यहां के युवाओं ने मोटी रकम चुकाकर इन्हें खरीद लिया है। मगर ये वाहन घनी आबादी वाले इलाके और खासकर बाजार क्षेत्र से ले जाते वक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इस ओर ध्यान देना जरूरी है।

**कम सिन न चलाए ऐसे वाहन :** यहां 18 वर्ष से कम आयु वाले स्कूली बच्चों की संख्या सबसे अधिक हैं। दो पहिया वाहन स्कूल जाने से लेकर आने तक एक बाइक पर दो-तीन दोस्तों के साथ बैठा कर बाइक चलाते हैं। खास बात यह है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए भीड़ वाले इलाके में कहां से कहां निकल जाते है। इस वजह से दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है । माता पिता और पालकों को इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए।

**दुर्घटना का खतरा बढ़ा :** नगर के युवाओं में तेज गति से वाहन चलाने के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। अभिभावकों को चाहिए अपने नाबालिक बच्चों को चलाने से रोके। ट्रैफिक नियमों को अनदेखी करने वालों के परिवारों पर चालानी कार्रवाई होना चाहिए। ताकि वे इस पर ध्यान दे सकें। अधिकांश युवा वाहन चालकों के पास लाइसेंस तक नहीं है। इसके बाद भी सड़कों पर धड़ल्ले से मोटरसाइकिल फर्राटे भरते है । जिससे उनको तो पता रहता ही साथ ही सड़कों पर चलने वाले राहत पहुंचाने वाले राहगीरों अन्य लोगों को जो घटना का सामना करना पड़ता है।

### बांग्लादेश सरकार के खिलाफ सर्व हिंदू समाज का विराट प्रदर्शन विशाल रैली कल

**खंडवा।** हमारे पड़ोसी देशों में संख्याबल के आधार पर इस्लामिक कट्टरवादी कुत्सित मानसिकता के चलते हिन्दू समाज पर हिंसक अत्याचार किया जा रहा हैं। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की आड़ मे जो अराजकता की जा रही है हिंदूओ एवं धर्मस्थलो पर लगातार हो रहे हमले चिंतनीय है। हिन्दू अमीर हो या गरीब, अनुसूचित जाति का हो या श्रमिक किसान सब जेहादियों के निशाने पर हैं! हमलावर महिला, बच्चे, वृद्धजन किसी को नहीं छोड़ रहे। मंदिर, बौद्ध विहार, गुरुद्वारे कुछ भी सुरक्षित नहीं हैं। बांग्लादेश की इन घटनाओ से भारतवर्ष के प्रत्येक हिंदू का मन आहत व आक्रोशित है। इस प्रकार की अमानवीय तालिबानी जेहादी मानसिकता संपूर्ण मानवता के लिए एक वैश्विक चुनौती है। हिंदू शरणार्थीयों को नागरिकता के लिए बने अधिनियम सीएए की प्रासंगिकता अब सिद्ध हो रही है,बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दू समाज के साथ सारे विश्व का सर्व हिन्दू समाज खडा है, संयुक्त राष्ट्र महासंघ व भारत सरकार बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन व अत्याचारों को रोकने एवं दंगाईयो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए।

**निर्देश** कलेक्टर कान्फ्रेंस में कमिश्नर ने दिए आवश्यक निर्देश

# बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने अधिकारी विद्यालयों का करें निरीक्षण, लगाए ड्यूटी : कमिश्नर

सत्ता सुधार ■ शहडोल

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में शनिवार को कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के कलेक्टरों को निर्देश दिए की शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर हो इसके लिए कलेक्टर्स व विभागीय अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालयों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की जांच करें तथा लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए एक्स्ट्रा क्लास व विद्यार्थियों से प्रश्न पत्र भी हल करवाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए ब्लॉक स्तर के अधिकारी फील्ड पर जाएं तथा कलेक्टर, अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं और सतत् मॉनिटरिंग भी करें। कमिश्नर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शहडोल संभाग के विद्यालयों में वितरित की जा रही साइकिलो के संबंध में जानकारी ली तथा कहा कि साइकिल वितरण में किसी भी प्रकार की शिकायतें न आए यह सुनिश्चित करेंगे।

कमिश्नर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यों की प्रगति

की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में बीज की उपलब्धता रहे तथा अमानक खाद, बीज बेचने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो तथा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली सभी समस्त सेवाएं भी उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने मातृत्व वंदना योजना में प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा प्रगति लाने के निर्देश संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को दिए।

कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए की 9 दिसंबर को गीता जयंती मनाई जाएगी इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों, रैन बसेरों में ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त कंबल, बेड्स, अलाव सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे ठंड की वजह से कोई भी अप्रिय घटना न हो।

कमिश्नर ने कलेक्टर कान्फ्रेंस के दौरान जिलेवार मछली पालन, हम होंगे कामयाब अभियान, पशुपालन, गौशालाओं का संचालन, सहकारिता वसूली, उद्यानिकी विभाग जैसे अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर शहडोल डॉ.केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर श्री हर्षल पंचोली, कलेक्टर उमरिया श्री धरणेन्द्र जैन, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पांडे, शहडोल संभाग के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### बीएमडब्ल्यू की 2024 एम2 कार की कीमत है 1.03 करोड़

**नई दिल्ली।** लग्जरी कारों का उत्पादन करने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू ने अपनी नई 2024 एम2 भारत में लॉन्च कर दी है। नई एम2 में 3.0-लीटर, 6-सिलिंडर टर्बोचार्ज्ड इंजन दिया गया है, जो 480 एचपी की पावर और 600 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इस कार की शुरुआती कीमत 1.03 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। यह कीमत मौजूदा मॉडल से 5 लाख रुपये ज्यादा है। यह गाड़ी 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन या वैकल्पिक 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आती है। नई बीएमडब्ल्यू एम2 ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 4 सेकंड में और मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ 4.2 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी टॉप स्पीड 250 किमी प्रति घंटा है, जिसे वैकल्पिक पैकेज के जरिए 285 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाया जा सकता है। नई एम2 अपने बेहतर परफॉर्मेंस और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ प्रीमियम सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगी।डिज़ाइन और फीचर्स की बात करें तो गाड़ी में कर्व्ड डिस्प्ले के साथ 14.9-इंच का इंफोटेनमेंट स्क्रीन और 12.3-इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले दिया गया है। सुरक्षा और आराम के लिए इसमें मल्टीपल एयरबैग्स, डायनेमिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, क्रूज़ कंट्रोल और ऑटो स्टार्ट-स्टॉप फंक्शन जैसे फीचर्स शामिल हैं।

### एसयूवी टूकसन को 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्राप्त

**नई दिल्ली।** भारत एनकैप द्वारा हयूदै की प्रीमियम एसयूवी टूकसन को 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के साथ ही टूकसन भी उन वाहनों की सूची में शामिल हो गई है जो सुरक्षा के मामले में बेहतरीन मानी जाती हैं। भारत एनकैप द्वारा किए गए क्रैश टेस्ट में हयूदै टूकसन गेसोलिन ने एडल्ट और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में शानदार प्रदर्शन किया है। इस कार को एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में 32 में से 30.84 अंक और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में 49 में से 41 अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके बाद इसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग दी गई है। हयूदै टूकसन में कई एडवांस सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

### नायका पर शुरू हुई एक और धमाकेदार सेल

**मुंबई।** नायका की पिंक फाइडे सेल ने दिखाया अपना जादू और अब एक और धमाकेदार सेल के रूप में वापस आ रहा है। यह सेल 2 दिसंबर से शुरू हो गई है जो 4 दिसंबर तक चलेगी और उसमें 50 फीसदी तक की छूट के साथ बहुत सारे ऑफर्स भी हैं। नायका की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर, नायका के मोबाइल ऐप पर या फिर नायके के स्टोर पर जाकर आप इस सेल का लाभ उठा सकते हैं। पिंक फाइडे सेल में चार्लोट टिलबरी, मैक, मेबेललाइन जैसे ब्रांड्स के उत्पादों पर 60 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। इस सेल में ब्यूटी और पर्सनल केयर उत्पाद, फैशन और एक्सेसरीज, होम और किचन उत्पाद और हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर भी 50 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। इसमें बाय वन गेट वन फ्री ऑफर, फ्री शिपिंग और कैशबैक ऑफर भी उपलब्ध है।

ग्वालियर के आईआईटीटीएम ऑडिटोरियम में शामिल हुए तीन हजार से अधिक स्टूडेंट्स

# एलन ग्वालियर में स्टूडेंट्स को मिला कॅरियर गाइडेंस के साथ मोटिवेशन

एजेंसी ■ ग्वालियर

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण के उद्देश्य को लेकर लगाकार प्रयासरत रहता है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत एलन ग्वालियर की ओर से कॅरियर गाइडेंस एण्ड मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया। यहां जीवाजी यूनिवर्सिटी के पीछे कैलाश नगर स्थित आईआईटीटीएम ऑडिटोरियम में हुए सेशन में करीब 3 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। एलन के जोनल हेड वाइस प्रसीडेंट व एलन ग्वालियर के मेंटोर डॉ.विपिन योगी ने मोटिवेशन, मेंटल हेल्थ व मेडिकल में कॅरियर विषय पर उद्बोधन दिया तथा एलन के जेईई डिवीजन के कॅरियर काउंसलिंग हेड अमित आहूजा व नीट एक्सपर्ट राकेश सिंह सर ने एंट्रेंस एग्जाम को लेकर आवश्यक जानकारियां दी। इस अवसर पर एलन के टेस्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सिल्वर मैडल से पुरस्कृत किया गया। दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुए सेशन में कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने आगामी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं जेईई-मेन और एडवांस्ड, इसकी आवेदन प्रक्रिया, एग्जाम और अन्य कॉलेजों में आवेदन की जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रजेन्टेशन के साथ विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग कोर्स के साथ साइंस स्ट्रीम में कॅरियर की संभावनाएं तथा अन्य विषयों में अच्छे पाठ्यक्रम तथा कॉलेजों की जानकारी दी। आईआईटी-एनआईटी के साथ-साथ अन्य सरकारी व प्राइवेट कॉलेज, यूनिवर्सिटीज की जानकारी दी। साथ ही समय के साथ पाठ्यक्रमों में हो रहे बदलाव, रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया। आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश की योग्यता, कॉलेजों के पिछले वर्षों की कटऑफ, संस्थानों के प्लेसमेंट और पेपर पैटर्न के बारे में बताया। राकेश सिंह ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की आवेदन व सिलेबस के बारे में बताया। एग्जाम पैटर्न और तैयारी को लेकर चर्चा की। पिछले वर्षों में कटऑफ सरकारी मेडिकल कॉलेज और एम्स में सीटें, विद्यार्थियों की संख्या सहित अन्य चुनौतियों और आवश्यक जानकारियों के बारे में बताया। जोनल हेड वाइस प्रसीडेंट व एलन ग्वालियर के मेंटोर डॉ.विपिन योगी ने मेंटल हेल्थ व मोटिवेशन सेशन में बताया कि हम स्वस्थ मन और स्वस्थ मस्तिष्क के साथ ही बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। इसलिए हमारी सबसे पहली जरूरत यह है कि हम पूरे मन से समस्त परिस्थितियों को स्वीकार करके स्वयं को श्रेष्ठ साबित करने के लिए प्रयास करें। इसमें लिए मानसिक दृढ़ता की जरूरत है। समय-समय पर अलग-अलग परेशानियां हमारे सामने आती हैं। हर विद्यार्थी के लिए चुनौतियां अलग तरह की होती है, लेकिन हमें लगातार मोटिवेट रहना है।

# नवंबर में जीएसटी संग्रह में 8.5% की वृद्धि, अर्थव्यवस्था को मिली राहत

नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर है कि नवंबर महीने में जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) संग्रह में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे एक अच्छी तरह से चल रही अर्थव्यवस्था को राहत मिली है। सरकार के जानकारों के अनुसार नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो समानकालीन वर्ष में इसी महीने में 1.68 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये रहा, जबकि राज्य जीएसटी संग्रह 43,047 करोड़ रुपये और एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये का रहा। बताया जा रहा है कि यह नवंबर में तीसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह है। पिछले महीने अच्छी संख्या आई थी, जिसमें अक्टूबर महीने में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया गया था। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार इस महीने के दौरान घरेलू लेन-देन से जीएसटी राजस्व 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयात पर कर से राजस्व लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 42,591 करोड़ रुपये हो गया। कुल मिलाकर यह संख्याएं आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण हैं और आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें एक साल पूरे होने से पहले एक अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। फिर भी संकेत जरूरी है क्योंकि यह नवंबर महीने में रिफंड समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अब तक सबसे अधिक जेबीडीपी की वृद्धि अप्रैल, 2024 में हुई थी। वित्त वर्ष में सकल जीएसटी संग्रह की वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष के शेष चार महीनों में जेबीडीपी वृद्धि के लिए अच्छी भविष्यवाणी की गई है कि इस साल वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हो सकता है, जो बाजट की अनुमानित संख्याओं से आगे होगा। यह संकेत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार की दिशा में तेजी से बढ़ाने का भारी प्रयास किया जा रहा है और जीएसटी संग्रह में इस तरह की वृद्धि इसका सबूत है।

**क्यूआर कोड से रेहड़ी-पटरी वालों को मिलने लगे ऋण**

- छोटे व्यवसायी अब पांच लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय वित्तीय सेवा कंपनी एनबीएफसी ने अब छोटे कारोबारियों के लिए एक नया ऋण कार्यक्रम शुरू किया है, जो मुथूट फिनकॉर्प वन के माध्यम से केवल क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके उनके दैनिक लेनदेन के आधार पर मिलेगा। इस कार्यक्रम के जरिए रेहड़ी-पटरी वालों जैसे छोटे व्यवसायी अब पांच लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। एक बयान के अनुसार यह डिजिटल मंच मुथूट फिनकॉर्प वन के साथ काम करके एमएफएल के ठीक से तैयार किए गए उद्यमों को ऋण प्रदान करेगा। इस प्रक्रिया में क्यूआर-कोड आधारित ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा। मुथूट

# ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति और भारत की आर्थिक परिस्थितियों पर प्रभाव

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति के प्रभाव की दृष्टि से भारत सक्रिय है। वित्त मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुरू की गई मंथन के बाद यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत कैसे इस नई यातायात के साथ सामना करने की योजना बना रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि सरकार ट्रंप की पिछले कार्यकाल की कार्रवाइयों का जायजा लेने के लिए काम कर रही है। उनका कहना है कि ट्रंप के नक्शे के अनुसार भारत कैसे उसके नीतियों का प्रभाव महसूस करेगा इस पर व्यवस्था कर रहे हैं। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार का मुद्दा उठाया है। उनके इस प्रस्ताव ने भारत को जरा सोचने पर मजबूर किया है। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि यह आर्थिक नीति को जटिल बना सकता है। ट्रंप ने भारत की ओर से उच्च शुल्क के मुद्दे पर आलोचना की थी। भारत को टैरिफ किंग कह दिया गया था। भारत उसके मुद्दों का सामना कैसे करेगा, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि अगर चीन से डंपिंग होता है तो उन्हें शुल्क बढ़ाना पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने कहा है कि नुकसान को बढ़ाने से बचने के लिए समझौता भी किया जा सकता है। भारत अमेरिका के नए नीतियों का समर्थन या विरोध करने के लिए तैयार है। ट्रंप के नीतियों के प्रभाव के संबंध में भारतीय सरकार की दृष्टि कैसे होगी, यह देखने के लिए हम सबको इंतेजार रहना होगा।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर शुरुआती कारोबार में नौ प्रतिशत चढ़ा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

अदाणी समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर सोमवार को दिखाई गई बढ़त के साथ कारोबार में करीब नौ प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप बीएसई पर सूचीबद्ध अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर 1,445 रुपये पर पहुंच गया। अदाणी समूह के अन्य कंपनियों के शेयरों में भी वृद्धि दर्ज की गई। अदाणी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स का 1.33 प्रतिशत और एसीसी का एक प्रतिशत बढ़ा। वहीं अदाणी टोटल गैस का शेयर 4.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 774.45 रुपये पर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 4.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 805.60 रुपये पर, अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.38 प्रतिशत बढ़कर 2,428.20 रुपये और अदाणी पावर का शेयर 1.45 प्रतिशत कम होकर 546.50 रुपये पर पहुंचा। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अमेरिका में लगे आरोपों का जवाब देते हुए यह स्पष्ट किया कि समूह सभी नियमों का पालन कर रहा है और हर हमला समूह को मजबूत बनाता है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय और एसईसी ने न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की अमेरिकी जिला अदालत में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के प्रमुख पदाधिकारियों गौतम अदाणी, सागर अदाणी तथा विनीत जैन के खिलाफ 20 नवंबर 2024 को अभियोग जारी किया था। एजीईएल पर लगाए गए आरोप में है कि सौर ऊर्जा बिक्री ठेका हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिश्वत दी गई थी। कंपनी ने इसके खिलाफ जवाब देते हुए कहा कि यह आरोप सिर्फ प्रतिभूति धोखाधड़ी की साजिश, वायर धोखाधड़ी की साजिश और प्रतिभूति धोखाधड़ी से संबंधित हैं, जिनके लिए दंड कम गंभीर होते हैं। समूह का कहना था कि वे हर संभव कदम उठाएंगे ताकि उनकी स्थिति का स्पष्टीकरण हो सके।

### भारत के विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर नवंबर में 11 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली ।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर नवंबर महीने में 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक अनुसार इस दौरान ऑर्डरों में धीमी वृद्धि देखने को मिली है। प्रतियोगी स्थितियों और मुद्रास्फीति के दबावों के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सीमित रही है। एक मासिक सर्वेक्षण में यह खबर सामने आई कि नवंबर में वृद्धि दर 56.5 थी, जो पिछले महीने की तुलना में कुछ कम लग रही थी। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने बताया कि इस संक्षेपण के बावजूद भारतीय विनिर्माण क्षेत्र अभी भी विस्तार की दिशा में है। इसके अतिरिक्त, नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण और खनन क्षेत्रों की खराब प्रदर्शन के कारण, भारत की आर्थिक वृद्धि दर एक निम्न स्तर पर पहुंच गई है। वस्तु उत्पादकों के मोर्चे पर अच्छी खबर है, क्योंकि अक्टूबर से उनके विक्रय मूल्यों में अधिक वृद्धि देखने को मिल रही है।

# केंद्र सरकार का डिजिटल कृषि मिशन एक कार्ड से होंगे पूरे सारे काम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

**किसानों को सम्मान निधि, क्रेडिट कार्ड, और फसल बिक्री जैसी योजनाओं का मिलेगा लाभ**

केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिए कि देश के हर किसान को एक डिजिटल पहचान बनाने के लिए किसान आईडी कार्ड बनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि डिजिटल तरीके से किसानों को सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, और फसल बिक्री जैसी योजनाओं तक पहुंच सके। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने राज्यों को किसान पहचान-पत्र बनाने के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इसके तहत 28 नवंबर को राज्यों को पत्र भेजकर किसान पहचान-पत्र बनाने के लिए शिविर आयोजित करने के आदेश दिए गए हैं। इस मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 करोड़, 2025-26 में 3 करोड़ और 2026-27 में 2 करोड़ किसानों को कवर किया जाएगा। किसान पहचान पत्र एक आधार-लिंक्ड डिजिटल पहचान है, जिसे भूमि रिकॉर्ड से भी जोड़ा जाएगा। इसमें किसानों के व्यक्तिगत विवरण, बोई गई फसलों और भूमि स्वामित्व की जानकारी शामिल होगी। कृषि मंत्रालय के प्रयासों से किसानों को उनकी डिजिटल पहचान मिलने में तेजी आएगी और कृषि क्षेत्र में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सकेगा। इसके साथ ही केंद्र ने राज्यों को लोन के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के लिए भी निर्देश दिए हैं, जिससे किसानों को लोन स्वीकृति में सहायता मिले। क्रियान्वयन में गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में किसान आईडी के निर्माण में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि असम, छत्तीसगढ़, और उड़ीसा में यह फील्ड परीक्षण के चरण में है। इस पहल के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं तक पहुंच में मदद मिलेगी और कृषि क्षेत्र में सुधार होगा।

क्या आम आदमी और सरकार की बात सुनेगा आरबीआई, ब्याज दरें कम होने की कितनी उम्मीद

# मौद्रिक नीति समिति की छह सदस्यीय बैठक 4 दिसंबर से

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास की नेतृत्व में हो रही मौद्रिक नीति समिति की छह सदस्यीय बैठक का आयोजन 4-6 दिसंबर को किया जा रहा है। इस बैठक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। दूसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 5.4 फीसदी से कम दर्ज की गई है जिसके संदर्भ में सामान्य जनता और वित्त मंत्रालय से ब्याज दरों में कटौती की मांग है। विभिन्न मंत्रिालयों से की गई स्वीकृति के बावजूद आर्बीआई ब्याज दरों पर कोई बदलाव लाने के लिए अभी तक तैयार नहीं है। अन्य मुद्रास्फीति और वैश्विक माहौल के मामले पर भी ध्यान दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बैठक में भावी निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। साथ ही विलेय और अनिश्चितता के माहौल में मुद्रास्फीति को देखते हुए मौद्रिक नीति समिति की यह बैठक एक नई दिशा सूचित कर सकती है। अगर टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों को नियंत्रित करने के संदर्भ में कोई नया कदम उठाया गया तो इससे मुद्रास्फीति में कमी आ सकती है। इसके अलावा आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती के मामले में सभी सरकारी विभागों की नजरें एमपीसी की इस बैठक पर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार अर्थशास्त्री कहते हैं कि कमजोर आर्थिक विकास के बावजूद आरबीआई इस सप्ताह ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा। मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता दी जा रही है. हालांकि, अगर तीसरी तिमाही में जीडीपी और कमजोर होती है, तो एमपीसी नीतिगत दरों में कटौती पर विचार कर सकती है, लेकिन इसका निर्णय विकास और मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा। अक्टूबर में हुई एमपीसी बैठक में तीन नए बाहरी सदस्यों में से केवल नगेन्द्र कुमार ने तत्काल 25 आधार अंकों की कटौती का सुझाव दिया था। अगस्त में निवर्तमान सदस्य जयंथ वर्मा और अशिमा गोयल ने भी ब्याज दरों में कटौती का समर्थन किया था। वर्मा ने कहा था कि दरों में यथास्थिति बनाए रखना भारत की विकास संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है।

# ट्रेडमार्क मामला...अदालत ने पुणे के रेस्तरां पर बर्गर किंग नाम इस्तेमाल करने से रोका

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को पुणे स्थित एक रेस्तरां के बर्गर किंग नाम का इस्तेमाल करने पर स्थगित आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश उस दिन तक लागू रहेगा जब तक अमेरिकी लोकप्रिय बर्गर चेन कंपनी बर्गर किंग कॉरपोरेशन द्वारा दायर इस मामले में निर्धारित निपटारे की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। यह निर्धारित रोक इस आदान-प्रदान को संकट में डाल देगा, क्योंकि रेस्तरां मालिकों ने इस इस्तेमाल के लिए आमने-सामने ट्रेडमार्क उल्लंघन का आरोप लगाया था। बर्गर किंग कॉरपोरेशन ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसके मुताबिक बर्गर किंग नाम का इस्तेमाल करने पर रोक लगने का निष्पादन किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल ने इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सुनवाई की जानी चाहिए और समस्त साक्ष्यों का गौर किया जाना चाहिए। तब तक बर्गर किंग नाम का इस्तेमाल बंद रखने के लिए यह अंतरिम आदेश जारी रखा जा रहा है। यह मामला आम लोगों के ध्यान में है, क्योंकि यह एक व्यापक ट्रेडमार्क उल्लंघन का मामला है।

# शहर विकास की दिशा में प्रयास नहीं कर रहे जनप्रतिनिधि और अफसर : विनीत

## नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष ने लगाए आरोप, सड़के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन हो रही दुर्घटना

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर विकास की ओर किसी का ध्यान नहीं है, न तो सांसद, विधायक अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई कदम उठाया है और न ही नगर निगम के आला अफसर इस ओर कोई ठोस रणनीति तैयार कर पाए हैं। यह आरोप लगाते हुए नगरनिगम के नेता प्रतिपक्ष विनीत कंषाना ने कहा है कि सारा शहर गन्दगी से अटा पड़ा है, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। प्रत्येक मार्ग पर जो सड़क क्षतिग्रस्त पड़ी हुई हैं। इस कारण शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है। आवारा गौवंश एक बड़ी समस्या बनकर सबके सामने है। हालात यह हैं कि शहर का ऐसा कोई भी कोना नहीं हैं, जहां आवारा गौवंश नजर न आये। सड़कों पर विचरण करते ये मवेशी हर रोज राहगीरों को घायल करते हैं। नगरनिगम के अधिकारी मवेशियों को गौशाला पहुंचाने का दावा करते हैं, लेकिन धरातल पर कोई प्रयास नजर नहीं आते। नेता प्रतिपक्ष विनीत कंषाना का कहना है कि अन्य शहरों में अक्सर देखने मे आता है कि सांसद अपना प्रतिनिधि नगर निगम में नियुक्त करते हैं और शहर विकास के लिए अच्छा खासा बजट भी अपनी निधि से उपलब्ध कराते हैं, लेकिन मुरैना में यह सब देखने को नहीं मिलता। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के इस दिशा में कोई प्रयास देखने को नहीं मिले थे, वहीं वर्तमान सांसद भी शहर विकास की ओर ध्यान देना नहीं चाहते। इसके अलावा अन्य सांसदों के भी प्रयास शहर विकास की दिशा में नहीं हुए हैं। कंषाना ने कहा है कि शहर विकास तो छोड़िए कमीशनखोरी नगरनिगम में इस कदर हावी है कि निर्माण की फाइलें ही निगम की विभिन्न शाखाओं से गायब हैं, लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। किन्हीं फाइलों पर ठेकेदार अपना कब्जा जमाए बैठे हैं, तो कई बाबू भी फाइलों को छिपाए बैठे हैं। कंषाना का कहना है कि इस ओर जल्द ही कार्यवाही देखने को नहीं मिली तो आर्थिक अपराध और अन्य संबंधित विभागों में कार्यवाही के लिए वे खुद पत्र लिखेंगे।

### ट्रेनों के स्टॉपेज की ओर भी पहल नहीं

नगरनिगम के नेता प्रतिपक्ष विनीत कंषाना का कहना है कि पिछले कई वर्षों से सांसदों ने मुरैना में किसी नई ट्रेन के स्टॉपेज बढाने की दिशा में प्रयास नहीं किये हैं। वर्तमान सांसद शिवमंगल के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह व अनूप मिश्रा ने भी अपना कार्यकाल यहां पूरा किया, लेकिन किसी नई ट्रेन की सौगात वे नहीं दे पाए। पूर्व सांसद अशोक अर्गल के बाद से किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रयास इस दिशा में देखने को नहीं मिले हैं।

### नेताओं की देशभर में पहचान फिर भी विकास से अछूता

विनीत कंषाना का कहना है कि मुरैना के नेताओं ने देश भर में पहचान बनाई है। फिर चाहे वह विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर हों या फिर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा। इनके अलावा मुरैना कई ऐसे नेता हैं जो अपने कद के अनुरूप मुरैना के विकास में प्रयास करें तो हर काम सम्भव होगा, लेकिन किसी भी नेता का इस ओर ध्यान नहीं है और बदहाल शहर में रहने वाले लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

### शहर की सड़क खस्ता हाल, उड़ रही धूल

शहर के बाजारों में सड़कों की हालत इतनी खराब है कि सड़क धशक रही है और जगह-जगह सड़के क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। शहर में चारों ओर धूल ही धूल नजर आती है और इस धूल के कारण लोग काफी परेशान हैं। दिन भर धूल उड़ाने से लोगों को सांस और फे फड़ों की बीमारियां हो रही हैं। शहर में सफाई व्यवस्था भी ढंग से नहीं हो रही, जिस कारण नागरिकों में नगर निगम के प्रति भारी गुस्सा है। हाल ही में नाला नंबर दो जाहर सिंह मार्ग पर चित्रकूट मिष्ठान भंडार के सामने सड़क में बड़ा हाल हो चुका है और लोगों द्वारा उसमें पत्थर डाल दिए गए हैं, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

## 70 प्लस आयुष्मान कार्डों के लिए नियमित कैम्प लगवाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ मुरैना

लंबित भूमि आबंटनों को पूर्ण करते समय लोकहित का ध्यान रखें। सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ 70 प्लस आयुष्मान कार्डो के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये नियमित कैम्प लगाना सुनिश्चित करें। खाद के टोकन वितरण के समय राजस्व अधिकारी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। ध्यान रखें कोई भी बाधा उत्पन्न न हो। यह निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कलेक्टर सभागार मुरैना में टाइम लिमिट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिये।बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, नगर निगम कमिश्नर सतेन्द्र धाकरे, संयुक्त कलेक्टर शुभम शर्मा, समस्त एसडीएम,डिप्टी कलेक्टर सहित सभी संबंधित जिला अधिकारी,समस्त सीएमओ एवं सीइओ जनपद उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अस्थाना ने टीएल बैठक में निर्देश दिये कि सीएम राईज भूमि आबंटन की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी जल्दी पेश करें। जिन भी अधिकारियों को छात्रावासों के निरीक्षण का कार्य सौंपा गया था, वे पुनः छात्रावासों को विजिट करके सफाई, लाईट, मच्छर की जाली एवं स्वच्छ पीने का पानी की व्यवस्था उपलब्ध है कि नहीं यदि नहीं है तो उसे पूर्ण करवाना सुनिश्चित करके अगली टीएल मीटिंग तक जानकारी मेरे समक्ष प्रस्तुत करे।

## खून की कमी से बचने के लिए हर व्यक्ति को आयरन युक्त आहार लेना चाहिए

**मुरैना।** सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी को खून की कमी कहते है। मानव शरीर में खून की मात्रा आमतोर पर शरीर के वजन के 7 प्रतिशत के बराबर होती है। हीमोग्लोबिन खून में सही होगा तो दिमाग से लेकर दिल तक शरीर में सुचारू रूप से काम करेगा। खून की कमी होने पर कई तरह की समस्या हो सकती है।

शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखना बहुत जरूरी है। सहायक प्रबंधक रविन्द्र सिंह ने बताया कि तेज चक्कर आना, तेज सिर दर्द, त्वचा पीली व सफे द पड़ना, सांस लेने में परेशानी, जीभ व नाखूनों का सफे द होना, कमजोरी व थकान होना, चेहरे व पैरों में सूजन दिखाई देना, दिल की धड़कन असमान महसूस होना आदि खून की कमी के लक्षण हो सकते है। खून की कमी से बचने के लिए हर व्यक्ति को आयरन युक्त आहार लेना चाहिए। जैसे हरी पत्तेदार सब्जियाँ, दाले, दूध, दही, अण्डे, खजूर आदि। आयरन को अच्छे से अवशोषित करने में विटामिन-सी व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ अवश्य ले, घर में जो भी रोज भोजन के साथ खाते है, वही नियमित लें। इसी से खून की पूर्ति हो जाती है। विटामिन-सी युक्त खाना ले, जिससे शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजन बनाये रखने के लिये हीमोग्लोबिन का नॉर्मल स्तर बहुत जरूरी है। एक व्यस्क पुरूष का हीमोग्लोबिन 14 से 18 ग्रा तथा महिला का 12 से 16 ग्राम होता है। इसलिए खून की कमी से बचने के लिये आयरन युक्त भोजन अवश्य लें, जिससे खून की कमी से बचा जा सके। डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर ने जिला चिकित्सालय मुरैना के ए.एन.सी वार्ड व ओ.पी.डी में आने वाले सभी महिला-पुरूषों को जानकारी देकर जागरूक किया।

## कांग्रेस की बैठक कल मुरैना के प्रभारी व सह प्रभारी होंगे शामिल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं दीपक शर्मा ने बताया है कि कल 4 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे स्थान गांधी बाल निकेतन बिजली घर के सामने मुरैना में मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं मुरैना प्रभारी लाखन सिंह यादव एवं प्रदेश सचिव सह प्रभारी राहुल शर्मा कार्यकर्ता बैठक लेने पधार रहे हैं। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी ने अपील की है कि विधायकगण, लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व विधायकगण समस्त पदाधिकारी विभिन्न मोर्चा एवं संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा एवं महिला मंडल मुरैना का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

सत्ता सुधार ■ मुरैना

माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा मुरैना के नवनियुक्त अध्यक्ष अभिषेक गांगिल व महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा बांदिल का पूरी कार्यकारिणी के साथ शपथ ग्रहण समारोह गत शनिवार को मानसरोवर पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरैना श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता रहे तथा विशिष्ट अतिथि समाज के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता एडवोकेट, मोहनचंद बांदिल, हुकुमचंद गोयल, मुन्नालाल गुप्ता, श्रीमती ऊषा बांदिल व राकेश गुप्ता सरिया वाले मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति व महासभा के मुख्य संरक्षक नारायणहरी गुप्ता ने की। कार्यक्रम के दौरान महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. दाऊदयाल गोयल के दुःखद निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

महासभा के नवनियुक्त अध्यक्ष अभिषेक गांगिल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे माहौर वैश्य समाज की महान विभूतियों को याद करते हुए कहा कि माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज भी हिन्दू समाज का एक अभिन्न अंग होने के कारण समाज के प्रति भी मेरा उत्तरदायित्व है। श्री गंगिल ने समाज के युवाओं मे संस्कार और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने पर जोर दिया। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा बांदिल ने महिलाओं को एकजुट कर समाज की मुख्य धारा से जोड़कर स्वावलम्बी बनाने हेतु कार्य करने कि बात कही। श्रीमती बांदिल ने महिलाओं को विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जब समाज की महिलाएं व्यावसायिक दृष्टि से प्रशिक्षित होकर परिवार को सहयोग करने में सक्षम होंगी। इससे समाज और सशक्त, मजबूत होगा। कार्यक्रम में ग्वालियर, मुरार, लश्कर, आगरा, गोहद के भी समाज बंधु शुभकामनायें देने उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन बृजेन्द्र गुप्ता व आभार समीर बांदिल द्वारा किया गया।

## विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

सत्ता सुधार ■ मुरैना

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पद्मेश उपाध्याय के निर्देशन में जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी डॉ नरेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में एचआईवी एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक टीव्ही एचआईवी अवधेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के साथ रेली का आयोजन किया गया।

इस रैली को जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ आनंद बंसल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। यह रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जिसमें एनसीसी कैडेट्स,नर्सिंग स्टाफ, हाई रिस्क गरुप के लोग, समाजसेवी संस्था के लोग तथा अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हाथों में जागरूकता प्रचार-प्रसार की तख्ती लेते हुए लोगों को जागरुक करते हुए पुरातत्व संग्रहालय पर मानव श्रृंखला बनाकर पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा के मुख्य आथित्व में रैली का समापन किया गया। इस जागरूकता रैली में जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ डीएस यादव, शिव कुमारी निम, आईसीटीसी परामर्शदात्री श्रीमती शिल्पी गुप्ता, अतुल कुमार राठौर, जय तिवारी, अमित कुमार बसेड़िया, एआरटी सेंटर से नरोत्तम राठौर, अमृत प्रजापति, राघवेंद्र शर्मा, बृजेश राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

## ब्लास्ट में मृतकों के परिवारीजनों से मिले सत्यपाल सिंह, मदद का दिलाया भरोसा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

विगत दिनों मुरैना राठौर कालोनी हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिवारीजनों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार ने शोक-संवेदना व्यक्त की और जगह का मोका मुआयना किया। इस दौरान श्री सिकरवार ने कहा कि शासन व प्रशासन मृतक के परिवारों को कम-से-कम 25- 25 लाख रुपए मुआवजा दे। इसके साथ ही श्री सिकरवार ने कहा कि इस हादसे ने एक 14 महीने के अबोध बालक की मां को छीन लिया है, प्रशासन उस बेटे की परवरिश एवं पढ़ाई की जिम्मेदारी लें और ब्लास्ट में जो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उनको उचित मुआवजा देकर नये पक्के मकान मुहैया कराये। इस अवसर उन्होंने आला अधिकारियों से बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उदयवीर सिंह सिकरवार, सुल्तान सिंह सिकरवार, परमानंद शर्मा, मोनू भदौरिया, सतेंद्र सिंह सिकरवार, भूपेंद्र सिकरवार, अनुज तोमर एवं अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

## नगर परिषद आरोन कार्यालय में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह एवं निकाह सम्मेलन का किया आयोजन

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं निकाय सम्मेलन में 7 जोड़ो की कराई गई शादी

सत्ता सुधार ■ गुना

वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनान्तर्गत गुना जिले के समस्त ग्रामीण/नगरीय निकायों में सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर परिषद आरोन कार्यालय में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह एवं निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 08 आवेदन प्राप्त हुए तथा 07 जोड़ो (04 शादी, 03 निकाह) की शादी कराई गई। एक जोड़ा उपस्थित नहीं हुआ। साथ ही समस्त वर-वधु को 49,000 की राशि चेक के माध्यम से प्रदाय की गई। उक्त कार्यक्रम में एसडीएम महेश कुमार बमन्हा, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, सीएमओ दिनेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव रघुवंशी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन, समस्त पार्षद गण, नोडल शेख जिगर एवं आम नागरिकजन उपस्थित रहे।

## पोरसा में खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन ने की कार्यवाही, दुकान को किया शील्ड

सत्ता सुधार ■ पोरसा

क्षेत्र में खाद की हो रही कालाबाजारी को लेकर सत्ता सुधार समाचार पत्र द्वारा दो दिन पूर्व प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन ने कलेक्टर के निर्देश पर किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक पर बेचने वाले एक दुकानदार पर कार्रवाई उसकी दुकान को शील्ड किया है।

कलेक्टर के आदेश के पालन में तहसील पोरसा में स्थित रामस्वरूप महेश चंद्र ट्रेडर्स के द्वारा किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर खाद वितरण करने और च्वै मशीन के अनुसार स्टॉक भौतिक सत्यापन से भिन्न होने के कारण दुकान को सील किया गया। यह कार्यवाही सोमवार को की गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद की कालाबाजारी करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया, वहीं इस कार्रवाई से अब किसानों को राहत मिलने की उम्मीद नजर आने लगी है।

### आशा कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लिया एड्स जागरूकता का संकल्प

## हॉस्पिटल जौरा में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर की गई संगोष्ठी

सत्ता सुधार ■ मुरैना

आईसीटीसी सिविल हॉस्पिटल जोरा द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में की जा रही साप्ताहिक जागरूकता गतिविधियों के तहत 2 दिसंबर को आशा कार्यकर्ताओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय आधारित संगोष्ठी का आयोजन सिविल हॉस्पिटल जौरा के सभाकक्ष में किया गया।

संगोष्ठी में बीपीएम महेंद्र पाल सिंह, बीसीएम श्रीमती मधु सेमिल, आईसीटीसी काउंसलर संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा, एसटीएस दिनेश पचौरी, एसटीएलएस रणवीर गोयल, फार्मासिस्ट धर्मेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा

विकासखंड जौरा के विभिन्न गांव से आई हुई आशा कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी मौजूद थी। कार्यक्रम में उपस्थित आशा सहयोगिनियों व आशा कार्यकर्ताओं को आईसीटीसी परामर्शदाता संदीप सेंगर एवं मनीकांत शर्मा द्वारा मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय के बारे में एचआईवी संक्रमण होने के कारणों व एड्स के लक्षण व बचाव के बारे में समझाते हुए एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को एआरटी द्वारा दिये जाने वाले उपचार के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर बीपीएम महेंद्र पाल सिंह द्वारा एचआईवी एड्स के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय है। इस थीम के अनुसार हम सबको अपने-अपने क्षेत्र के सभी व्यक्तियों के अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उन्हें उचित उपचार भी दिलाना है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर में युवक की मौत

**गुना।** जिले के म्याना थाना अंतर्गत घटित सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। युवक हलवाई गिरी का काम करता था। वह डुंगासरा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश पुत्र कल्याण निवासी माधौपुर, डुंगासरा में हलवाई गिरी का काम करता था। वह गांव से डुंगासरा जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों को वह बेहोशी की अवस्था में मिला था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज सुबह शव का पोस्टमार्टम किया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ब्रीफ न्यूज

### 01 दिसंबर से 21वी पशु संगणना 2024 प्रांरभ

**अशोकनगर।** पूरे राष्ट्र एवं प्रदेश के साथ खरगोन जिले में भी 21 वी पशु संगणना कार्यक्रम-2024 01 दिसंबर, 2024 से प्रांरभ हो चुका है। पशु संगणना कार्य में संलग्न प्रगणकों एवं पर्यवेक्षको को तत्सबंध में प्रथम व द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया है। प्रथम प्रशिक्षण में प्रगणकों को देश व जिले की पशुओं की नस्लों की जानकारी देकर ऑनलाईन डाटा इन्ट्री की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। वही द्वितीय प्रशिक्षण पीजी कॉलेज खरगोन के सभाग्रह में 170 प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में ऑनलाईन प्रविष्टि में परिवार की गणना, पशु गणना, आवारा पशुओं की गणना की जानकारी प्रदान की गई।

### मौसम विभाग- 7 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है न्यूनतम तापमान, गिरावट जारी

**अशोकनगर।** बीते दो-तीन दिन से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह तापमान में और गिरावट होने का अनुमान है। इससे ठंड का असर तेजी से बढ़ेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दिन में उत्तरी हवाओं के कारण ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। हवाओं की रफ्तार 14 से 18 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच है।

### एड्स दिवस के उपलक्ष्य में निकाली विशाल एड्स जागरूकता रैली

**खरगोन।** शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खरगोन से विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं विशेषतः रेड रिबन क्लब एनएसएस एनसीसी के छात्रों द्वारा विशाल एड्स पैदल जागरूकता रैली के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मोहन सिंह सिसोदिया एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री दीपक कानूनगो ने किया। इस रैली में वॉलेंटियर्स द्वारा एड्स जागरूकता के पम्पलेट आमजन में वितरित करते गए। रैली के आगे जिला एड्स नियंत्रण समिति का जागरूकता रथ चल रहा था। रैली में एड्स जागरूकता के बैनर एवं तख्तियां स्लोगन लेकर छात्र-छात्राएं चल रही थी। रैली समापन के अंत में एड्स विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर हर्ष महाजन ने सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राचार्य का आभार व्यक्त किया।

### आरक्षक के अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता को मान्यता देते हुए मिला कर्मवीर योद्धा पदक, किया जिले का नाम रोशन

## देहात थाने के आरक्षक को मिला कर्मवीर योद्धा पदक कोरोना के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर सीएम ने सम्मानित किया







सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

कोरोना महामारी के दौरान चुनौतीपूर्ण कार्य करने पर देहात थाने में पदस्थ एक आरक्षक को कर्मवीर योद्धा पदक' मिला है। आरक्षक निशांत छारी को मुख्यमंत्री ने कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित किया है। सीएम मोहन यादव द्वारा स्वस्तिक पुलिस अस्पताल के लोकार्पण के दौरान विभिन्न इकाइयों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को कोरोना के दौरान अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कार्य करने की वजह से चयनित किया गया था, जिसमें प्रदेश से 9 अधिकारी और कर्मचारियों का चयन हुआ था। इनमें अशोकनगर के देहात थाने में पदस्थ आरक्षक निशांत छारी भी थे, जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान चुनौती पूर्ण एवं उत्कृष्ट कार्य किए थे। आरक्षक निशांत को कर्मवीर योद्धा पदक मिलने पर एसपी विनीत कुमार जैन, थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान व स्टाफ ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उक्त चयन समिति द्वारा थाना देहात जिला अशोकनगर में पदस्थ आरक्षक 250 निशांत छारी को कोरोना महामारी के दौरान उनके अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता को मान्यता देते हुए कर्मवीर योद्धा पदक दिये जाने हेतु मनोनीत किया गया। कोरोना महामारी की रोकथाम एवं उससे उद्भूत चुनौतियों से संघर्ष के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए आरक्षक 250 निशांत छारी को मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। आरक्षक 250 निशांत छारी को कर्मवीर योद्धा पदक मिलने पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं जिले के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की गई।

## सुखपुर अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**अशोकनगर।** श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय शिवपुर अस्पताल में 1 दिसंबर को 46 वा निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसमे 1000 से अधिक मरीजों के पंजीयन हुए जांच के बाद 63 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया सुखपुर अस्पताल के प्रबंधक महात्मा शब्द सागरआनंद में बताया कि नेत्र समीर की शुरुआत सुबह 8:30 से हुई जिसमें भारी संख्या में नेत्र रोगी उपस्थित हुए शहर में कल 1078 नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराया जिनकी जांच डॉक्टर एस के अंगिरा ,डॉक्टर रवि थडानी,डॉक्टर प्रमोद सहगल, डॉ रमेश बजाज ,डॉक्टर वाय डी अग्रवाल ,डॉक्टर विवेक अंगिरा, डॉ मुनीष धवन ,डॉ दिनेश सहगल सहित सुखपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने की जांच के बाद 63 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया मरीजों की आंखों का ऑपरेशन सोमवार को किया जा रहा है ऑपरेशन के बाद मरीज को लेंस चश्मा के अलावा अन्य उपकरण निशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा

सत्ता सुधार ■ खरगोन

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में 02 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रे, श्रीमती हेमलता सोलंकी, एसडीएम श्री बीएस कलेश, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मंडलोई एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम हटाने एवं नाम संशोधित करने संबंधी प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से जोड़े जाएं। राजस्व महा अभियान-3.0 की समीक्षा के दौरान आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज पुराने लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। अभिलेख दुरूस्ती एवं फार्मर आईडी तैयार करने का कार्य फास्ट्रेक पर तैयार करने को कहा गया। परम्परागत रास्तों के चिन्हांकन के प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें खत्म करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि जिले में इन दिनों ठंड पड़ रही है और रात्री के समय बस स्टेण्ड या सराय आदि में कोई भी व्यक्ति खुले में सोया हुआ न मिले इसका ध्यान रखा जाए। सभी तहसीलदार एवं स्थानीय निकाय के प्रभारी अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि ऐसे व्यक्ति के मिलने पर उसे रैन बसेरा या सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। राजस्व अधिकारियों को रात्रि में बस स्टेण्ड एवं अन्य क्षेत्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिए गए और कहा गया कि जहां आवश्यक हो वहां पर अलाव की व्यवस्था भी की जाए। इस कार्य में सामाजिक संगठनों की भी मदद लेने कहा गया। बैठक में रबी फसलों के लिए उर्वरक वितरण की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि खरगोन जिले के लिए 02 हजार मेट्रिक टन यूरिया लेकर मालगाड़ी के 03 रेक 03 दिसंबर को आ रहे हैं। वर्तमान में जिले में 2480 मेट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सहकारी समितियों के जिन केन्द्रों पर 05 टन से कम उर्वरक उपलब्ध है, वहां पर पहले उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। डबल लॉक केन्द्र एवं सहकारी समितियों से उर्वरक का व्यवस्थित वितरण किया जाए, जिससे किसानों का सुगमता से उर्वरक मिल सके और उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 982 किसानों से 09 करोड़ 48 लाख रुपये के 1938 मेट्रिक टन सोयाबीन की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को लगभग 05 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है। बैठक में बताया गया कि आगामी 08 दिसंबर को खरगोन जिले में सघन पल्स पोलिया टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पोलिया निरोधक दवा पिलाने के लिए व्यवस्था की जाए। जिससे पड़ोस के जिलों व राज्य से आने वाले बच्चों को 08 दिसंबर को दवा पिलाई जा सके। जो बच्चें 08 दिसंबर को किसी कारण से दवा पीने से छूट जाएं, उन्हें 09 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर दवा पिलाने का कार्य किया जाए।

## कलेक्टर कोचर वनांचल ग्राम चौरई में चौपाल लगाकर सुन रहे ग्रामीणों की समस्याएं

### मौके पर संबंधित अधिकारियों को दे रहे समय सीमा में निराकरण के निर्देश

सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज शाम जबेरा तहसील के दूरस्थ वनांचल ग्राम चौरई पहुंचे। यहां पर बरगद के पेड़ तले चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्या सुन रहे हैं। उन्होंने ग्राम वासियों से सर्वप्रथम अपना परिचय देते हुए फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी विस्तार से देते हुए आईडी बनवाने की बात कही। उन्होंने कहा यहां शिविर लगाया जाएगा। ई-केवाईसी के संबंध में कहा करवाए। कलेक्टर श्री कोचर एक-एक आवेदको की बातें सुन रहे हैं। ग्राम के कुछ किसानों ने वन भूमि का पट्टा मिलने की बात बताते हुए कहा ऑनलाइन नहीं होने से लाभ नहीं मिल पा रहा है, तत्काल ही डीएफओ दमोह से चर्चा की औरआवश्यक कार्यवाही त्वरित करने के लिए संबंधितों से कहा ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस आयोजित जन चौपाल में सवर्प्रथम मौजूद महिलाओं की समस्ययाए सुनी गई और उनका निराकरण कराया गया। इस मौके पर कलेक्टर ओर जनप्रतिनिधियों ने आयुष्मान कार्ड तथा गेहूं बीज का वितरण किया। चौपाल कार्यक्रम में एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार डॉ विवेक व्यास, रूपेश सेन, सीईओ जनपद डॉ रामेश्वर पटेल, सीबीएमओ डॉ डी के राय,सीडीपीओ रिंकल घनघोरिया, पीएचई के कार्यपालन यंत्री गंगा सिंह रावत, सब इंस्पेक्टर आलोक तिरपुडे सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा ग्रामीण जन मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तय समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल के संबंध में पीएचई और जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। यहां आए दो आवेदकों के आधार कार्ड की तकनीकी परेशानी के लिए कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित दो आवेदकों को जनसुनवाई में आने की बात कही, कहा वहां निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। वनांचल ग्राम अमझर, महगवां ओर ताला ग्राम में बिजली कनेक्शन नहीं होने की बात आने पर कलेक्टर श्री कोचर ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों पर कृषकों का प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम संपन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह

स्मॉल ग्रांट प्रोग्राम (स्त्रक्क) के सातवें परिचालन चरण के अंतर्गत ऊर्जा और संसाधन संस्थान (ञ्जश्वक्रढ्ढ) के सहयोग से नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरमेंट (एन.सी.एच.एस.ई) भोपाल द्वारा दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के देवरी लीलाधर और पतलोनी गांव मे जलवायु अनुकूल पद्धतियों को अपनाकर अवक्रमित/कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता और उत्पादकता में सुधार हेतु÷ परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को ऐसी प्रौद्योगिकियों और पद्धतियों को अपनाने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करना है, जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप कृषि पद्धतियों, पारिस्थितिकी सेवाओं में सुधार के साथ-साथ पर्यावरण के और अधिक क्षरण को रोकने और उनकी आजीविका को बढ़ाने में सहायक हों। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह में परियोजना क्षेत्र के 30 से अधिक कृषकों का क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एम.के. अहिरवार, कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश द्विवेदी एवं वैज्ञानिक डॉ बी.एल.साहू द्वारा विभिन्न कृषि से संबंधित जलवायु अनुकूल पद्धतियों पर कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# संस्कार वान कार्यकर्ताओं का संगठन है भाजपाः त्रिपाठी

### जिला चुनाव अधिकारी ने जिला कार्यशाला को किया संबोधित, संगठन पर्व के तहत कार्यक्रमों की दी जानकारी

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

भारतीय जनता पार्टी संस्कार वान कार्यकर्ताओं का संगठन है, यह एक ऐसा लोकतांत्रिक दल है, जो सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित है। यह पार्टी किसी परिवार, जाति वर्ग विशेष की पार्टी नहीं बल्कि राष्ट्रव्यापी पार्टी है, जो भारत के सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकात्मकता को बढ़ावा देने का काम करती है।

सच्चे अर्थों में लोकतंत्र में ही निहित पार्टी है, इसलिए यह अन्य दलों से अलग है, लोगों की अपेक्षा रहती है,कि इसके कार्यकर्ता अनुशासित, निष्ठावान संस्कारवान हो, यह बात सोमवार को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में संगठन पर्व के परिपेक्ष में आयोजित जिला कार्यशाला में भोपाल से पधारे प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जिला चुनाव अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में अपेक्षित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, सह जिला चुनाव अधिकारी नीरज मनोरिया, लखन रघुवंशी,पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जैन पूर्व विधायक लड्डू राम कोरी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नारायण प्रसाद शर्मा जिला महामंत्री नंदलाल यादव रविंद्र लोधी मुकेश कलावत सहित अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व चल रहा है, इस दौरान हम सभी मिलकर अपने संगठन के नेतृत्व के लिए ऐसे कार्यकर्ताओं का चयन करेंगे जिसमें उक्त सभी गुण समाहित हो, उन्होंने बताया कि जिले के सभी बूथों के निर्वाचन पश्चात अब मंडल अध्यक्ष के लिए चयन किया जाना है।

**सत्ता न्यूज** उद्घाटन के पूर्व ही जर्जर अवस्था में नजर आने लगा अंडरपास, पार्षद रितेश जैन ने लगाए आरोप

# अंडरपास से निकलता पानी बता रहा गुणवत्ताहीन निर्माण की गाथा

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

शहर को दो भागों में बांटने वाले रेलवे समपार के समीप निर्माणाधीन अंडरपास की दीवारों से निकलकर अंदर जमा पानी गुणवत्ता हीन निर्माण की गाथा स्वयं बता रहा है, यह अंडरपास उद्घाटन के पूर्व ही जर्जर अवस्था में नजर आने लगा है, इसके निर्माण पर सवाल उठाते हुए पार्षद रितेश जैन आजाद ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। रेलवे समपार पर बढ़ते यातायात दबाव और घंटो लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए शहर वासियों की मांग पर रेल विभाग द्वारा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया जिससे समस्या का समाधान हो, और शहर वासियों को सुविधा मिले, लेकिन फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद भी शहर वासियों की समस्या का समाधान ना हो सका बल्कि समस्या और बढ़ गई, जल्दबाजी में बनाए गए फुट ओवर ब्रिज को इस तरह से बनाया गया कि उस पर यातायात का दबाव बढ़ने के साथ पैदल निकलने वालों कोई जगह नहीं थी जिससे उन्हें दिक्कत आने लगी, क्योंकि शहर के दोनों तरफ घनी आबादी तथा एक तरफ अस्पताल और सभी शासकीय कार्यालय तो दूसरी तरफ आर्थिक गतिविधियों के लिए बाजार, रिहायसी इलाका था, लोगों की मांग फिर उठने लगी कि फुट ओवर ब्रिज से लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ और अंडरपास बनवाया जाए। जिसके लिए क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की मेहरबानी और पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी के अथक प्रयासों, बजट उपलब्ध कराने, पिछले 8 वर्षों के अथक संघर्ष के बाद शहर को दो हिस्सों में बांटने वाले रेलवे समपार के समीप अंडरपास निर्माण कराया गया। जिसमें कई तरह की तकनीकी समस्याएं आई, साथ ही बीच में राजनीतिक कारणों से काम भी रुका रहा लेकिन सभी रुकावटों को पार करते हुए अंततः उसका 80 प्रतिशत तक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। और बगैर उद्घाटन के ही लोगों ने उसका उपयोग शुरू कर दिया। जब लोगों ने उपयोग शुरू किया तो उसके गुणवत्ता हीन निर्माण की असलियत धीरे-धीरे लोगों के सामने और समझ में आने लगी। पहली बारिश में अंडरपास की छत से पानी टपकने लगा। अंडरपास के अंदर पानी निकासी के लिए सही प्रबंध नहीं किए गए जिससे बाहरी पानी अंडरपास में भरने लगा तथा लोगों को निकलने में दिक्कत आने लगी। अंडरपास की रैंप का निर्माण भी गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने से सड़क को खाद गई और धूल के ढेर लग गए और करीब 2 -3 इंच धूल नजर आने लगी। लेकिन इन सब बातों को सहन कर रहे शहर वासियों को आश्चर्य तो तब हुआ और हद तो तब हो गई जब, बगैर बारिश के ही अंडरपास की कथित मजबूत दीवालों से पानी रिसने लगा है।

## अशोकनगर में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करेगा सकल हिंदू समाज

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध

**अशोकनगर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हिंदू संगठनों में रोष है। इसी के विरोध में मंगलवार को अशोकनगर में हिंदू संगठन विरोध जताएगा। विरोध के संबंध में सकल हिंदू संगठन, साधु संत संगठन के लोगों ने पुराने रेस्ट हाउस में सोमवार को प्रेसवार्ता कर पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। संगठन के सदस्यों ने बताया कि कल दोपहर 1 बजे सभी लोग पछाड़ी खेड़ा स्थित विमान के चबूतरा के पास एकत्रित हुए और वहां पर अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर, रैली निकालते हुए गांधी पार्क के रास्ते सुभाषगंज पहुंचेंगे। जहां पर हिंदुओं पर हो रही घटनाओं को लेकर रोक लगाने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। इसी के साथ दोपहर 12 से लेकर शाम 4 बजे तक बाजार को भी बंद रखने के लिए दुकानदारों से आवाहन किया है। कार्यक्रम को लेकर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास के युवराज रामचंद्र दास ने प्रेसवार्ता की। इस अवसर पर महंत रामेश्वर दास महाराज ओडेर, महंत विष्णु दास लहरघाट, महंत बालक दास महाराज बिलोनिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ अंतर्गत विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**देवरी(सागर)।** शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 02.12.2024 को एड्स जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. दुबे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एड्स एक गंभीर बायरस है इसके प्रति सभी को जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ओमना सेनानी ने भी अपने विचार व्यक्त किऐ। इस अवसर पर डॉ. कलम सिंह डूडवे, शिवलाल अहिरवार, डॉ. आशीष जैन, डॉ. अनामिका पाठक, भगवत सिंह पटैल, मनीषा शर्मा, डॉ. राजेन्द्र नागेश,ज्योति तिवारी, राजेश गिरवाल, गगन खत्री, अबरार खॉन तथा समस्त स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कम प्रगति वाले राजस्व अधिकारियों पर कलेक्टर की नाराजगी,बुधवार तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने सोमवार को समय सीमा बैठक में राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कम प्रगति वाले तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, पटवारियों के संबंध में कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने बुधवार तक आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।उन्होंने अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय को भी निर्देशित किया है कि वे दैनिक रूप से राजस्व महाअभियान के संबंध में वीसी के माध्यम से समीक्षा करें जिसमें सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहें। उल्लेखनीय है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण और लंबित मामलों को सुलझाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राजस्व महाअभियान 3.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देश पर एसडीएम, तहसीलदार गाँव-गाँव जाकर कैंप कोर्ट के माध्यम से किसानों की समस्याओं को सुन रहे हैं और मौके पर ही निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राजस्व संबंधी शीघ्रता से पूर्ण हो सकें। यह अभियान 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन और स्वामित्व योजना से जुड़े कार्यों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि अभियान के दौरान सभी राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण हो।

# 43 औषधि दुकानों में निरीक्षण,तीन मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

सत्ता सुधार ■ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला औषधि विभाग के द्वारा मेडिकल स्टरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और अनियमित्ता मिलने पर लाइसेंस निलंबित भी किये जा रहे हैं। जिला अनुज्ञप्ति अधिकारी प्रीतस्वरूप एवं औषधि निरीक्षक मनीष सुमन के द्वारा जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है जिला अनुज्ञप्ति अधिकारी श्री प्रीतस्वरूप ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार जिले में 43 औषधि दुकानों में निरीक्षण किया गया जिनमें निलंबित किये गये औषधि दुकानों की संख्या - 3, संचालित औषधि दुकानो की संख्या जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किये गये - 8, संचालित औषधि दुकानो की संख्या जिन्हें चेतावनी दी गयी - 5 एवं जांच एवं विश्लेषण हेतु लिये गये औषधियों के नमूनों की संख्या - 15 है।औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियम अनुसार उल्लघंन किये जाने वाली मेडिको में सिंघई मेडीकल स्टोर, जबलपुर रोड, नेहा नगर, मकरोनिया सागर, मेसर्स माही मेडीको, बण्डा जिला सागर, मेसर्स आदि मेडीकल स्टोर बण्डा जिला सागर शामिल हैं।

जिला अनुज्ञप्ति अधिकारी प्रीत स्वरूप ने बताया कि जिले में संचालित औषधि दुकानो की संख्या जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किये गये हैं उनमें अश्विन केमिस्ट दीनदयाल नगर मकरोनिया सागर, चिरायु मेडीकल स्टोर खुरई रोड सागर, अरिहंत मेडीकल स्टोर विद्या सागर नगर सागर, श्री शिवाय मेडीकल स्टोर खुरई बस स्टेण्ड सागर, आजाद मेडीकल स्टोर रामपुरा वार्ड सागर, चौधरी मेडीकल स्टोर तिलकगंज वार्ड सागर, चौतन्य मेडीकल स्टोर शुकवारी वार्ड सागर, मेसर्स बालाजी मेडीकल एण्ड सर्जिकल, हनुमान मंदिर के सामने, शास्त्री वार्ड, खुरई रोड, सागर, जिला सागर शामिल हैं।उन्होंने बताया कि जिले में संचालित ऐसी औषधि दुकानो की संख्या जिन्हें चेतावनी दी गयी है उनमें गनेश मेडीको मकरोनिया सागर, गुरूवर मेडीको खुरई रोड सागर, महावीर मेडीकल मकरोनिया सागर, आजाद फार्मा तिलकगंज सागर, ओजस ऐजेंसी तिलकगंज वार्ड सागर शामिल है। प्रीत स्वरूप ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश अनुसार सभी औषधि दुकानों की लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और अनियमितता मिलने पर निलंबन के साथ साथ सील करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

# जिला चिकित्सालय में शहरी क्षेत्र आशाओं को कुष्ठ रोगी खोज अभियान के सर्वे 18 दिसंबर तक

सत्ता सुधार ■ सागर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मुलन कार्यक्रम के माध्यम से दिनाकं 02 से 18 दिसम्बर 2024 तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कुष्ठ रोग के विषय में आधी अधूरी जानकारी के कारण जो भय, भ्रांति है, उसे समाप्त करना हैं। जिले स्वास्थ्य कर्मीओं को कुष्ठ रोग खोज अभियान का प्रशिक्षण दिया जाकर नये कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की खोज करना, निःशुल्क इलाज की सुविधा, जन जागरूकता का प्रचार-प्रसार करना हैं।डॉ. ममता तिमोरी निर्देशानुसार आज दिनाकं 02 को जिला चिकित्सालय सागर में डॉ. अभिषेक यादव जिला कुष्ठ अधिकारी सागर ने शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय सागर में बतलाया कि आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में डोर-टू-डोर निर्धारित प्रपत्र में सर्वे करेगी, कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों एव नये संभावित व्यक्तियों को चिन्हित करेगी। शहरी क्षेत्र आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में बतलाया गया कि कुष्ठ बीमारी अन्य बीमारियों की तरह होती है उपचार लेने पर पूरी तरह से ठीक हो जाती है। शिवराम अहिरवार एएनएम द्वारा बतलाया कि क्षेत्र. में जन-जागरूकता हेतु नारे लेखन कार्य आशा के द्वारा किया जावेगा। कुष्ठ रोग खोज अभियान सर्वे दिनाक 02 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक चलेगा। रत्ना चौकसे एपीएम, सौरभ जैन, विजय वर्मा आदि प्रशिक्षण में उपस्थित रहें ।डॉ. ममता तिमोरी ने आमजन से अपील की हैं कि कुष्ठ रोग छुया-छूत का रोग नहीं हैं बल्कि एक साधारण बीमारी है जिसका अगर समय पूर्व जानकारी, उपचार मिलता हैं बीमारी से पूर्णरूप से स्वस्थ हो सकते हैं।

### आटो और ई रिक्शा चालक यूनियन की बैठक संपन्न, किराया बढ़ाये जाने को लेकर बनी सहमति

**खुरई(सागर)।** खुरई के आटो और ई रिक्शा यूनियन की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुद्दा मंहगाई की मार झेल रहे आटो चालकों द्वारा किराया बढ़ाये जाने को लेकर थी। जिसमें सभी में सहमति बनी और रेट निधार्रित किये गये। स्टेषन से व अन्य जगहों से विभिन्न गंतव्यों के रेट निधार्रित का सूची बनाकर सभी जगह चष्पा करने की सहमति बनी। जानकारी देते हुये अध्यक्ष सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि मंहगाई के चलते आटो चालकों का गुजारा नहीं हो पा रहा था। क्योंकि खुरई नगर इतना बड़ा नहीं है कि लोगों को हर स्थान पर जाने के लिये आटो लगते हों। इसलिये किराया बढ़ाना मजबूरी था। कई बार ई रिक्शा चालक कम रेट में सवारी ले जाते थे जिनके बीच भी सहमति बनाई गई। सरकारी अस्पताल का 30,आवास कालोनी का 50,नवोदय स्कूल 50,शासकीय डिग्री कालेज स्टूडेंटों को 10 व अन्य लोगों को 20 रुपये सवारी लगेगा। नियम तोड़ने वाले का 250 रुपये जुर्माना लगेगा।

# श्रीराम महाबारात को लेकर प्रशासन पहुंचा श्री राम दरबार, ली बैठक

### एक लाख से अधिक लोग होंगे शामिल, 200 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

बीना में आगामी 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव को लेकर श्रीराम झरोखा में प्रशासन और मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंडित श्री रामनाम महाराज की उपस्थिति में महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह शहर का सबसे बड़ा आयोजन है, इसलिए व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित मकानों का सर्वेक्षण किया जाए और जर्जर मकानों की पहचान की जाए।ऐसे मकानों के मालिकों को नोटिस जारी किए जाएं ताकि इन मकानों पर भीड़ एकत्रित न हो। यदि इस दौरान कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए मकान मालिक जिम्मेदार होंगे।इसके अलावा, नरसिंह मंदिर पर होने वाले भंडारे के समय में बदलाव करते हुए इसे शाम चार बजे के बजाय तीन बजे शुरू कराने का सुझाव दिया गया ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। एसडीओपी नितेश पटेल ने मंदिर समिति से आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने बताया कि झांकियों और पालकियों के पास विशेष पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि झांकियों के साथ चलने वाले ट्राला वाहनों पर चढ़ने की कोशिश करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि आयोजन के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा उपद्रव किया जाता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

### एक लाख से ज्यादा लोगों के आने की संभावना-

बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि आयोजन में हर साल भीड़ बढ़ रही है। इस बार एक लाख से ज्यादा भक्तों के शामिल होने की संभावना है। भीड़ को संभालने के लिए 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने की मांग की गई है। इस महोत्सव में कई चलित झांकियां निकाली जाएंगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों को मुख्य मार्गों पर बिजली के तारों को ऊंचा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि झांकियों के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

### वाहन मार्ग रहेगा परिवर्तित

आयोजन के दौरान बीना शहर में आने वाले वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया जाएगा। एसडीओपी ने कहा कि रिफाइनरी और भोपाल की ओर जाने वाले वाहनों को आगासौद रोड से बायपास रोड पर निकाला जाएगा। वहीं एसडीएम ने कलेक्टर से बात कर स्थानीय स्कूलों के अवकाश की सिफारिश की है ताकि आयोजन के दौरान यातायात और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

# पार्षद भारती ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को लिखा पत्र

### विकास कार्यों में पक्षपात के लगाया आरोप

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

गांधी वार्ड की पार्षद भारती ने आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास, को पत्र लिखकर बताया कि नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के प्रथम चरण का कार्य अधूरा पड़ा होने से नगर पालिका को लाखों का नुकसान होने के बावजूद भी कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है,जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि गांधी वार्ड में 16 फरवरी 2023 को कायाकल्प योजना के तहत उधम सोलंकी के घर से सुरेश अहिरवार के घर, प्रभाकर अहिरवार के घर से हरिनारायण श्रीवास्तव के घर तक सीसी रोड का काम स्वीकृत हुआ था। लेकिन नगर पालिका के द्वारा वार्ड के साथ पक्षपात के चलते यह काम करीब 1 साल तक चालू ही नहीं किया गया। जबकि अन्य वार्डों में स्वीकृत कार्य किए गए। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा कई बार मुख्य नगरपालिका अधिकारी से की गई।लेकिन काम शुरू नहीं किया गया। हमसे हमेशा फंड नहीं होने एवं ठेकेदार फ्री नहीं होने का बहाना बताया गया। जबकि कायाकल्प का फंड की कमी नहीं है इसका फंड अलग से स्वीकृत है।

उन्होंने लिखा की 3 जून 2024 को नगरी प्रशासन को इस संबंध में पत्र भी लिखा एवं कायाकल्प योजना की जानकारी लेने के लिए मेरे द्वारा ऋछढ़ लगाई गई। सत्ता दल का पार्षद होने के बाद भी मुझे जानकारी नहीं दी गई। जिसकी प्रथम अपील मेरे द्वारा 18 जुलाई 24 को लोक सूचना अधिकारी सागर, आयुक्त राज्य सूचना आयुक्त, सीएमओ नगर पालिका बीना से की गई।बावजूद न तो काम शुरू हुआ और न ही विभाग के द्वारा ऋछढ़ की जानकारी दी गई। परेशान होकर कायाकल्प योजना सहित अन्य मांगों को लेकर मेरे द्वारा 24 जुलाई 24 को वार्ड वासियों की समस्या एवं पक्षपात के चलते मुझे मजबूरी में कीचड़ में बैठकर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा।इसके बाद आनन फानन में नगर पालिका ने ठेकेदार क बुलाकर 2 अगस्त को काम शुरू करवाया। लेकिन मामला शांत होते ही ठेकेदार के द्वारा डीएलसी डालकर काम बंद कर दिया। जबकि नियमानुसार डीएलसी डालने के बाद 7 दिन के अंदर कंक्रीट (पक्का) का कार्य हो जाना चाहिए। लेकिन करीब साढ़े तीन माह से डीएलसी डाल कर काम बंद कर दिया गया है। जिससे हालत है कि बारिश एवं समय अधिक होने के कारण डीएलसी की गिट्टी, सीमेंट एवं रेत अलग-अलग हो गई है। जगह-जगह गिट्टी के ढेर नजर आ रहे है। जिससे नगर पालिका को लाखों रूपए का नुकसान हो गया है। क्योंकि डाली गई डीएलसी खराब हो गई है। डीएलसी के कारण जहां एक और आर्थिक रूप से नगर पालिका को नुकसान हो रहा है। वहीं वार्ड के लोगों को आवागमन में परेशानी को रही है। गिट्टी से लोग चोटिल हो रहे है, वहीं उनके वाहन भी खराब हो रहे है। ऐसे में वार्ड के लोगों में आक्रोश है और वह आक्रोश निकालने के लिए घर पर आ रहे है और भला बुरा कह रहे है।उन्होंने बताया कि अधूरे काम होने से मेरी छवि एवं सत्ता पक्ष पार्टी पर बुरा असर पड़ रहा है।

### डॉ गौर का जीवन संघर्ष, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का आदर्श उदाहरण हैं: कुलपति

**खुरई(सागर)।** राजीव लोचनाचार्य महाविद्यालय आयोजित गौर उत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। जिसमें 2000 से अधिक नागरिकों ने डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने का लिया संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीलिमा गुप्ता कुलपति, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े , मंदसौर जिला न्यायाधीश गंगाचरण दुबे शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. नीलिमा गुप्ता ने डॉ. हरिसिंह गौर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷डॉ. गौर एक महान शिक्षाविद्, समाज सुधारक और विधि विशेषज्ञ थे। उनकी कृतियों का अध्ययन हर विद्यार्थी को करना चाहिए। उनका जीवन संघर्ष, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का आदर्श उदाहरण है। हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. गुप्ता ने डॉ. गौर को भारत रत्न% से सम्मानित किए जाने के लिए चल रहे हस्ताक्षर अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्रपति तक पहुंचाया जाए ताकि देश के महान सपूत को उनका उचित सम्मान मिल सके। न्यायाधीश गंगाचरण दुबे ने कहा, ÷हर छात्र को मेहनत, संघर्ष और अनुशासन से अपना जीवन संवारना चाहिए।

### शांतिधारा बाहुबली ग्रुप के सहयोग से छोटी बजरिया जिनालय में पारस बाबा का महामस्तकाभिषेक

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

आचार्य 108 विद्यासागर एवं नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज के आशीर्वाद और मुनि श्री 108 सुव्रतसागर महाराज की प्रेरणा से छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में पंडित अहमहेंद्र जैन गंजबासौदा एवं संगीत पार्टी के सानिध्य एवं बाहुबली ग्रुप के सहयोग से पारस बाबा का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा संपन्न हुई। प्रथम सौधर्म डॉक्टर महेंद्र जैन, द्वितीय सौधर्म नेमीचंद प्रवीण मनीष एवं शांतिधारा डॉ महेंद्र कुमार सनत कुमार जैन तृतीय एडवोकेट योगेश कुमार मुकेश कुमार जैन एवं पुण्यार्जन परिवार मुकुल कुमार पपैया जैन अभिषेक शांतिधारा के बाद पूजन विधान संपन्न हुआ। पंडित अहमेंद्र जी ने बताया श्री 1008 पारसनाथ भगवान की महिमा बहुत ही चमत्कारिक है हम पारस बाबा के भक्तों से सुनते रहते हैं। हाल ही में छोटी बजरिया निवासी एडवोकेट भोपाल हॉस्पिटल में भर्ती थे बहुत ही स्वास्थ खराब था जैसे ही योगेश के नाम की शांतिधारा हुई उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ और उनकी हॉस्पिटल से छुट्टी कर दी गई। यह सत्य घटना है। बाबा के महामस्तकाभिषेक में बीना एवं बाहर से सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित हुए।

**शिविर** एचडीएफसी बैंक बीना एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन बीना द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर -67' का आयोजन किया गया

# एड्स दिवस पर सिविल अस्पताल बीना 67 रक्तदान शिविर किया आयोजित

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

विश्व एड्स दिवस पर सिविल अस्पताल बीना में किया गया ÷रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर 67÷ एवं एड्स जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।सिविल अस्पताल बीना के सभागार में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल बीना के डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ, एचडीएफसी बैंक बीना एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन बीना द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर - 67÷ का आयोजन किया गया, जिसमें 25 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ एचडीएफसी बैंक बीना शाखा प्रबंधक, ब्लड स्टोरेज सेंटर बीना प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं मनीष सिंघई के द्वारा स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि के पूजन व माल्यार्पण के साथ किया गया।लैब टेक्नीशियन रवि बोथ, रजनीश तिवारी, मनोज अहिरवार, लैब सहायक पुष्पा कोरी, राकेश सुमन? आदि द्वारा रक्तदाताओं से रक्तदान करवाया गया।

अब तक आयोजित हुए इन 67 ÷रक्त-क्रांति÷ रक्तदान शिविरों के समस्त भागों में 2153 यूनिट से अधिक ब्लड, रक्तदान किया जा चुका है। रक्तदान शिविर में बीना के व्यवसायी मनीष जैन, न्यूज 24 लाइव? चैनल के न्यूज रिपोर्टर लक्ष्मण सिंह राजपूत, उनकी रिपोर्टर पुत्री प्रियंका राजपूत, साथी रिपोर्टर शाहीन माजिद अली, दिनेश कुशवाहा, वैशाली कुशवाहा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में निर्मय जैन, आदर्श कुशवाहा, विनीत जैन, रमाकांत यादव, शिवम अहिरवार, निदान सिंह, कमलजीत सालुजा, साकेत जैन, कैलाश राय, प्रदीप जैन, त्रिवेन्द्र सेन, ब्रिजेन्द्र सिंह ठाकुर, पूरन राय, रिषि, विकास समैया, महेंद्र साहू, सक्षम जैन, अनीस खान द्वारा भी स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

एड्स जागरुकता एवं जांच शिविर आयोजित कर एड्स मरीजों की जान की रक्षा करने के उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा सुमित्रा एनजीवो बीना को ÷उत्कृष्ट समाजसेवा सम्मान÷ शील्ड प्रदान की गई जिसे इसकी महिला कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल अस्पताल बीना की आईसीटीसी एचआईवी एड्स परामर्शकर्ता सविता अहिरवार के साथ प्राप्त किया गया। 51 बार रक्तदान करने वाले बीना के व्यवसायी श्री मनीष जैन को ÷रक्त-क्रांति रक्तवीर सम्मान÷ एवं न्यूज 24 लाइव चैनल न्यूज रिपोर्टर प्रियंका राजपूत को ÷रक्त-वीरांगना÷ सम्मान प्रदान किया गया। मोतीचूर नदी संरक्षण समिति बीना के रक्तदान जागरूकता शार्ट मूवी मेकर रक्तदाता दिनेश कुशवाहा को ÷उत्कृष्ट सुरक्षा सम्मान÷ एवं वैशाली कुशवाहा को ÷उत्कृष्ट महिला सुरक्षा सम्मान÷ प्रदान किया गया। एचडीएफसी बैंक बीना को ÷उत्कृष्ट जीव-रक्षा सम्मान÷ चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया जिसे अनिमेष सैनी, अहसान अली सहित सभी बैंक कर्मचारियों द्वारा प्राप्त किया गया। न्यूज 24 लाइव? चैनल रिपोर्टर लक्ष्मण सिंह राजपूत एवं शाहीन माजिद अली को ÷उत्कृष्ट रक्त-प्रचारक सम्मान÷ प्रदान किया गया।

विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा

# कलेक्टर को रिबन लगाकर मोमेंटो किया भेट

**सागर।** विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत तुमुल सोसाइटी सागर द्वारा कलेक्टर संदीप जी.आर. को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी के मार्गदर्शन में रेड रिबन लगाकर, मोमेंटो भेट किया इस अवसर पर तुमुल सोसाइटी से हसन खान, भूपेंद्र प्रजापति, अशद खान, रजनी विश्वकर्मा, अमजद खान, आकाश प्रजापति, दारव खान मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### साक्षी, कल्पना को ग्रीन एवं संजय को येलो बेल्ट

**भोपाल।** एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वाधान में भोपाल में आयोजित 21वे आउटडोर शिविर एवं बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम में इंदौर के बुनसन स्कूल की साक्षी लोधी एवं सरस्वती विद्या निकेतन की कल्पना साहू ने बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम उत्तीर्ण कर ग्रीन बेल्ट एवं संजय साहु ने येलो बेल्ट हासिल किया। खिलाड़ियों को अमय लश्करी ने बेल्ट प्रदान किए एवं उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया ।

### अर्जुन तेंदुलकर धक्का देने वाले पर भड़के

**मुम्बई।** आम तौर पर शांत रहने वाले अर्जुन तेंदुलकर उस समय भड़क गये जब एक व्यक्ति ने उन्हें धक्का दे दिया। इसका एक विडिया भी सोशल मीडिया में आया है। इसमें अर्जुन धक्का देने वाले को करार जवाब देते हैं। ये मामला किसी रेस्टोरेंट का है। दर असल इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की मेगा ऑक्शन के पहले राउंड में अर्जुन को किसी भी टीम की तरफ से नहीं खरीदा गया था। वहीं दूसरे राउंड में जब उनका नाम आया तो मुंबई इंडियंस ने 30 लाख के बेस प्राइस पर उनको अपनी टीम के साथ जोड़ा। उनकी पिता सचिन तेंदुलकर मुम्बई टीम के मेंटोर हैं और उनको पिछले चार सत्र से इसी टीम ने खरीदा है। ऐसे में एक बार फिर से उनके मुंबई इंडियंस में शामिल किए जाने पर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा। अर्जुन का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें वह कुछ लोगों के बीच नजर आते हैं। वह किसी रेस्टोरेंट के अंदर जाते नजर आ रहे हैं। जब वो कतार में लगकर अंदर जा रहे होते हैं तो उनके पीछे चल रहा शख्स धक्का देता है जिसे लेकर वो कहते हैं तुम मुझे धक्का क्यों दे रहे हो हालांकि मामला ज्यादा आगे नहीं बढ़।

### रितिका ने नवजात बेटे का नाम सोशल मीडिया के जरिये प्रशंसकों को बताया

**मुम्बई।** भारतीय किकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने अपने नवजात बेटे का नाम सोशल मीडिया के जरिये प्रशंसकों को बताया है। रितिका ने सोशल मीडिया पर एक बेहद खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इसमें उनका पूरा परिवार नजर आ रहा है। इसमें सभी के आगे उन्होंने उसका नाम लिखा है। इसी में रोहित, रितिका और समायरा के अलावा एक के आगे अहान लिखा है। इससे साफ हो गया है उनके बेटे का नाम अहान है। रोहित ओर रितिका के इस बेटे का जन्म गत माह 15 नवंबर को हुआ था। यह उनका दूसरा बच्चा है। रोहित इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वहीं दूसरे बच्चे के जन्म के कारण वह पहले टेस्ट में टीम से बाहर थे। रोहित भारत और प्रधानमंत्री एकादश मुकाबले में मध्यक्रम में उतरकर केवल तीन रन ही बना पाये। इससे साफ हो गया है कि एडिलेड टेस्ट में हिटमैन चौथे या पांचवे नंबर पर ही उतर सकते हैं। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के उनके तय क्रम पर ही उतरने की संभावनाएं हैं।

बीजिंग में आईएसयू विश्वकप स्पीड स्केटिंग में भा लेते हुए खिलाड़ी।

### एशिया कप के दूसरे मैच में भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये वैभव

**शारजाह।** आईपीएल टीम में शामिल 13 साल के वैभव सूर्यवंशी एशिया कप के दूसरे मैच में अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। वैभव पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 1 रन ही बना पाये थे पर जापान के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 22 रन बनाये। आईपीएल मेगा नीलामी में वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ 10 लाख रुपये देकर अपनी टीम से जोड़ा है। वैभव को घरेलू क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद ही अंडर 19 टीम में जगह दी गई थी। इस क्रिकेटर से यहां भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी पर एशिया कप के पहले दो मैच में ही उन्होंने निराश किया। पाकिस्तान के खिलाफ पारी की शुरुआत करते हुए वैभव ने 9 गेंद में केवल एक रन बनाया। वहीं जापान के खिलाफ एशिया कप के अपने दूसरे मुकाबले में वैभव ने शुरुआत तो अच्छी की पर वह उसे बरकरार नहीं रख पाये। इस किशोर ने अपनी पारी में 23 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्का लगाकर 23 रन बनाए।

# दूसरे टेस्ट में भी यशस्वी और राहुल के ही पारी शुरु करने की संभावना

## मध्यक्रम में उतर सकते हैं रोहित

एजेंसी ■ एडीलेड

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट अब छह दिसंबर से यहां शुरु होने वाले बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट से टीम की कमान संभालेंगे। यहा टेस्ट मैच दिन-रात का होने के कारण गुलाबी गेंद से खेला जाएगा।

रोहित दूसरी बार पिता बनने के कारण पहले टेस्ट मैच से बाहर थे। रोहित के नहीं होने पर पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने पारी की शुरुआत करते हुए काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में माना जा रहा है कि गुलाबी गेंद से होने वाले दूसरे टेस्ट में भी यही जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी और रोहित मध्यक्रम में उतरेंगे। पहले मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने पारी की शुरुआत करते हुए। दूसरी पारी में 200 रन से ऊपर की साझेदारी कर नया रिकार्ड बनाया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ भी इसी जोड़ी ने पारी की शुरुआत की थी। उससे ये संकेत मिलते

हैं कि अब दूसरे टेस्ट में भी यही जोड़ी उतरेगी और रोहित मध्यक्रम में खेलेंगे।

रोहित का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में वह भी नहीं चाहेंगे कि टीम की शुरुआत खराब हो। इसी कारण वह रोहित ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ मुकाबले में राहुल को ही शुरुआत के लिए भेजा था। इससे प्रशंसकों ने अंदाज लगाना शुरू कर दिया कि टीम दूसरे टेस्ट में भी इसी बल्लेबाजी क्रम के साथ खेलने उतरेगी। अच्छी लय हासिल कर चुकी यशस्वी और राहुल की जोड़ी में अब बदलाव की संभावना को वह नहीं देखते। वहीं इससे पहले अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी कहा कि दूसरे टेस्ट में भी यशस्वी और राहुल ही पारी की शुरुआत करें और रोहित मध्यक्रम पर उतरें। साथ ही कहा था कि सलामी जोड़ी में बदलाव से नुकसान हो सकता है।

### दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया दो बदलावों के साथ उतरेगी

भारतीय टीम 6 दिसंबर से मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉडर गावस्कर सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेलेगी। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल भी टीम से जुड़ जाएंगे। ऐसे में टीम में दो बदलाव होने तय हैं। रोहित दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर थे। पहले मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरुआत की थी। अब देखना है कि राहुल इस मैच में भी पारी की शुरुआत करते हैं या वे किसी अन्य क्रम पर उतरेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शुभमन भी चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाये थे पर अब वह फिट हैं और वापसी के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में अर्धशतक लगाकर उन्होंने अपनी फिटनेस साबित की है। रोहित और शुभमन की वापसी से तय है कि भारतीय टीम दिन-रात के इस मैच में बदलावों के साथ उतरेगी। ऐसे में सवाल उठता है कि किन दो खिलाड़ियों को बाहर होना पड़ेगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे देवदत्त पडिक्कल को शुभमन गिल की जगह पर्थ में अवसर दिया गया था पर वह रन बनाने में असफल रहे। इसलिए उनका बाहर होना तय है। कप्तान रोहित शर्मा के ओन से ध्रुव जुरेल को जगह बाहर बैठना होगा। .कप्तान रोहित शर्मा के इस मैच में पारी की शुरुआत करने की उम्मीद नहीं है। माना जा रहा है कि पहले टेस्ट में शुरुआत करने वाले यश्सवी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ही इस मैच में भी उतरेगी। ऐसे में कप्तान स्वयं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते नजर आ सकते हैं।

# गिनी में फुटबॉल मैच में हिंसा से 100 लोग मारे गये

एजेंसी ■ जेरेकोर

अफ्रीकी देश गिनी में फुटबॉल मैच में हुई हिंसा के कारण करीब 100 लोगों की मौत हो गयी है। प्राप्त जनकारी के अनुसार रैफरी के एक फैसले पर विवाद के बाद दोनो ही टीमों के प्रशंसक आपस में भिड़ गये जिससे ये मौतें हुई हैं। । एक डॉक्टर के अनुसार अस्पताल में हर और शव पड़े हुए हैं। यहां तक कि मुर्दाघर भी भरा हुआ है और तकरीबन 11 लोग हिंसा का शिकार हुए हैं पर स्थानीय लोगों का कहना है कि मरने वालों का आंकड़ा कहीं अधिक है।

वहीं सोशल मीडिया में भी इस हिंसा की तस्वीरें आई हैं। उसमें मैच स्थल के बाहर हिंसा होती दिख रही है। वहीं कई लोग धायल होकर मैदान पर पड़े दिखाय दिये हैं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस स्टेशन पर भी हमला बोलकर उसे आग के हवाले कर दिया।

यह मैच कथित तौर पर गिनी के जुंटा नेता मामादी डौम्बौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट के दौरान हुआ था, डौम्बौया ने साल 2021 में विद्रोह कर सत्ता संभाली थी। डौम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को हटकार सत्ता पर अपना नियंत्रण कर दिया था जिन्होंने पहले इस तरह के अधिग्रहण से बचाने के लिए तत्कालीन कर्नल को नियुक्त किया था। अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद डौम्बौया ने साल 2024 के अंत तक नागरिक सत्ता हस्तांतरण के लिए प्रतिबद्धता जताई, हालांकि उन्होंने तब से इस रुख को बदल दिया है। जनवरी में डौम्बौया ने अपने को लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत किया, उसके बाद अगले महीने सेना के जनरल के पद पर खुद को पदोन्नत किया।

# पाक टीम भविष्य में भारतीय टीम को उसके घर में ही हराये : शोएब

## भारत का दौरा नहीं करने का बयान सही नहीं

एजेंसी ■ लाहौर



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी आयोजन को लेकर हुआ विवाद थमने पर राहत जतायी है। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के भारतीय टीम के मैच किसी अन्य जगह पर आयोजित करने पर सहमत होने के बाद इस टूर्नामेंट पर लेकर संशय समाप्त हो गया। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने राजस्व में अधिक हिस्सेदारी की मांग करने के पीसीबी के रुख को सही बताया है। उनका कहना है कि अब टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जा रहा है , इसलिए पीसीबी को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अधिक राज्स्व मिलना ही चाहिये। । इस पूर्व क्रिकेटर ने हालांकि पीसीबी के भविष्य में भारत का दौरा नहीं करने के बयान को गलत बताया है। उन्होंने पीसीबी को भविष्य के आईसीसी आयोजनों के लिए टीम को भारत भेजना चाहिए। लेकिन उन्हें अपनी टीम को इतना बेहतर बनाना बनाना चाहिए कि वह भारत को उसके अपने घर में हरा सके। उन्होंने कहा, भविष्य में भारत में खेलने के मामले में, हमें दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए और वहां जाना चाहिए। मेरा हमेशा से मानना ?रहा है कि भारत जाओ और उन्हें वहां हराओ। चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड मॉडल के कारण अब भारत के मैच दुबई में खेले जाएंगे । वहीं अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचती है तो भी ये मैच दूबई में होंगे। अगर ऐसा नहीं होता तो ये मैच पाक में ही होंगे।

### भविष्य को देखते हुए वाशिंगटन सुंदर को तैयार कर रहा टीम प्रबंधन : हरभजन

**मुंबई।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टीम प्रबंधन अब भविष्य को देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को तैयार करे। युवा वाशिंगटन सुंदर कोच को गौतम गंभीर भी पसंद करते हैं। हरभजन के अनुसार अभी तक आर अश्विन ने भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है पर अब आने वाले समय को देखते हुए उनका विकल्प तैयार रखना होगा। अश्विन ने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया है प अब उनकी उम्र बढ़ती जा रही है।

हरभजन ने कहा कि अब अश्विन 38 साल है इसलिए टीम प्रबंध्न वाशिंगटन सुंदर को को अवसर दे रहा है क्योंकि जब भी अश्विन संन्यास लेंगे तो वह उनके साथ होगा। टीम को लगता है कि उन्हें वाशिंगटन को तैयार करना है इसलिए मुझे लगता है कि वे उसी राह पर काम कर रहे हैं।

भारतीय टीम अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरु होने वाले दिन-रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी कर रही है। भारतीय टीम अपनी इसमें अपनी अंतिम 11 को लेकर संशय में है। टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा वापस टीम से जुड़ चुके हैं। वहीं शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उभरने के बाद वापसी कर रहे हैं। ऐसे में पहले टेस्ट की विजेता टीम से दो लोगों को बाहर रखन होगा।

# दूसरी सबसे बड़ी लीग बनती जा रही एसए20 : स्मिथ

एजेंसी ■ मुंबई

पूर्व क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीकी अफ्रीकी किकेट लीग एसए20 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की राह पर है। स्मिथ एसए20 लीग के आयुक्त हैं और उनका लीग को इस स्तर तक आने में विशेष योगदान रहा है। एसए20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था पर इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे। वह इस लीग में इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।

स्मिथ ने कहा,''यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं पर सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट को बदल कर रख दिया'' उन्होंने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया है। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमें उनसे काफी कुछ सीखने को मिला।''कार्तिक इस टूर्नामेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह लीग के भारत के दूत भी हैं। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद एसए20 सबसे अच्छी प्रतियोगिता थी जिसमें वह भाग ले सकते थे। कार्तिक ने कहा,''जब मैंने आईपीएल के बाद संन्यास लेने की घोषणा की तो तब भी मैं क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता था। मैं सोच रहा था कि मेरे लिए क्या विकल्प है और इसका पता कैसे करना है क्योंकि मैं कभी किसी अन्य लीग का हिस्सा नहीं रहा।'' उन्होंने कहा,''मैंने उन खिलाड़ियों से पूछा जो अन्य लीग का हिस्सा रहे हैं और एक बात जो सर्वसम्मति से सामने आई, वह यह थी कि एसए20 अभी आईपीएल के बाद सबसे बेहतर टूर्नामेंट है।

### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल

# भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका हैं प्रबल दावेदार

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यहां तक कि यहां तक कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से हारकर भी फाइनल की रेस से पूरी तक बाहर नहीं हुई है। दौड़ में बने रहने उसे अपने बाकी बचे दो मैच जीतने होंगे। इसके अलावा उम्मीद करनी होगी कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से हराए। दक्षिण अफ्रीका की टीम श्रीलंका को 2-0 और पाकिस्तान को 2-0 या 2-1 से हराए। फिर श्रीलंका की टीम ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराए या सीरीज 1-1 से बराबर रहे। भारतीय टीम ने पिछली 2 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान और श्रीलंका को कई बार हराया है।

भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया को 4-0 या 4-1 से सीरीज में हराए तो उसका फाइनल खेलना तय है। वहीं अगर भारत अगर 3-2 से सीरीज जीते तो उसके 58.77 अंक रहेंगे। ऐसा होने पर उसे चाहिये होगा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका से सीरीज ना जीते। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया से 3-2 या 2-1 से जीती तो दूसरी टीमों के प्रदर्शन से उसका फाइनल में पहुंचना तय होगा।

वहीं यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम यदि भारत को 3-1, 4-1 सर 4-0 से हराए और फिर श्रीलंका से भी सीरीज जीते तो फाइनल में पहुंचेगी। . यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से 2-1 से जीते और फिर

श्रीलंका को 2-0 से हराए तो भी फाइनल में पहुंच सकती है। इसके अलावा अगर ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से सीरीज हार जाए और उसके बाद श्रीलंका को 2-0 से हराए तो तो भी वह फाइनल में पहुंच जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने की संभावना सबसे अधिक है. उसके डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में 59.26 अंक (परसेंट) हैं। उसे अभी 3 मैच और खेलने हैं। उसके तीनों ही मैच घर पर हैं. इनमें से दो मैच जीतकर भी वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है।

अगर श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज बराबर करा ले तो उसके 54.55 अंक (परसेंट) हो जाएंगे। अगर श्रीलंका की टीम इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू सीरीज में दोनों मैच हरा दे तो वह 61.54 अंक (परसेंट) तक पहुंच सकती है, जो वह आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगी। अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से सीरीज जीते तो उस पर फाइनल से बाहर होने का पूरा खतरा बना रहेगा। ऐसा होने पर भारत के 57.02 अंक (परसेंट) रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंका में भी सीरीज खेलनी है। अगर ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका की सीरीज 1-1 से बराबर रहे तो वह बाहर हो जाएगी।

# मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी से बंगाल जीता

एजेंसी ■ राजकोट

बंगाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में मेघालय को छह विकेट से हरा दिया। बंगाल की जीत में अनुभवी तेज गेंदबाजी मो शमी की गेंदबाजी की अहम भूमिका रही। शमी ने चार ओवर में केवल 16 रन दिए जिससे मेघालय की टीम छह विकेट पर 127 रन ही बना पायी। बंगाल ने सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल के अर्धशतक 61 और करण लाल 42 के बीच हुई पहले विकेट की 80 रन की साझेदारी की सहायता से चार विकेट पर 128 रन बना लिये। मेघालय की ओर से एरियन संगमा ने 37 और लैरी संगमा ने 38 रन बनाये। वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में आउट हो गये। वहीं एक अन्य मुकाबले में नमन धीर की अच्छी गेंदबाजी से पंजाब ने हैदराबाद को 7 रनों से हरा दिया। नमन ने 19 रन देकर 5 विकेट लिए। एक अन्य मुकाबले में झारखंड ने हरियाणा को एक विकेट से हरा दिया। हरियाणा की ओर से सुमित कुमार ने 25 रन देकर तीन विकेट जबकि हर्षल पटेल ने 16 रन पर 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल ने 13 रन पर एक विकेट लिया। इसके अलावा ग्रुप बी मैच में गुजरात ने अक्षर पटेल के 19 रन पर 2 विकेट और रवि बिश्नोई ने 16 रन पर एक विकेट की धारदार गेंदबाजी से सिक्किम को तीन ओवर पहले ही छह विकेट से हरा दिया।

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2024-25 में स्नातक, स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष में दाखिले की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। अब विवि में द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ वर्ष में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संबंधित अभ्यर्थी सात दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह में आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## समारोह छह-सात दिसंबर को होगा: स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में होंगे शामिल, कलेक्टर ने स्वर्वेद मंदिर स्थित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**सत्ता सुधार ■ वाराणसी**

विहंगम योग संत समाज का शताब्दी समारोह आगामी छह और सात दिसंबर को होगा। इस दौरान 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होगा। शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात दिसंबर को आएंगे। इसके मद्देनजर जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। डीएम के साथ अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस चन्नप्पा, उपायुक्त वरुणा जोन चंद्रकांत मीणा, एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी ने स्वर्वेद मंदिर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री सात दिसंबर को 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में शामिल होने के साथ संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के निर्देशन में संचालित सद्गुरु सदाफल देव आप्त वैदिक गुरुकुलम के नवविस्तार का उद्घाटन भी करेंगे। इसमें 300 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आवासीय व्यवस्था है।

### डीएम को आज सम्मानित करेंगे सीएम

इस साल वाराणसी को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिला चुना गया है। इसी श्रेणी में डीएम एस राजलिंगम को मुख्यमंत्री योगी सम्मानित करेंगे। इसके अलावा गैर-व्यावसायिक श्रेणी में पुनर्वास सेवाओं में योगदान के लिए नई सुबह संस्था (वाराणसी) और सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान के लिए जन विकास समिति (वाराणसी) को पुरस्कृत किया जाएगा। महिला श्रेणी में रीतू पटेल (वाराणसी) को भी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वैदिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक, खेलकूद, मलखंभ आदि समस्त विषयों की शिक्षा मिलती है। गुरुकुल सहित पूरे आयोजन स्थल का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के लिए टी-20 मैच

वाराणसी ने प्रदेश का पहला ऐसा जिला रहा, जिसने दिव्यांगों के लिए टी-20 मैच का आयोजन भी किया था। इसके अलावा अन्य सभी बिंदुओं में वाराणसी पहले स्थान पर रहा। सरकार की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस को लोकभवन सभागार में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### इन्हें भी मिलेगा सम्मान

समारोह में उत्कृष्ट दिव्यांग व्यक्तियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों, स्वैच्छिक संगठनों और दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सभी को मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप सम्मानित करेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### विदेश से ट्रेनिंग और निशाने पर भोले-भाले लोग, अब गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी विदेश में बैठे साइबर ठगों से ट्रेनिंग लेते थे। उन्हें खाते उपलब्ध कराते थे। इसके बाद लोगों से डिजिटल अरेस्ट, शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर ठगी की जाती थी। आगरा के व्यक्ति से 18 लाख रुपए ठगे गए थे। इसके बाद पुलिस ने जांच की। पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के नाम प्रेम उर्फ प्रेम बहादुर साउद पुत्र केशव साउद निवासी धनगढ़ी जिला कैलाली नेपाल और हाल निवासी अमर कॉलोनी थाना नांगलोई (दिल्ली), रवि कुमार सूर्यवंशी पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी बुद्ध विहार फेस-1 थाना सरदेव रोहिणी ( दिल्ली),इमरान पुत्र फकरूद्दीन निवासी अशोक विहार (गाजियाबाद) और अश्वनी पुत्र रसपाल सिंह निवासी आवास विकास कॉलोनी फर्रूखाबाद बताए हैं।

### बलिया में लहसुन के भाव बढ़े तो सक्रिय हो गए चोर

**बलिया।** बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के नवका गांव निवासी गुप्तेश्वर सिंह के खेत से लहसुन की फसल चोरी हो गई। घटना देर रात में हुई। इसके बाद जब सुबह हुई तो इसकी जानकारी गुप्तेश्वर के घरवालों को हुई। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत डायल 112 नंबर पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस चोर का पता लगाने में जुट गई।

### ड्यूटी से नदारद दो दरोगा समेत 8 पुलिसकर्मी निलंबित

**अमरोहा।** अमरोहा में लंबे समय से ड्यूटी से नदारद चल रहे दो दरोगा समेत आठ पुलिसकर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया। लापरवाह पुलिसकर्मियों पर ढिलाई बरतने और मनमानी करने का आरोप है। इसमें अधिकांश पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो जानबूझकर ड्यूटी से गायब चल रहे हैं। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि दरोगा परविंदर मलिक अमरोहा नगर कोतवाली में एसएसआई के पद पर थे। बीमारी के चलते छुट्टी लेकर गए परविंदर मलिक लंबे समय से ड्यूटी से गायब हैं। कुछ इस तरह ही महिला उप निरीक्षक विजेता तोमर, हेड कांस्टेबल नीरज, संदीप, कांस्टेबल विनोद कुमार, आदित्य पुंडीर, विजय और अखिलेश भी ड्यूटी से गायब चल रहे हैं। सभी की तैनाती पुलिस लाइन में चल रही है। यह सभी पुलिसकर्मी अनधिकृत रूप से कर्तव्यों से अनुपस्थित रहकर घोर लापरवाही बरत रहे हैं।

### महाकुंभ-2025: प्रयागराज में भूमि आवंटन बना गले की फांस

# पीएम के आने से पहले सीएम और पीएमओ की टीम परखेगी तैयारियां

## मोदी के आगमन के मद्देनजर संगम नोज पर तैयार हो रहा बड़ा पंडाल

### 13 दिसंबर से पहले सभी कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा

**सत्ता सुधार ■ प्रयागराज**

पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन (13 दिसंबर) से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात दिसंबर को महाकुंभ की तैयारियों का एकबार फिर जायजा लेंगे। इसके बाद पीएमओ की टीम भी प्रयागराज पहुंचेगी। इसे लेकर महाकुंभ के कार्यों को रफ्तार देने में विभाग और मेला प्रशासन जुटे हुए हैं। दूसरी ओर जमीन आवंटन को लेकर चल रहा विवाद मेला प्रशासन के गले की फांस बन रहा है। प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन की तिथि के साथ ही महाकुंभ के कार्यों की रफ्तार तेज होती जा रही है। लोनिवि, पीडीए, सिंचाई, नगर निगम, बिजली और जलनिगम सहित अन्य विभागों के कार्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगे हैं। 13 दिसंबर से पहले सभी कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए शासन और विभागीय उच्चाधिकारियों की ओर से मानीटरिंग की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। योगी लगातार महाकुंभ के कार्यों को निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। अब पीएम के आगमन से पहले सात जनवरी को एकबार फिर मुख्यमंत्री के प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें वो महाकुंभ के कार्यों का निरीक्षण कर पीएम के आगमन की तैयारियों को भी अंतिम रूप देंगे। इसके बाद पीएमओ की टीम भी महाकुंभ के कार्यों और तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचेगी।



### अफसरों को मिलेगी जिम्मेदारी

पहले भी पीएमओ की टीम सीनियर आईएएस अफसर मंगेश घिल्डियाल के नेतृत्व में तीन दिन तक प्रयागराज में रहकर महाकुंभ के कार्यों का जायजा ले चुकी है। अब एकबार फिर प्रधानमंत्री के आगमन से पहले तीन प्रयागराज पहुंचकर तैयारियों को परखेगी और स्थानीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देगी। दूसरी ओर महाकुंभ में भूमि आवंटन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अखाड़ों के बाद अब सतुआ बाबा के नेतृत्व में खाक चौक के साधु संत आंदोलनरत हैं। उन्होंने मेला प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो खाक चौक के साधु संत मेले में नहीं आएंगे।

### कार्यों को पूरा करने में जुटा लोनिवि

13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन से पूर्व महाकुंभ-2025 की तैयारियों को पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी ने रफ्तार बढ़ा दी है। पांटून पुलों के साथ सड़कों के रेनोवेशन के काम में भी तेजी आई है। अब तक पीडब्ल्यूडी की ओर से 27 मार्गों का मरम्मतीकरण किया जा चुका है, जबकि बाकी का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह 17 मार्गों के सौंदर्यीकरण का कार्य पांच दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। पीडब्ल्यूडी के पास कुल 89 परियोजनाएं हैं, जिसमें से 60 पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 10 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सब काम चल रहा ठीक

पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर एके द्विवेदी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के सभी कार्य लक्ष्यों के अनुरूप चल रहे हैं। सभी तरह के रॉ मैटेरियल की सप्लाई साइट्स पर पूरी हो चुकी है। मेला क्षेत्र में 488 किमी चेकर्ड प्लेट्स बिछाने के लिए सप्लाई पूरी हो चुकी है। रेत की वजह से थोड़ी समस्या आ रही है, लेकिन इसे भी समय पर पूरा कर लिया जाएगा। कोई भी काम निर्धारित लक्ष्य से पीछे नहीं चल रहा है।

### 15 जंक्शंस भी कंप्लीट होने की कगार पर पहुंचे

चीफ इंजीनियर ने बताया कि एयरपोर्ट रोड, रसूलाबाद घाट रोड, फाफामऊ-सहसो रोड का कार्य समाप्ति की ओर है, जबकि 15 जंक्शंस भी कंप्लीट हो रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के पास मेला क्षेत्र की छह परियोजनाएं हैं, जो कि 10 दिसंबर तक पूर्ण कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम रिव्यू कर रहे हैं कि कितनी परियोजनाओं को पीएम मोदी द्वारा लोकार्पित कराना है। जल्द ही इसका निर्णय ले लिया जाएगा।

# संभल जाने से रोकने पर कांग्रेसियों और पुलिस में झड़प

## अजय राय बोले-प्रतिबंध हटने के बाद जाएंगे

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को संभल जाने का प्रयास किए। उनके साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे। पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया। कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस के अलावा दो गाड़ी पीएसी भी बुलाई गई थी। संभल जाने से रोकने पर कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प भी देखने को मिली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभल जाकर वहां की स्थिति की अपने स्तर पर जांच करेंगे। यह भी खुलासा करेंगे कि पुलिस प्रशासन के लोग किस तरह से गलत जांच रिपोर्ट पेश करते हैं। अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभाल जाकर वहां की स्थिति का अपने स्तर पर जांच करेंगे और यह भी खुलासा करेंगे कि पुलिस प्रशासन के लोग किस तरह से गलत जांच रिपोर्ट पेश करते हैं। कांग्रेस ने इसकी तैयारी पहले से कर ली थी। रविवार की रात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यालय में ही रात बिताई। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से नेता रविवार की शाम को ही लखनऊ पहुंच गए थे, ताकि सभी सोमवार की सुबह एक साथ रवाना हो सकें। संभल जाने के लिए निकलने से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी कार्यालय पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह संभल जाने के लिए निकले। पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया।

### दस दिसंबर तक जाने पर रोक

उधर, प्रशासन ने दस दिसंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा के कई नेताओं ने वहां जाने के कोशिश की थी। सपा विधानमंडल दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष को वहां जाने से रोक दिया गया था। इकरा हसन सहित कुछ और सांसदों को भी वहां नहीं जाने दिया गया था।

**न्यायाधीशों की निगरानी में हो जांच-** सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा कि संभल की घटना सरकार द्वारा कराई गई सुनियोजित घटना है। सपा को न्यायिक टीम पर भरोसा नहीं है। वर्तमान सीनियर न्यायाधीशों की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार मुस्लिम समाज के लोगों का मनोबल गिराने का काम कर रही है।

# हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

**सत्ता सुधार ■ कासगंज**

कासगंज के थाना सोरोंजी क्षेत्र के गांव मौजमपुर में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव गांव के बाहर एक खेत में पड़ा मिला है। उसके पास तमंचा भी पड़ा हुआ मिला है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। हालांकि पुलिस आत्महत्या के एंगल पर भी जांच कर रही है। परिजन ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। गांव मौजमपुर निवासी प्रमोद कुमार (50) पुत्र राजपाल का शव सोमवार की सुबह गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला। खेत पर काम करने गए ग्रामीणों ने जैसे ही शव देखा उन्होंने शोर मचाया। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, सीओ सिटी आंचल चौहान, थाना सोरोंजी प्रभारी जगदीश चंद्र ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रमोद कुमार के सिर में बाएं तरफ कान के ऊपर गोली का निशान था। तमंचा भी वहीं पड़ा हुआ मिला। प्रमोद कुमार के दाएं हाथ के पास ही उसका मोबाइल पड़ा मिला है।

**खेत में पड़ा मिला शव, पुलिस जांच में जुटी**

### प्रमोद पर दर्ज थे नौ मुकदमे

प्रमोद कुमार थाना सोरोंजी का हिस्ट्रीशीटर है। इसके खिलाफ हत्या सहित नौ मुकदमे पंजीकृत हैं। मृतक के परिजन ने प्रमोद कुमार की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि प्रमोद कुमार थाना सोरोंजी का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था।

### परिजनों को हत्या की आशंका

परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। बताया कि तमंचा पास में मिलने से आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा ,है क्योंकि उसके दाएं हाथ में विकार था। इसलिए वह बाएं हाथ से ही काम करता था और बाईं तरफ ही गोली का निशान है। प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि गोली बिल्कुल सटाकर चलाई गई है। हालांकि पुलिस भी विभिन्न एंगल पर जांच कर रही है।

# वजूखाना सर्वे केस में सुनवाई टली

### अब 10 दिसंबर को होगी सुनवाई

**सत्ता सुधार ■ प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट में बनारस स्थित ज्ञानवापी परिसर में कथित वजूखाने के एएसआई सर्वे की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। ज्ञानवापी से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की कोर्ट लंच के बाद सुनवाई के लिए नहीं बैठी। सुनवाई की अगली तिथि 10 दिसंबर को दोपहर दो बजे नियत की गई है। याचिका में ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना क्षेत्र की एएसआई सर्वे कराने की मांग की गई है। पिछली सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील सौरभ तिवारी की दलील दी थी कि कथित वजूखाना की एएसआई सर्वे से ही विवादित स्थल के धार्मिक चरित्र का निर्धारण सुनिश्चित होगा। वहीं मुस्लिम पक्ष की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थित बनाए रखने का आदेश दिया है। इस पर हिंदू पक्ष की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ शिवलिंग के सर्वे पर रोक लगाई है न कि पूरे वजूखाना की। 22 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष से कहा था कि स्पष्ट करिए कि किस भाग का व कितने क्षेत्र का सर्वे चाहते हैं। इस पर हिंदू पक्ष ने ई फाइलिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण तस्वीर, कागजात शपथपत्र के साथ न्यायालय में दाखिल किया। साथ ही सभी पक्षकारों को शपथपत्र की प्रति उपलब्ध कराई गई है।

**विवाहोत्सव की धूम** जानकी महल में भगवान का रूप बढ़ाएगा आकर्षण, भक्तों की जुटने लगी भीड़

# पांच किलो सोने के आभूषण धारण करेंगे सीता-राम

**सत्ता सुधार ■ अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में श्रीराम विवाहोत्सव का रंग चटख हो गया है। रामनगरी के मंदिरों में राम विवाहोत्सव की परंपरा पूरे भव्यता के साथ निभाई जाती है। माता जानकी का मायका कहे जाने वाले जानकी महल की तैयारियां उत्सव की भव्यता दर्शा रही हैं। जानकी महल में राम विवाह पर विराजमान भगवान श्रीसीताराम के विग्रह को पांच किलो सोने से निर्मित आभूषण धारण कराए जाएंगे। साथ ही बरात में लखनऊ की शहनाई गूजेंगी, राजस्थान का डांस ग्रुप व भगवान के स्वरूप आकर्षण का केंद्र होंगे। रामजन्म भूमि में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार श्रीराम विवाह का उत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी है। राम नगरी के अलग-अलग मंदिरों से छह दिसंबर को राम बरात निकाली जाएगी। श्रीसीता-राम विवाहोत्सव का मुख्य उत्सव छह दिसंबर को है। रामनगरी के चुनिंदा मंदिरों में राम विवाहोत्सव पूरे भाव-चाव से मनाया जाता है। रामनगरी के श्री जानकी महल ट्रस्ट में मिथिला पद्धति से विवाहोत्सव मनाया जाता है। यहां पर भगवान राम को दुल्हा सरकार और किशोरी जी को बेटी माना जाता है। फुलवारी लीला आकर्षण का केंद्र उत्सव का आगाज तीन दिसंबर को रामार्चा महायज्ञ, रामलीला और गणेश पूजन से होगा। चार को फुलवारी लीला होगी। आदित्य सुल्तानिया के अनुसार राम विवाहोत्सव के दौरान जानकीमहल में फुलवारी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होती है। जानकीमहल के मुख्य आगार के सम्मुख स्थापित मनोहारी फुलवारी को जनकपुर की उस फुलवारी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।



### इस बार उत्सव और भी खास होने जा रहा

इस बार जानकी महल में उत्सव और भी खास होने जा रहा है। जानकी महल के ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया बताते हैं कि दिल्ली की मशहूर रामलीला जो प्राण प्रतिष्ठा के समय रामलला के सम्मुख लीला कर चुकी है। उसी लीला मंडली के 40 कलाकार चार दिनों तक रामलीला का मंचन करेंगे। दूल्हा सरकार व किशोरी जी के लिए पांच किलो सोने से निर्मित आभूषण जैसे मुकुट, हार, कर्धन आदि बनवाए गए हैं, जो उन्हें धारण कराए जाएंगे।

**कलकत्ता की चाय पिएंगे बराती:** बरात में छह बग्घी, ऊंट, घोड़े, लखनऊ की शहनाई, दिल्ली की लाइटिंग आकर्षण का केंद्र होगी। बरात में विभिन्न प्रांतों के करीब एक हजार लोग शामिल होंगे। राधा, कृष्ण, शंकर पार्वती, व हनुमान के स्वरूप भी आकर्षण बढ़ाएंगे। झारखंड व राजस्थान के कलाकार प्रस्तुति देंगे। बनारस का काशी चाट भंडार इस बार भगवान राम की बरातियों की सेवा में शामिल होगा। साथ ही कलकत्ता के चाय, टोस्ट का लुत्फ भी बराती उठाएंगे।

# मथुरा पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े तीन बदमाश

## दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, कई वारदातों को दे चुके अंजाम

**सत्ता सुधार ■ मथुरा**

मथुरा पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर बैटरी चोरी करने वाले तीन बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी अरविंद कुमार ने बताया है कि रविवार देर रात रिफाइनरी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाश ऑटो में सवार होकर चोरी किए गए माल को ठिकाने लगाने के लिए जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया और बाद रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर ली। तीनों बदमाशों ने घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिसके चलते दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और घायल हो गए। पकड़े गए बदमाश कपूर उर्फ कपूरा निवासी फिरोजाबाद, समीर पुत्र कल्लू और राहुल पुत्र बासदेव खंदारी आगरा रहने वाले हैं। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ऑटो, दो अवैध तमंचा चार जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस, पांच बैटरी व वायर, नौ हजार की नकदी बरामद की है। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक़ साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100।
भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।